स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

शुभ दीपावली

कानपुर, सोमवार | 20 अक्टूबर, 2025 | कार्तिक मास कृष्ण पक्ष 14 | सं. 2082 वि. | वर्ष 37, अंक - 64 पृष्ठ 12 | संस्करण : महानगर

# दीपोत्सव में जीवंत हुआ 'त्रेता'

## योगी ने किया राम का राज्याभिषेक, दुनिया के लिए प्रेरणा बनी अयोध्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राम नगरी के सरयू तट पर रविवार को दीपों की अनगिनत पंक्तियों से अयोध्या की सजी शाम ऐसी दमक उठी, मानो स्वयं त्रेता युग धरती पर उतर आया हो। साथ ही रामकथा पार्क में श्रीराम और सीता के अवतरण और राज्याभिषेक का लाखों श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जैसे ही राम के रथ को खींचना शुरु किया पूरा पार्क जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। साथ ही संतों ने राम दरबार पर पुष्प वर्षा की तो मुख्यमंत्री ने भी संतों का अभूतपूर्व स्वागत किया। पुष्पवर्षा और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जब मुख्यमंत्री ने गुरु वशिष्ठ के साथ, भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन व हनुमान का पूजन और वंदन किया। साथ ही उन्होंने श्रीराम की आरती कर राज्याभिषेक कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने



कहा कि आज लाखो दीप यहां हो रहे हैं, जो हर भारतवासी के संकल्प का प्रतीक हैं।

यह केवल दीप नहीं हैं, यह दीप 500 वर्षों के अंधकार पर आस्था की विजय के प्रतीक भी हैं। जब हम यहां लाखों दीपों से अयोध्या धाम को जगमगा रहे हैं, तब हमें यह विस्मृत नहीं करना चाहिए कि इसी अयोध्या में राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान कांग्रेस ने शपथ पत्र में दिया था कि भगवान श्रीराम काल्पनिक हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर अयोध्या में गोलियां चलाई थीं। यह वही लोग हैं, जो मुगलों की कब्र पर जाकर सजदा करते हैं, लेकिन जब अयोध्या में रामलला विराजमान होने के कार्यक्रम में उन्हें निमंत्रण दिया जाता है, तो यह लोग राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकरा देते हैं। सीएम ने कहा कि यह दीपोत्सव इस बात का गवाह है कि आस्था को कोई राजनीति कैद नहीं कर सकती। अयोध्या सक्षम , स्वच्छ और आयुष्मान भी है। साथ ही सांस्कृतिक, आधुनिक और भावनात्मक भी है। आज पूरे भारत और दुनिया की आस्था यहां पर देखने को मिल रहा है। इसीलिए दुनिया यहां दर्शन करने के लिए आ रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जयवीर सिंह और राकेश सचान, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ संत, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### टूटे सभी रिकॉर्ड

रामनगरी में आयोजित दीपोत्सव ने पुराना सभी रिकॉर्ड तोड़ दिया। सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव का आयोजन कराया और साल दर साल इसे नई ऊंचाइयां दीं। दीपोत्सव ने प्रतिवर्ष नया कीर्तिमान स्थापित किया। नया कीर्तिमान बनाते हुए इस दीपोत्सव में 26,17,215 दीप जलाए गये। जबकि पिछले वर्ष यहां 25,12,585 दीपों से राम नगरी जगमगाई थी। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू मैया की आरती का रहा, जहां इस वर्ष एक साथ 2128 वेदाचार्यों व साधकों ने आरती की। ड्रोन से की गई दीपों की गणना के उपरांत दीपोत्सव ने नया कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया है। इस तरह रामनगरी ने फिर से वैश्विक रिकॉर्ड दर्ज किया। इसका प्रमाणपत्र पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह एवं प्रमुख सचिव ने मुख्यमंत्री को सौंप दिया।

## हमारे पूर्वजों ने दुनिया को संस्कृति-विज्ञान की शिक्षा दी, धर्मांतरण नहीं किया



**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि प्राचीन काल में भारतीयों ने संस्कृति और विज्ञान का प्रचार करने के लिए दुनिया भर की यात्रा की, लेकिन कभी किसी पर विजय प्राप्त नहीं की और न ही किया धर्मांतरण किया। आर्य

■ **संघ प्रमुख बोले सद्भावना व एकता रहा संदेश**

युग विषय कोष विश्वकोश के विमोचन के अवसर पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि कई आक्रमणकारियों ने भारत को लूटा और गुलाम बनाया, और हम पर आक्रमण करने वाले अंतिम आक्रमणकारियों ने भारतीयों के मन को लूटा।

मोहन भागवत ने कहा, हमारे पूर्वजों ने मेक्सिको से साइबेरिया तक यात्रा की और दुनिया को विज्ञान और संस्कृति की शिक्षा दी। उन्होंने न किसी का धर्मांतरण किया और न ही किसी पर विजय प्राप्त की। हम सद्भावना और एकता का संदेश लेकर गए। उन्होंने कहा, कई आक्रमणकारी आए और हमें लूटा और गुलाम बनाया। आक्रमण करने वाले अंतिम आक्रमणकारियों (अंग्रेजों ने) ने हमारे मन को लूटा। जिससे हम अपनी ताकत और दुनिया के साथ साझा करने की क्षमता भूल गए। भागवत ने कहा, आध्यात्मिक ज्ञान अभी भी फल-फूल रहा है और आर्यव्रत के वंशज होने के नाते हमारे पास विज्ञान और हथियार, शक्ति और सामर्थ्य, विश्वास और ज्ञान है।

### शुभकामनाएं

'दीपावली' पर्व के शुभ अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और वितरक बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश की सूचना

इस अवसर पर स्वतंत्र भारत प्रेस व कार्यालय में दिनांक 20.10.2025 व 21.10.2025 को अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक 23.10.2025 को प्रकाशित होगा।

– प्रबंधक

## बांके बिहारी मंदिर : 30 फीट नीचे तहखाने में पहुंची टीम

**मथुरा।** बांके बिहारी मंदिर में बने तोशाखाना में रविवार को दूसरे दिन भी खजाना खोला गया। मुख्य दरवाजे को ग्राइंडर से काटने के बाद टीम और

■ **खजाने में सोने-चांदी की छड़ी और बेशकीमती नग-सिक्के मिले**

कमेटी अंदर गई। इसके बाद सीढ़ियों के जरिए नीचे जाने वाला तहखाना भी मिला। खजाने में मुख्य दरवाजे के अंदर बने एक कमरे में लकड़ी के दो संदूक मिले, एक बड़ा और दूसरा छोटा। इस संदूक में कई बर्तन, कीमती नग और सिक्के मिले हैं। कमरे में लकड़ी का एक लंबा बक्सा मिला, जिसमें सोने की चमचमाती छड़ी और गुलाल लगी हुई चांदी की 3 छड़ें मिलीं। टीम सीढ़ियों से नीचे उतरकर तहखाने में भी गई। एक-एक करके कमेटी के सभी सदस्य तहखाने में उतरे। तहखाना एकदम साफ मिला। वहां कुछ नहीं था। खजाने के बारे में दिनेश गोस्वामी ने बताया- नीचे तहखाने तक सब क्लियर हो गया है।



जो छड़ियां मिली हैं, उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है कि मानो ठाकुर जी ने होली में चांदी की छड़ियों से रंग खेला होगा। होली के 4-5 दिन बाद धुरेली पर सोने की छड़ी धारण की होगी।

## चंद्रयान-2 ने पहली बार दी सूरज के प्रभाव की जानकारी

**चेन्नई।** चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर उतरकर इतिहास रचने वाले चंद्रयान-2 ने एक बार फिर नई जानकारी जुटाई है। सूर्य के चांद पर

■ **इसरो को मिली बड़ी सफलता**

पड़ने वाले असर का चंद्रयान-2 ने पता लगाया है। इसरो ने इसकी जानकारी साझा की है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्रमा के बाह्यमंडल, चंद्रमा के अत्यंत विरल वायुमंडल और उसकी सतह पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी। इसरो ने बताया कि भारत के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-2 के लूनर ऑर्बिटर ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी और पहली बार देखी गई घटना दर्ज की है। चंद्रयान-2 पर लगे वैज्ञानिक उपकरण चेस-2 ने सूर्य से निकलने वाले कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभावों को चंद्रमा के बाह्यमंडल यानी उसके बेहद पतले वायुमंडल पर सीधे देखा है। चंद्रयान-2 के अवलोकनों से पता चला है कि जब सूर्य का यह विशाल तूफान चंद्रमा से टकराया, तो चंद्रमा के दिन के समय के बाह्यमंडल का कुल दबाव अचानक बढ़ गया। इसरो के मुताबिक चेस-2 ने रिकॉर्ड किया कि वातावरण में परमाणुओं और अणुओं का घनत्व दस गुना से भी अधिक बढ़ गया था। चंद्रयान-2 पहला मिशन है जिसने इसे वास्तव में होते हुए देखा है। यह घटना 10 मई, 2024 को हुई जब सूर्य ने सीएमई की एक श्रृंखला अंतरिक्ष में फेंकी। चूंकि चंद्रमा के पास पृथ्वी की तरह कोई सुरक्षात्मक चुंबकीय क्षेत्र या सघन वायुमंडल नहीं है, इसलिए सीएमई के आवेशित कण सीधे चंद्रमा की सतह पर टकराए। इन कणों की टक्कर से चंद्रमा की सतह से बड़ी संख्या में परमाणु और अणु उछलकर बाह्यमंडल में मुक्त हो गए, जिससे वातावरण अचानक फूल गया।

## फतेहपुर के पटाखा बाजार में भीषण आग

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले के लोधीगंज हाईवे किनारे लगी पटाखा बाजार में रविवार दोपहर 12 बजे करीब आग लग गई। आग लगते ही पूरा इलाका धमाकों से गूंज उठा। जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय मौके पर सिर्फ एक छोटी दमकल की गाड़ी और खरीदारों की भीड़ एकत्र थी। पटाखों के धमाकों से भीड़ में खलबली मच गई। इधर-उधर भागते लोग एक-दूसरे पर गिरकर चोटिल हुए। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, एक के बाद एक दुकानें आग की चपेट में आती चली गई। धमाके और धुंए के चलते हाईवे किनारे लोगों की भीड़ लग गई। इससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना पाकर सीओ सिटी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा।

## रायबरेली में मंदिर के पुजारी की हत्या

**रायबरेली।** यूपी के रायबरेली में शनिवार की देर रात बदमाशों ने कुल्हाड़ी से वार करके मंदिर के पुजारी की हत्या कर दी। सुबह उनका शव मंदिर के बाहर पड़ा मिला है। ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके घटना की जानकारी जुटाई। घटना सलोन कोतवाली क्षेत्र के मुर्तजानगर गांव की है। यहां कार्यदेवन मंदिर के पुजारी की हत्या हुई है। खबर फैली तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करके जानकारी जुटा रही है।

## सैम पित्रोदा ने लगाया चुनाव में हेराफेरी का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रवासी कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान ने एक बार फिर राजनीतिक बहस तेज कर दी है। उन्होंने दावा किया है कि भारत में चुनावों में हेराफेरी होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट इस सच्चाई को स्वीकार नहीं करते। पित्रोदा ने कहा, लोगों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की मांग करनी चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र की शुरुआत वहीं से होती है। आप जानते हैं कि चुनावों में गड़बड़ी होती है। हमारे पास इसके सबूत हैं, हम इसे समझते हैं। मैं ये बात लंबे समय से कह रहा हूं। कुछ लोग इसे गंभीरता से लेते हैं, कुछ नहीं। उन्होंने आगे कहा, चुनाव आयोग और वहां काम कर रहे वरिष्ठ लोग सब कुछ जानते हैं कि क्या हो रहा है। लेकिन आपको कोई सुनवाई नहीं मिलती। चुनाव आयोग नहीं मानता, सुप्रीम कोर्ट नहीं मानता। पित्रोदा ने सवाल उठाते हुए कहा, फिर क्या करें? देखिए, आपके पास अब विश्वविद्यालयों में जाकर बोलने की आजादी भी नहीं है। लेकिन यही भारत है जिसमें हम जी रहे हैं और सभी लोग इसे पसंद करते हैं। उनको और शक्ति मिले, मैं क्या कहूं?

## ओवैसी ने बिहार में उतारे 25 प्रत्याशी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए राजनीतिक दलों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएम आईएम) ने अपने 24 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी के बिहार अध्यक्ष अख्तरुल ईमान को अमौर (सीट 56) से फिर से मैदान में उतारा गया है, जहां से उन्होंने 2020 में जीत हासिल की थी। एआईएमआईएम का यह कदम इंडिया गठबंधन के लिए चुनौती पेश कर सकता है, खासकर उन विधानसभा क्षेत्रों में जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 17 प्रतिशत से अधिक है। पार्टी अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने हाल ही में सीमांचल का दौरा कर पार्टी की रणनीति पर जोर दिया था। पार्टी का मुख्य फोकस पिछड़े क्षेत्रों के विकास, शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर रहेगा। आने वाले दिनों में पार्टी द्वारा बाकी उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी, जिससे बिहार के चुनावी समीकरण और दिलचस्प हो सकते हैं।

## बच्चे के साथ आश्रय गृह में ही रहेगी नाबालिग मां

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग मां को बच्चे सहित राजकीय आश्रय गृह से मुक्त करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि उसे वयस्क होने तक वहीं रहना होगा। कोर्ट ने उसके स्वास्थ्य की निगरानी के लिए सीएमओ कानपुर को हर महीने कम से कम दो बार डॉक्टर भेजने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर एवं न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने नाबालिग लड़की की सास की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि नाबालिग पत्नी के साथ रहने से वयस्क पति भी पाक्सो अधिनियम के तहत दंडनीय अपराधों के लिए उत्तरदायी होगा। ट्रायल कोर्ट ने नाबालिग लड़की को वयस्क पति के साथ रहने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।




## 'वोटर से वोट लेकर वे कर गए किनारा!'

**नवकांत ठाकुर**

लोकतांत्रिक व्यवस्था में शासकों की कथनी–करनी के अंतर पर व्यंग्य कसते हुए काका हाथरसी लिखते हैं कि 'सारे जहाँ से अच्छा है इण्डिया हमारा / हम भेड़-बकरी इसके यह गड़ेरिया हमारा / वोटर से वोट लेकर वे कर गए किनारा / सारे जहाँ से अच्छा है इण्डिया हमारा।' वास्तव में देखा जाए तो बेहद आशाओं, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के साथ मतदान करने के बाद अगर उम्मीदें पूरी ना हों बल्कि पहले से भी अधिक मुश्किलों और दुश्वारियों का सामना करना पड़े तो मतदाता जिस तरह ठगा महसूस करता है उसका बेहद सटीकता से वर्णन करती इस कविता की पंक्तियों में इन दिनों दिल्लीवासियों के दिल से निकल रही आवाज को स्पष्ट महसूस किया जा सकता है। सच तो यह है कि दिल्लीवासियों ने पिछली सरकार के लगातार तीन कार्यकाल के अनुभवों से दुखी होने और विकास के बजाय हर क्षेत्र में विनाश की तस्वीर दिखाई पड़ने के बाद बड़ी उम्मीदों के साथ सत्ता में बदलाव करने का फैसला किया था। उम्मीद थी कि सिर्फ मुफ्तखोरी को बढ़ावा देकर सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत रखने वाले शासकों से छुटकारा मिलेगा और विकास की नई बयार बहेगी जिसमें सुविधाओं, सहूलियतों और विकास को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन जिस तेजी से ना सिर्फ इन उम्मीदों पर पानी फिरा है बल्कि पहले से उपलब्ध सुविधाओं से भी लोगों को हाथ धोना पड़ा है उसके बाद दिल्ली की अधिकांश जनता

**नज़र और नज़रिया**

काका के इन्हीं शब्दों को दोहराते हुए पूछ रही है कि क्या वोटर से वोट लेकर वह कर गए किनारा? ऐसा इसलिए क्योंकि चुनावी वायदों की बात ना भी करें और सिर्फ विधानसभा चुनाव से पहले और चुनाव के बाद की दिल्ली को देखें तो आम लोगों की परेशानियों और दुश्वारियों में लगातार इजाफा होता हुआ स्पष्ट नजर आ रहा है। बात करें सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की तो थोक के भाव में बसें इस कदर नदारद हो गई हैं कि कई रूट पूरी तरह बंद हो गए जबकि कई रूटों पर लंबे इंतजार के बाद कोई बस आती भी है तो उसमें घुसने भर की जगह भी नहीं होती। नतीजन बस स्टैंडों पर दैनिक यात्रियों का हुजूम उस घड़ी को कोसता दिखाई पड़ता है जब बदलाव के लिए मतदान किया था। यही स्थिति स्वास्थ्य व्यवस्था की है जहां मोहल्ला क्लीनिकों पर ताला लटक गया है जबकि सरकारी अस्पतालों में इलाज, दवा और जांच के नाम पर मरीज अक्सर कतार का हिस्सा बन कर रह जाते हैं और उनके हिस्से में कुछ भी नहीं आता। पानी की बात करें तो भूजल के दोहन पर पाबंदी है जबकि सप्लाई का पानी ऐसा है जिसमें धोने पर कपड़ा साफ तो नहीं होता अलबत्ता उस पर मैल और बदबू की परत अलग से चढ़ जाती है। जगह-जगह मलबे का ढेर, टूटी सड़कें, उफनते सीवर और बजबजाती नालियों के बीच मच्छरजनित बीमारियों ने कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कमोबेश यही स्थिति शासन के हर क्षेत्र में दिख रही है।

बहरहाल, अपने कार्यकाल के साठ में से आठ महीने गुजार चुकी दिल्ली की मौजूदा निजाम में आवाम की जो स्थिति है उसे दुष्यंत कुमार के शब्दों में कहें तो– 'कहाँ तो तय था चरागाँ हर एक घर के लिए / कहाँ चराग़ मयस्सर नहीं शहर के लिए।' आलम यह है कि बदलाव के लिए लोगों को प्रेरित करने वालों का एक बड़ा वर्ग भी वीरेंद्र खरे 'अकेला' के शब्दों में अब मानने लगा है कि– 'बढ़ते उपचारों का युग है, फिर भी बीमारों का युग है / ग़ैरों की सत्ता से बदतर, अपनी सरकारों का युग है / कर्तव्यों का भान किसे हो, ये तो अधिकारों का युग है।' जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।






## बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत चालक गंभीर

**स्वतंत्र भारत नवाबगंज उन्नाव-** थाना क्षेत्र सोहरामऊ में बीती रात एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हाइवे पर एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

सोहरामऊ थाना क्षेत्र के रुदवारा गांव निवासी शिवचंद उर्फ होरीलाल (30) किसी काम से हाइवे पर गए थे, तभी बजेहरा मोड़ के पास लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर निवासी स्वर्ण पाल सिंह (36) ने अपनी बाइक से उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में शिवचंद और बाइक सवार स्वर्ण पाल सिंह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने शिवचंद की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन जब तक उसे जिला अस्पताल ले जाते, शिवचंद ने सीएचसी पर ही दम तोड़ दिया। शिवचंद की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सोहरामऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी सावित्री और उनके दो बेटे अरुण व आशू तथा एक बेटी अंशिका का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरे घायल स्वर्ण पाल सिंह को उनके परिजन सीएचसी से अपने साथ ले गए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की दर्दनाक मौत

**स्वतंत्र भारत उन्नाव-** दही थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना दरोगा खेड़ा चैकी के पास हुई। मृतकों की पहचान गुमान खेड़ा, मौरावां निवासी 17 वर्षीय शिवम यादव और लोहानीपुर, मौरावां निवासी 40 वर्षीय मनोज के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे दोनों युवकों को गिरा देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही मनोज की मौत हो चुकी थी, जबकि शिवम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के समय दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था। टक्कर इतनी तेज थी कि शिवम का शव कुछ दूरी पर खंती में मिला, जबकि मनोज का शव सड़क किनारे बाइक के पास पड़ा था। आसपास के लोगों ने बताया कि हादसा देर शाम हुआ था, जब सड़क पर रोशनी कम थी और वाहन तेज गति से गुजर रहे थे। दोनों युवक शनिवार शाम उन्नाव शहर में अपना काम निपटाने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। दरोगा खेड़ा चैकी के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। रविवार सुबह दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए, जहां परिजनों ने उनकी शिनाख्त की। मृतक शिवम यादव अपने दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। मनोज अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। दोनों ही मजदूरी के लिए उन्नाव शहर आए थे। परिजनों ने प्रशासन से दोषी वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस ने शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत दो गंभीर

**स्वतंत्र भारत गंजमुरादाबाद उन्नाव-** कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका जुड़वा भाई और चाचा दोनों गंभीर घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कस्बे के मोहल्ला आनंदी टोला निवासी रामू पुत्र भूधर दिल्ली शहर में रहकर मजदूरी करता है। दीपावली त्योहार मनाने के लिए वह अपने घर लौट रहा था। रामू ने बीते शनिवार को देर रात नजदीकी कस्बा मल्लावां पहुंचने से पहले अपने जुड़वा भाई श्यामू को फोन कर बस स्टाफ बुलाया था। उसका भाई श्यामू और पारिवारिक चाचा धर्मेन्द्र उसे लिवाने कस्बा मल्लावां पहुंचे। जहां से तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर गंजमुरादाबाद लौट रहे थे। तभी रास्ते में हरदोई -उन्नाव मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर पुलिया के निकट सामने से तेज गति से आ रही डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तीनों घायलों को स्थानीय नजदीकी सरकारी अस्पताल लाई। जहां चिकित्सकों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। किंतु उन्नाव पहुंचते ही रामू के जुड़वा भाई श्यामू 17 वर्ष की मौत हो गई। जबकि भाई रामू व धर्मेन्द्र का लखनऊ में इलाज जारी है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। तहरीर मिलते ही विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मौत पति पर जहर देने का आरोप

**स्वतंत्र भारत पुरवा उन्नाव-** वजीरगंज थाना क्षेत्र में आसमा 38 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार दोपहर हुई इस घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने उसके पति हारून पर जहर देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसमा के पति हारून की वजीरगंज बाजार में टेलर की दुकान है। आसमा की शादी लगभग 18 साल पहले हुई थी और उसके तीन बेटियां तथा दो बेटे हैं। परिजनों के अनुसार, आसमा की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसे उल्टियां आने लगीं। परिवारजन उसे तुरंत पुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका की मां ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनकी बेटी को ससुराल वाले कई बार प्रताड़ित करते थे। आसमा ने फोन पर बताया था कि उसका पति उससे आए दिन झगड़ा करता था। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि उसे जहर देकर मारा गया है। घटना की सूचना मिलने पर आसमा के मायके पक्ष के लोग सदर कोतवाली क्षेत्र के कोरटबाग से मौके पर पहुंचे। मायके वालों ने पति हारून और उसके परिवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आसमा की ससुराल पक्ष से अक्सर कहासुनी होती थी। उन्होंने आशंका जताई कि किसी विवाद के बाद उसे जहर देकर मारा गया है। सूचना मिलने पर पुरवा कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव मौके पर पहुंचे। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि यह घटना संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। मृतका के मायके पक्ष के आरोपों के आधार पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। उन्होंने कहा कि यदि रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होती है, तो आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है।



## डॉन वास्को, डिवाइन मिशन स्कूल में मनाया गया दीपावली पर्व

**स्वतंत्र भारत उन्नाव-** कल्याणी देवी स्थित डॉन वास्को एवं डिवाइन मिशन स्कूल में दीपावली का पर्व धूम धाम से मनाया गया। विद्यालय के स्टाफ और बच्चों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की, प्रधानाचार्य प्रतिमा सहाय ने सर्व प्रथम राम दरबार की पूजा अर्चना की, उसके उपरांत दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रबन्धक शतायु सहाय व शिवानी सहाय ने दीपावली की शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम के जीवन से सत्य, धर्म, शांति, प्रेम, भाईचारा की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने अनेक आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। डांडिया नृत्य को विशेष रूप से सराहा गया। बाद में सभी सहयोगियों को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तरन्नुम, निदा, सोनी, आर पी ने विशेष सहयोग किया।



## अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा जरूरतमंद बच्चों को दिवाली उपहार भेंट किये

**स्वतंत्र भारत उन्नाव-** अभ्युदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ प्रभात सिन्हा ने अभ्युदय सेवा संस्थान के अंतर्गत संचालित मुस्कान घर के माध्यम से थाना ग्राम में दिवाली के सुअवसर पर पूर्व संध्या पर जरूरतमंद बच्चों को खुशियों की किट उपहार स्वरूप भेंट करते हुए कहा त्यौहार की खुशी सही मायने में तभी हर्ष और उल्लास के साथ सार्थक होती है जब आप से छूते चेहरों पर मुस्कान दिखे। संस्थान के संरक्षक प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव ने कहा बच्चों के चेहरे पर खुशी देख कर मन प्रसन्न होता है। पर्वों का सही अर्थ तभी है जब उल्लास और उमंग बच्चों और जरूरतमंदों के चेहरे पर भी दिखे। आशा एन जी ओ के नवीन मीरा ने बताया चूरा, खील, खिलौना, गट्टा, लड्डू, टॉफी के साथ पटाके और दियाली से भरी किट पाकर मनमोहक मुस्कान बच्चों के चेहरों पर बिखरी देख हमारी दिवाली खुशहाल हो गई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश वर्मा ने बताया कि परमनी, गढ़ा, रामसिंह खेड़ा, रग्घाखेड़ा, थाना आदि गांवों से चिह्नित लगभग आधा सैकड़ा बच्चे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, क्रिश गुप्ता, प्रियंक सिंह, शीर्षक प्रभात एवं समीक्षा पीहू ने खुशियों से भरी किट बांटने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## यातायात व्यवस्था बड़ा बदलाव जनपद अयोध्या के लिए रूट डायवर्जन

**स्वतंत्र भारत उन्नाव-** दीपावली पर्व के मद्देनजर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। नगर क्षेत्र और प्रमुख मार्गों पर 23 अक्टूबर तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

रूट डायवर्जन व्यवस्था

गंगानगर तिराहा से छोटा चैराहा और बड़ा चैराहा की ओर आने वाले ई-रिक्शा, ऑटो और हल्के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मौरावां और गंगानगर तिराहे से नगर की ओर आने वाले भारी वाहनों का आवागमन भी रोक दिया गया है। बांगरमऊ, सफीपुर, अजगैन और हसनगंज क्षेत्र से आने वाले भारी वाहनों को शहर की सीमाओं से बाहर ही रोका जाएगा। मौरावां और नगर नहरिया घाट से गलन्दखेड़ा चैराहा की ओर जाने वाले मार्ग पर भी किसी प्रकार के भारी वाहन का प्रवेश नहीं होगा।

**वैकल्पिक व्यवस्था**

प्रकाश गेस्ट हाउस, आई.बी.पी. चैराहा, हरदोई ओवरब्रिज, हुसैन नगर चैराहा और नगर नहरिया घाट से नगर में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इन मार्गों से आने वाले ई-रिक्शा और ऑटो को वैकल्पिक रास्तों से डायवर्ट किया जाएगा ताकि मुख्य बाजारों में जाम की स्थिति न बने।

**जनपद अयोध्या के लिए रूट डायवर्जन**

पुरवा तिराहा मोड़ और गलन्दखेड़ा चैराहा से लखनऊ या गोरखपुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहनों को मोहल्लाल गंज होते हुए पुरवा बाईपास या अन्य वैकल्पिक मार्गों से गुजारने के निर्देश दिए गए हैं।

**नागरिकों से अपील**

यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे जारी रूट डायवर्जन का पालन करें और अनावश्यक रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन न ले जाएं। निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर देहात समाचार

## पटाखा बाजार में अवैध भंडारण व सुरक्षा मानको के साथ खिलवाड़

### बारूद पर बैठकर चिंगारी से खेल

स्वतंत्र भारत उन्नाव- अब्बासपुर पटाखा बाजार में बड़े स्तर पर अवैध भंडारण व सुरक्षा मानको के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पटाखा बाजार के दुकानदार मानकों को ताक पर रख अवैध बारूद का कारोबार कर रहे हैं। दुकानदार मानक से कई गुना अधिक डंप किए गए अवैध पटाखा बारूद का उपयोग कर रहे हैं और बड़े स्तर पर जीएसटी चोरी कर राजस्व को लाखों-करोड़ों का चूना लगा रहे हैं। दुकानदार खुद प्रतिबंधित स्थान पर सिगरेट व माचिस का उपयोग कर अपने साथ-साथ दूसरों की जान से खिलवाड़ कर रहे, जिससे कभी भी कानपुर और अयोध्या हादसे से बड़ा हादसा हो सकता है। **पटाखा बाजार में अनियमितताएं** दुकानदार खुद प्रतिबंधित स्थान पर सिगरेट व माचिस का उपयोग कर अपने साथ-साथ दूसरों की जान से खिलवाड़ कर रहे है। दुकानदार मानकों को ताक पर रख कई गुना महंगे दामों में पटाखे बेच रहे हैं। करोड़ों-अरबों की जीएसटी चोरी कर कच्चे बिल पर बड़ा खेल हो रहा है। फायर वर्क्स दुकानो के बगल में क्लिनिक, मेडिकल स्टोर व खाने पीने के होटल, मोटर साइकिल सर्विस सेंटर संचालित हो रहा है, जो सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक है। **प्रशासन पर सवाल** कानपुर और अयोध्या हादसे के बाद भी प्रशासन नहीं जागा। फायर वर्क के संरक्षण में अब्बासपुर पटाखा बाजार में जीएसटी चोरी और पटाखा डंपिंग का कारोबार जारी है। लगातार हादसों के बाद प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

## दोस्त को गोली मारकर हत्या की रची थी झूठी कहानी, पुलिस ने भेजा जेल

**महोबा** थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नौसारा में बीते 14 अक्टूबर को रात्रि लगभग 8 बजे सूचना प्राप्त हुई थी कि दो बाइक सवार व्यक्ति गाँव जा रहे थेए तभी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चालक को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर डीआईजी सहित जनपदीय पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं घटना के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 237625 समीचीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा उक्त घटना के अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय स्वॉट एवं सर्विलांस प्रभारी शिवप्रताप सिंह एवं थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया था। रविवार को घटना का सफल अनावरण किया गया है। जांच में यह पाया गया कि मृतक का मित्र जो बाइक पर पीछे बैठा हुआ थाए उसी ने ही घटना कारित की है। स्वयं को बचाने के लिए उसने इस प्रकार की झूठी कहानी बताई थी। घटना के पीछे मुख्य वजह दोनों के बीच की व्यवसायिक प्रतिद्वंदिता थी। घटना में विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। प्रकरण में गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 103;1द्ध बीएनएस व 3;2द्ध5 एससी एसटी एक्ट व 3625627 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। घटना कारित करने वाले अभियुक्त प्रदीप राजपूत पुत्र गुलाब सिंह उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम नौसारा थाना चरखारी सम्बन्धित को मोहल्ला रूपनगर शमशान घाट में बने टीन शेड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है स इस दौरान अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक तमंचा देशी 315 बोर नाजायज व एक खोखा कारतूस 315 बोर नाल मे फसा हुआ व जिन्दा कारतूस 315 बोर व मृतक का मोबाइल फोन बरामद करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है ।

## रसूलाबाद में बड़ी कार्रवाई के बाद भी दिवाली पर मिलावटी मिठाइयों का धोखा जारी

**खाद्य विभाग की छापेमारी के बावजूद बाजार में बिक रही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नकली मिठाइयां**

रसूलाबाद कानपुर देहात। रसूलाबाद और आसपास के इलाकों में खाद्य विभाग ने दीपावली से पहले मिलावटी मिठाइयों के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई की जिसमें भारी मात्रा नकली खोया मिलावटी दूध आदि नष्ट किए गए। विभाग के अधिकारी कह चुके हैं कि मिलावटखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी फिर भी त्योहार की रौनक में मिठाइयों की बढ़ती मांग का फायदा उठाते हुए कई दुकानदार नकली और मिलावटी सामग्री की सप्लाई करने के साथ बेच भी रहे हैं। अब मिठाइयों में अखाद्य रंग एल्यूमीनियम वर्क और सस्ते रसायनों का इस्तेमाल आम हो गया है जो खाने वालों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। मिठाई दुकानों पर ग्राहक सतर्क रहने के बावजूद नकली मिठाइयां मिलने की शिकायतें बढ़ रही हैं।



खाद्य सुरक्षा अभियान के बावजूद त्योहारों पर मिलावट पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पाई है क्योंकि बाजार में मिठाई की मांग इतनी अधिक होती है कि मिलावटखोर नए.नए तरीके अपनाकर नकली मिठाइयां उपलब्ध कराते हैं। इस स्थिति को सुधारने के लिए सतत निगरानी डिजिटल पेट्रोलिंग और जनजागरूकता अभियान की जरूरत देखी जा रही है ताकि त्योहारों पर लोगों को शुद्ध और सुरक्षित मिठाई मिल सके ।

## सुगिरा में पोलों पर लगी स्ट्रीट लाइटे बनी है शोपीस, ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

**महोबा** जैतपुर विकासखण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुगिरा में पोलों पर लगी स्ट्रीट लाइटे शोपीस बनी हुई है स पूर्व के वित्तीय वर्षो में लाखों की लोकल स्ट्रीट लाइटों को लगाकर सरकारी धन को ठिकाने लगा दिए स शासन के गाइडलाइन अनुसार कुछ फरमे निर्धारित है फिर भी शासन की गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया है स ग्रामवासियों ने बताया कि सालों से लाइटें खराब है कोई सुनवाई नहीं है सुगिरा में रात्रि में प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है स ग्रामवासियों ने रात्रि में प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइटो को ठीक करवाने के लिए कई बार ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से कहा फिर भी गांव में प्रकाश व्यवस्था नही हो सकी क्योंकि रात्रि में आम रास्ताओं में अंधेरा पड़ा रहता है स जिससे आने जाने में ग्रामीणों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स अंधेरे में लोगों को चोरों डर व्याप्त रहता है कि कहीं चोरी न हो जाए। ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइटें लगाई गई फिर भी फिर शासन द्वारा लाखों रुपया खर्च होने के बाबजूद स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ीं हुयी है स ग्रामीणों का कहना है कि स्ट्रीट लाइटें सिर्फ पोलों में शोपीस लगी नजर जरुर आ रही है स शासन का लाखों रुपया खर्च करने बावजूद प्रधान एवं सचिव की मिली भगत से शासन की योजनों को लगाया जा रहा चूना अब देखना ये है प्रशासन स्ट्रीट लाइटों को कब ठीक करवाता है दीपावली त्योहार को देखते हुए और कब गांव में प्रकाश व्यवस्था होंगी जो कि शासन की योजना के तहत पहली प्राथमिकता हर घर नल हर घर जल एवं स्ट्रीट लाइट प्रकाश व्यवस्था है फिर ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों की उम्मीद पर फिर गया है न पानी और न स्ट्रीट लाइटें ठीक की जिससे ग्रामीणों की दीपावली अंधेरे में मनेगी स गांव में कूड़ा सफाई के नाम लाखों रुपये की धनराशि का पेमेंट कर लिया गया है और गांव में कहीं कूड़ा सफाई भी नहीं की गई है

## आमने.सामने टकराएं ऑटो और बाइक तीन गंभीर

माती कानपुर देहात। मंगलपुर थाना क्षेत्र के जैतापुर मोड़ महाविद्यालय के पास रविवार को बाइक और ऑटो में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक और ऑटो सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। रूरा थाना क्षेत्र के सिरकोड़ा निवासी रिंकू 25 वर्ष नोएडा में काम करते हैं दीपावली में वह सिकंदरा से ऑटो पर सवार होकर झींझक की ओर जा रहे थे ।रिंकू ऑटो में आगे सीट पर बैठे हुए थे ।बताया जाता है कि ऑटो ओवरलोड था । जैतापुर के पास बाइक व ऑटो में जोरदार ग्रंथ हो गई जिसमें रिंकू व मोटरसाइकिल से जा रहे अफसरिया की मड़ैया थाना राजपुर निवासी अरुण 35 वर्ष व राधे 26 वर्ष निवासी लक्ष्मणपुर थाना रूरा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे मंगलपुर इंस्पेक्टर महेश कुमार ने सभी को हवासपुर अस्पताल पहुंचाया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉण् गुफरान ने तीनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एक ही गांव में हुई तीन मौतों से मचा हड़कंप

माती कानपुर देहात।।। डेरापुर क्षेत्र सनिहाँपुर अहिरान गांव में पिछले चार दिनों में संक्रमण फैलने से तीन लोगों की मौत हो गईए जबकि दो दर्जन से अधिक लोग बीमार हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि समय पर चिकित्सा सुविधा और जांच नहीं होने से स्थिति बिगड़ी। मरीजों में बुखारएउल्टी और कमजोरी जैसे लक्षण दिख रहे हैं सनिहाँपुर अहिरान गांव में पहुंची पूर्व विधायिका मिथिलेश कटियार ने जताई चिंतापूर्व विधायिका मिथिलेश कटियार ने एक गांव में फैली गंभीर बीमारी को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि डेंगू जैसी बीमारियों के कारण लगभग हर परिवार प्रभावित हैए और करीब 150 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। पिछले दो दिनों में तीन लोगों की मौत हो चुकी हैए जिससे कई परिवार उजड़ गए हैं। वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ विवेक द्विवेदी ने बताया कि गांव में डेंगूए मलेरिया जैसी बीमारियों का प्रकोप बहुत अधिक हैए जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग बीमार हैं। उनका दावा है कि छोटे बच्चों और बड़ों को मिलाकर 100 से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हैं।

## शिकायतों के निस्तारण के लिए कर सकते है सम्पर्क

महोबा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नें बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में धनतेरसए दीपावलीए गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज आदि के दृष्टिगत आम जनमानस को होने वाली समस्याओं की शिकायतों के निस्तारण हेतु डिस्ट्रिक्ट ई.गवर्नेन्स सेल कक्ष सं0 21 कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम अग्रिम आदेशों तक स्थापित किया गया हैए जिसके दूरभाष नं0 05281.298431ए 05281.298432ए 05281.298433 व 05281.254902 है। उक्त कंट्रोल रूम के नम्बरों पर समय प्रातः 6 से रात्रि 10 तक आम जनमानस द्वारा अपनी शिकायतों के निस्तारण किये जाने हेतु सम्पर्क किया जा सकता है।

## बिहार जाने वाली ट्रेनें खचाखच, गेट से लेकर शौचालय तक फुल



**कानपुर।** बिहार की ओर से आने वाली सभी ट्रेनों में दिव्यांग कोच से लेकर शौचालयों तक में लोग बैठकर सफर कर रहे हैं। सीट आरक्षित होने के बाद भी कई यात्रियों को सीट नहीं मिल सकी। दिल्ली से वैशाली, बिहार सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस, ग्वालियर बरौनी जैसे ही सेंट्रल स्टेशन पहुंची तो यात्रियों को घुसने की जगह नहीं मिली। कुछ यात्री लड़ाई-झगड़ा करके ट्रेन के अंदर घुसे। इसके बाद बैठने की जगह नहीं मिली। कोच में खड़े होने को लेकर भी झगड़े होते देखते गए। यात्रियों ने बताया कि उनकी सीट आरक्षित थी, लेकिन उनकी सीट पर चार यात्री बैठे थे। उठने के लिए कहा तो वह झगड़े पर उतारू हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस भी सीट तक नहीं पहुंच पाई। जमीन पर बैठकर ही कानपुर तक आए। इसी तरह आम्रपाली एक्सप्रेस, सीमांचल एक्सप्रेस, जोगबनी एक्सप्रेस, आगरा इंटरसिटी समेत अन्य ट्रेनों में स्लीपर से लेकर जनरल कोच यात्रियों की भीड़ से ठसाठस भरे दिखाई दिए। दिल्लीए बिहार, मुंबई और गुजरात रूट की ट्रेनें जैसे ही सेंट्रल स्टेशन पर रुकी तो, यात्री इमरजेंसी दरवाजे खोलकर अंदर घुसे। इस दौरान कई यात्रियों की शर्ट फट गई तो कोई चोटें आ गईं। सेंट्रल स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी के जवान दिखाई दिए, लेकिन भीड़ के आगे वह भी बेबस दिखे।

# जेके कैंसर हॉस्पिटल परिसर में खून से लथपथ हालत में मिला किसान का शव

**-सीने पर गहरे जख्म, किसान का मोबाइल गायब**

**-सीसीटीवी फुटेज में दिखे दो युवक, पुलिस जांच में जुटी**



**कानपुर।** पत्नी का ईलाज कराने आए किसान की जेके कैंसर हॉस्पिटल परिसर में चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई। वह 2 दिन से लापता थे। परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद उनकी तलाश कर रहे थे। सूचना पर पहुंची स्वरूप नगर पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज मिला है। जिसमे बाइक सवार 2 लोग किसान को अस्पताल से बाहर ले जाते हुए दिख रहे हैं। वहीं घरवालों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

औरैया बहादुरपुर सहार निवासी राजकुमार सिंह राजावत किसान थे। उनकी पत्नी अनीता देवी का मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल में पिछले एक माह से इलाज चल रहा है। बेटी नम्रता ने बताया कि दो दिन पहले पापा रात करीब 9 बजे खाना खाने की बात कह कर अस्पताल से निकले थे। देर रात वह नहीं लौटे। उन्हें फोन किया तो वह बंद था। हम लोगों अस्पताल के अंदर और बाहर खोजा। गांव और रिश्तेदारों को फोन किया। सभी से पापा के बारे में पूछा, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। शनिवार को स्वरूप नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। रविवार सुबह किसी ने पुलिस को फोन किया। कॉल करने वाले ने बताया कि जेके कैंसर हॉस्पिटल परिसर में एक लाश पड़ी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची फिर हम लोगों को जानकारी दी गई। बेटी ने बताया कि पापा के सीने पर गहरे घाव थे। ऐसा लग रहा था कि उन पर चाकू से हमला किया गया है। पापा का मोबाइल फोन गायब था। बेटे विशाल ने बताया कि 2 साल पहले गांव के बृजेश उर्फकल्लू का मर्डर हुआ था। हत्या का आरोप राजकुमार के चाचा गजेन्द्र सिंह पर है। वह वर्तमान में जेल में बंद हैं। राजकुमार अपने चाचा की पैरवी कर रहे थे। विशाल ने आशंका जताते हुए कि शायद उन्हीं लोगों ने मेरे पिता की हत्या की होगी। क्योंकि वह पैरवी करने के कारण मेरे पिता से नाराज रहते थे। एसीपी स्वरूप नगर सुमित सुधाकर रामटेक ने बताया कि डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास की दुकानों और अस्पताल के सीसीटीवी देखे गए हैं। एक सीसीटीवी में राजकुमार बाइक सवार दो युवकों के साथ जाते दिखाई दिए हैं। फिलहाल पुलिस फुटेज के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान में जुटी है।

## जेल से बाहर आते ही दीनू गैंग के सदस्य फिर गिरफ्तार



कानपुर। दीपावली के एक दिन पहले जेल से बाहर आए अनूप शुक्ला को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। तीन माह पूर्व रंगदारी के मामले में जेल गए दीनू गैंग के सदस्य अधिवक्ता अनूप शुक्ला को रविवार को नौबस्ता पुलिस ने जेल से छूटते ही फिर से गिरफ्तार कर लिया। नौबस्ता पुलिस ने यह कार्रवाई कूटरचित दस्तावेजों से धोखाधड़ी, धमकाने और रंगदारी के मामले में की है। आरोपित अधिवक्ता ने मामले में कोर्ट में पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में सरेंडर किया था। सीसामऊ से रंगदारी के मुकदमे में फरार चल रहे अधिवक्ता अनूप शुक्ला के घर की पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 20 अगस्त को कुर्की की थी। इस दौरान पुलिस को चकमा देकर अधिवक्ता ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया गया जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। रविवार सुबह करीब आठ बजे अधिवक्ता अनूप शुक्ला को जेल से जैसे ही रिहा किया गया नौबस्ता पुलिस ने कूटरचित दस्तावेजों से धोखाधड़ी, धमकाने और रंगदारी के मामले में गिरफ्तार कर लिया। नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपित अधिवक्ता को जेल गेट से गिरफ्तार किया गया है उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

# भीमसेन के पास क्लोन हमसफर एक्सप्रेस में पथराव

**-चालक ने कंट्रोल में दी सूचना**

**-आरपीएफ ने मामला दर्ज कर शरारतीत्तवों की तलाश में जुटी**

**कानपुर।** अहमदाबाद से दरभंगा जा रही क्लोन हमसफर एक्सप्रेस में भीमसेन के पास अज्ञात लोगों द्वारा पथराव कर दिया गया। यह देख यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। पथराव के कारण ट्रेन के ड्राइवर के पास वाली खिड़की का शीशा टूट गया। अज्ञात शरारती तत्वों ने भीमसेन होर्डिंग लाइन पर ट्रेन में पथराव किया। पथराव की घटना के तुरंत बाद ड्राइवर ने कंट्रोल रूम को सूचित किया। पथराव की सूचना मिलते ही कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर आरपीएफ जवानों ने तुरंत ट्रेन को अटेंड किया। हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन को कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-पांच पर लाया गया, जहां सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि पथराव की यह घटना झांसी मंडल के अंतर्गत हुई है, लेकिन ट्रेन को सुरक्षा कारणों से कानपुर सेंट्रल पर अटेंड किया गया है। पथराव करने वाले अज्ञात लोगों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। आरपीएफ और रेलवे पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आरपीएफ अधिकारी ने बताया कि जानकारी मिली है। शनिवार शाम सात बजे के बाद अहमदाबाद से दरभंगा फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन कानपुर के भीमसेन स्टेशन को पार करने के बाद कानपुर सेंट्रल की तरफ जा रही थी तभी गोविंदपुरी से पहले सिग्नल पर गाड़ी को रोक दिया गया था। यहां पर गाड़ी काफी समय तक खड़ी रही, तकरीबन एक से डेढ़ घंटे तक गाड़ी खड़ी रहने के कारण यात्री नीचे उतर आए। यात्री इंजन के पास तक पहुंच गए ट्रेन ड्राइवर से कुछ यात्री ट्रेन ना चलने का कारण पूछने लगे। इसके बाद कुछ बातचीत के बाद वहां मौजूद कुछ यात्रियों ने ही ट्रेन के इंजन पर पत्थर फेंके हैं। पत्थर लगने से इंजन की खिड़कियों के शीशे टूट गए । ड्राइवर सुदामा कुमार ने और उनके सहायक संजीव ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। इस पूरे मामले में जांच की जा रही है। मामले में आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। किसने पत्थरबाजी की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



## दीपावली पर चिड़ियाघर में उल्लू की सुरक्षा करेंगे वनकर्मी



कानपुर। दीपावली पर चिडियाघर में उल्लू वन कर्मियों की सुरक्षा में रहेंगे। उनके बाड़ों के बाहर पहरा रहेगा। अन्य वन्यजीवों को भी पटाखों व आग से बचाने को लेकर निगरानी रहेगी। सीसीटीवी से बाडों पर नजर रखने के साथ वनकर्मी गश्त करते रहेंगे। आतिशबाजी के दौरान चिंगारी से चिड़ियाघर के वन्यजीवों को नुकसान न हो, इसके लिए पानी व अग्निशमन यंत्र के साथ चौकसी बरती जाएगी। दीपावली पर अंधविश्वास के चलते उल्लू की जान आफत में पड़ जाती है। इनके अंगों का उपयोग तंत्र-मंत्र में किया जाता है। इसको लेकर वन विभाग ने चौकसी बढ़ा दी है, चिड़ियाघर प्रशासन ने भी सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। चिड़ियाघर में 20 उल्लू हैं, इनके बाड़ों के बाहर वन कर्मियों को तैनात करने के साथ ही हर गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लू न केवल वन्य जीव संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी बेहद खतरनाक है। उल्लू पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसी को देखते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

दीपावली पर चिड़ियाघर में वन्यजीव पटाखों की आवाज से सहम सकते है, इसके लिए चिड़ियाघर निदेशक डॉ कन्हैया पटेल ने जू कीपरों को उनके आसपास रहने तथा देखभाल करने के निर्देश दिए गए हैं। चिड़ियाघर 1200 से अधिक वन्यजीव हैं। इनमें काले हिरण सहित हिरण प्रजाति के वन्यजीव शोर से सहम जाते हैं। लोगों से अपील भी की गई है कि आतिशबाजी करते समय इस बात का ध्यान रखे कि राकेट व अन्य पटाखों की रुख चिडियाघर की तरफ न रहे। वहीं वन विभाग ने भी वन कर्मियों को ऐसे स्थानों पर सतर्कता बढाने को कहा हैए जहां अवैध रूप से पक्षियों का कारोबार होता है।

## विश्वविद्यालय में पहली बार मनाया गया दीवाली मिलन समारोह



**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में पहली बार दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ दिवाकर अवस्थी की पहल पर हुए इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों, स्टाफ और कर्मचारियों ने भाग लिया। यह आयोजन पंचदिवसीय महापर्व दिवाली के अवसर पर हुआ। विभाग के शिक्षकों, स्टूडियो स्टाफ और कर्मचारियों के साथ-साथ दीन दयाल शोध केंद्र के आचार्य एवं कर्मचारियों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी गई और विभाग के कर्मचारियों को दिवाली के उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने एकता, टीमवर्क और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ दिवाकर अवस्थी ने कहा कि दीपावली दिलों को जोड़ने का पर्व है। उन्होंने विभाग की प्रगति के लिए सभी को एक परिवार की तरह मिलकर काम करने का आह्वान किया और सभी साथियों को उज्जवल भविष्य व सुख-समृद्धि की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सहायक विभागाध्यक्ष डॉ ओम शंकर गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ योगेंद्र कुमार पांडेय, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जितेंद्र डबराल, डॉ हरिओम, डॉ रश्मि गौतम, प्रेम किशोर शुक्ला, सागर कनौजिया और अजीत सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर में संचालित हो रही थी अवैध तरीके से मिनी क्लीनिक

**-सम्पूर्ण समाधान दिवस में पीड़ित ने डीएम से की थी शिकायत**

**-सीएमओ ने की जांच, किया गया सीज**



**कानपुर।** शहर के एक मेडिकल स्टोर में मिनी क्लीनिक चल रही थी। इसकी शिकायत डीएम से की गई। सीएमओ जब मेडिकल स्टोर पर पहुंचे तो वो भी चौंक गए। सही में मेडिकल स्टोर के अंदर क्लिनिक का संचालन हो रहा था। जिसके बाद अवैध क्लीनिक को सीज कर दिया गया।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सरसौल के बाजखेड़ा गांव निवासी पंकज ने शिकायत की कि रामपुर रोड पर सैयद बाबा मजार के पास नारायण मेडिकल स्टोर पर विजय यादव और अन्य लोग अवैध क्लिनिक और पैथोलॉजी चला रहे हैं। डीएम ने तुरंत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिदत्त नेमी को जांच के लिए भेजा। सीएमओ जब मेडिकल स्टोर पर पहुंचे तो देखा अंदर सही में क्लिनिक का संचालन हो रहा था। जांच में पाया गया कि मेडिकल स्टोर में दो मरीज राम मनोहर और माया देवी का इलाज चल रहा था। राम मनोहर को ड्रिप चढ़ाई जा रही थी। सीएमओ ने दोनों मरीजों को सरसौल सीएचसी भिजवाया और अवैध क्लिनिक को सील कर दिया। दवाओं और लाइसेंस की जांच के लिए ड्रग इंस्पेक्टर को कार्रवाई के निर्देश दिए। इससे पहले भी कानपुर में अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक पकड़े गए हैं, लेकिन मेडिकल स्टोर के अंदर क्लिनिक यह पहली बार दिखाई पड़ा। शिकायतकर्ता ने यह आरोप भी लगाया था कि यहां पर पैथोलॉजी का काम भी किया जाता है। अजय यादव हैलेट अस्पताल में संविदा कर्मचारी हैं। वहां से दवा लाकर मेडिकल स्टोर से महंगे दामों पर मरीजों को बेचता है। प्रशासन द्वारा सभी शिकायतों की जांच कराई जा रही है।

## मेट्रो ने दीपावली पर तीन स्टेशनों पर पुस्तक मेलों का किया आयोजन



कानपुर। यात्रियों के अनुभव को और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से मेट्रो ने दीपावली के अवसर पर अपने तीन प्रमुख स्टेशनों कानपुर सेंट्रल, बड़ा चौराहा और मोतीझील पर डेढ़ माह तक चलने वाले पुस्तक मेलों का आयोजन किया है। विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आयोजित ये मेले नवंबर अंत तक जारी रहेंगे। साहित्य, कला, विज्ञान, वित्तीय प्रबंधन, सामान्य ज्ञान, प्रेरणादायक साहित्य तथा स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों की जीवनियां इन मेलों में उपलब्ध हैं। बच्चों व किशोरों के लिए शिक्षापरक पुस्तकें, कॉमिक्स, मांगा सीरीज, हैरी पॉटर और सुपरहीरो पुस्तकों के साथ मोटिवेशनल पोस्टर व आकर्षक स्टेशनरी भी प्रमुख आकर्षण हैं। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा इन मेलों का उद्देश्य पुस्तक पढ़ने की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। यात्रियों द्वारा इनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया जा रहा है।

## खबर एक नजर

### छोटी दिवाली पर बाजारों में रही रौनक



कानपुर। छोटी दिवाली पर बाजारों में खूब रौनक रही। मिठाइयों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी, वहीं घरों की सजावट के सामानों की भी जमकर बिक्री हुई। लोगों में अपने घरों को सजाने और रोशन करने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। बाजार में एलईडी लाइटें, झालरें और ओम लॉकेट जैसे सजावटी सामानों की बड़े पैमाने पर खरीदारी की गई। खरीदारों ने अपने घरों में रौनक बढ़ाने और हर कोने को जगमगाने के लिए इन वस्तुओं की भारी मात्रा में खरीदारी की। इस बंपर बिक्री से व्यापारियों के चेहरे पर भी खुशी साफ दिखी। इसी तरह शहर में सजे पटाखा बाजारों में इस बार नए नए नाम के पटाखों की मांग जोरों पर हैं। बृजेंद्र स्वरुप पार्क में सजे पटाखा बाजार में ड्रोन, हेलीकॉप्टर और बटरफ्लाई वाले पटाखे धूम मचाए हुए हैं। यह पटाखे ऐसे हैं, जिनमें आग लगाने के बाद यह ड्रोन व हेलीकॉप्टर की तरह आसमान में कुछ ऊंचाई तक जाकर रोशनी करेंगे।

### दीवाली पर्व पर अस्पतालों में किए बेड आरक्षित



**कानपुर।** दीपावली पर्व पर बाजारों में अत्यधिक भीड़ रहती है तथा घरों व मैदानों में पटाके व आतिशबाजी छुडाई जाती है। दीपावली वाले दिन लोग घरों व प्रतिष्ठानों में दीप व मोमबत्ती आदि जलाते हैं, जिससे आग लगने व घायल होने की सम्भावना बनी रहती है। जिसे देखते हुए यूएचएम में 20 पलंग, एलएलआर में 30 बेड, केपीएम में 10 बेड, कांशीराम चिकित्सालय 10 बेड एवं सीएचसी पर 5-5 बेड आरक्षित रखे गये हैं। इसके अलावा बर्न वार्ड को आवश्यक उपकरण - दवाओं आदि से सुसज्जित रखने, विशेषकर बर्न व ऑख की दवाओं की उचित व्यवस्था आकस्मिक कक्ष व वार्डों में रखते हुये सर्जन व नेत्र शल्यक को रिजर्व ड्यूटी पर रखने हेतु व्यवस्था की गयी है। यह बात मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरिदत्त नेमी ने कही।

### जल जाने पर बरते सावधानियां

सीएमओ ने बताया कि जल जाने पर रोगी के जले हुए पार्ट को रनिंग वाटर से धोए एवं हल्के ठण्डे पानी में धो सकते हैं बर्फ से सिकाई न करें।

जल जाने व घायल होने पर उपचार हेतु अपने निकटतम चिकित्सा इकाई पर जैसे ब्लाक स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं शहरी क्षेत्र में एलएलआर चिकित्सालय, यूएचएम चिकित्सालय, कांशीराम चिकित्सालय एवं केपीएम चिकित्सालय में 108 अथवा 102 एम्बूलेंस सेवा से चिकित्सालय पहुंचकर तत्काल उपचार कराएं।

### सिफी इनफिनिट ने दाखिल किया डीआरएचपी

कानपुर। भारत में डाटा सेंटर कोलोकेशन सेवाओं के अग्रणी प्रदाताओं में से एक सिफी इनफिनिट स्पेसेस लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 तक निर्मित सूचना प्रौद्योगिकी क्षमता के संदर्भ में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में कुल 2,500 करोड़ रूपए तक के नए इक्विटी शेयरों का निर्गम और विक्रय शेयरधारकों-कोटक डाटा सेंटर फंड और कोटक स्पेशल सिचुएशंस फंड द्वारा कुल 1,200 करोड़ रूपए तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। बीआरएलएम के परामर्श से सिफी इन्फिनिट स्पेसेस, कंपनी रजिस्ट्रार के पास रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करने से पहले, लागू कानून के तहत अनुमत 500 करोड़ रूपए तक की निर्दिष्ट प्रतिभूतियों का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट करने पर विचार कर सकता है। यदि ऐसा किया जाता है तो ऐसे प्री-आईपीओ प्लेसमेंट से जुटाई गई राशि नए निर्गम के आकार से कम कर दी जाएगी।

## खबर एक नजर

### कथा का पूजन 24 को

इटावा। आचार्य शान्तनु महाराज के मुखार बिन्द से रघुकुल शिरोमणि दशरथ नन्दन श्रीराम कथा का आयोजन 18 से 26 नवम्बर तक किया जा रहा है। जिसका समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। जिसका भूमि पूजन 24 अक्टूबर दिन शुक्रवार सुबह 9 बजे नुमाइश पंडाल में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम का आयोजन सेवा भारती इटावा की ओर से किया जा रहा है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से नौ वर्षीय मासूम झुलसी

चकरनगरए इटावा। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक गांव की नौ वर्षीय मासूम बुरी तरह झुलस गई। आननण्फानन में स्वजनों के द्वारा निजी अस्पताल चकरनगर लाया गयाए जहां से डाक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए सैफई के लिए रेफर कर दिया है। थाना चकरनगर के गांव नौगवां निवासी दीपू सिंह की नौ वर्षीय बेटी तान्या शुक्रवार संध्या काल छत पर खेल रही थीए इसी दौरान समीप से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। स्वजन घायल को कस्बा के निजी अस्पताल ले गए जहां से डाक्टरों ने सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया है। घायल के पिता दीपू सिंह ने शनिवार दोपहर को बताया कि सैफई में विशेषज्ञ डाक्टरों की निगरानी में उपचार चल रहा है। हालत नाजुक बताई गई है।

### शादी का झांसा देकर महिला सिपाही से संबंध

इटावा। एक महिला सिपाही को शादी का झांसा देकर संबंध बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि युवक ने आठ साल तक महिला सिपाही को अपने झूठे वादों में फंसाए रखा और पिछले तीन साल से उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा। शादी से इंकार करने पर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र निवासी महिला सिपाहीए जो वर्तमान में बाराबंकी जनपद में तैनात हैए ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2017 में वह एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करती थी। उसी कोचिंग सेंटर में थाना बढ़पुरा क्षेत्र के ग्राम उदी निवासी रोहित भी पढ़ता था। पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई जो धीरे.धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। महिला सिपाही के अनुसारए पुलिस सेवा में भर्ती होने के बाद उसने कई बार रोहित से शादी करने की बात कीए लेकिन वह हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर बात टाल देता रहा। इसी दौरान वह झूठे वादों के सहारे उसे बहकाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब महिला सिपाही ने उससे शादी के लिए अंतिम बार कहा तो उसने साफ इंकार करते हुए कहा कि उसके परिवार वाले इस रिश्ते को स्वीकार नहीं करेंगे। धोखा मिलने के बाद महिला सिपाही ने फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सीओ सिटी अभय नारायण राय ने बताया कि महिला सिपाही की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### प्रेमिका की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी

इटावा। भरथना क्षेत्र के राजागंज गांव में शनिवार देर रात एक विवाहित युवक ने प्रेम संबंध के चलते आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शिवम शर्मा के रूप में हुई हैए जो दो बच्चों का पिता था। परिजनों का आरोप है कि प्रेमिका की मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर शिवम ने फांसी लगा ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। परिवार ने मृतक की प्रेमिका पूनम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों के मुताबिकए पूनम सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में नर्सिंग कोर्स कर रही है और पिछले तीन सालों से शिवम के संपर्क में थी। आरोप है कि वह उसे डरा.धमकाकर पैसे और जेवर वसूलती थी। परिजनों का कहना है कि पूनम ने ही उसके जीवन को बर्बाद कर दिया। मृतक की पत्नी शालू शर्मा ने बताया कि परिवार उसकी बहन के इलाज के लिए इटावा के एक अस्पताल में था। इसी बीच पूनम ने फोन कर शिवम को घर बुलाया।शालू ने कहाए मेरी देवरानी मधु ने उसे मना किया थाए लेकिन वह घर लौट गया। कुछ देर बाद उसने कमरे में फांसी लगा ली। जब तक लोगों ने दरवाजा तोड़ाए तब तक बहुत देर हो चुकी थी। शिवम की बहन मधु शर्मा ने बताया कि पूनम लंबे समय से उसके भाई से पैसों और जेवरों की मांग कर रही थी। उसने कई बार पूनम को समझाया कि शिवम शादीशुदा हैए उसके दो बच्चे हैंए लेकिन पूनम नहीं मानी।मधु ने कहाए श्वह अक्सर धमकाकर उससे पैसे वसूलती थी। उसने मेरे भाई को इतना परेशान कर दिया कि उसने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही भरथना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों के आरोपों के आधार पर पुलिस ने प्रेमिका पूनम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।भरथना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि श्प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा हैए लेकिन परिजनों के आरोपों की जांच गंभीरता से की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। तीन बहनों के इकलौते भाई शिवम शर्मा की मौत से परिवार सदमे में है। पत्नी शालू और बहन मधु ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। गांव में इस दर्दनाक घटना की चर्चा है। लोग इसे ष्प्रेम और वसूली का खेलष् बताकर दुख जता रहे हैं।

### मुलायम सिंह यादव को 300 किमी दंडवत यात्रा से श्रद्धांजलि

इटावा। नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के प्रति अटूट श्रद्धा और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रविवार को सैफई में देखने को मिला। मध्य प्रदेश के छतरपुर और उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के दो युवाओं ने नेताजी की स्मृति में 43 दिन तक दंडवत यात्रा कर छतरपुरए महोबाए हमीरपुरए जालौनए औरैयाए इटावा करीब 300 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए सैफई स्थित समाधि स्थल पर पहुंचकर अपनी यात्रा का समापन किया।

छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा डुमरा निवासी रंजन यादव और महोबा निवासी हनुमत यादव ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक रहे नेताजी मुलायम सिंह यादव को अपना आदर्श मानते हुए यह कठिन यात्रा शुरू की थी। दोनों युवकों ने रोजाना सैकड़ों बार दंडवत करते हुए सड़कों पर सफर तय किया और रविवार को सैफई पहुंचकर नेताजी को नमन किया।

दोनों युवाओं ने बताया कि वे मुलायम सिंह यादव के कार्यों और उनके जनता के प्रति समर्पण से गहराई से प्रभावित हैं। नेताजी द्वारा किसानोंए गरीबों और सैनिकों के हित में लिए गए निर्णयों ने उन्हें इस यात्रा के लिए प्रेरित किया। उनका कहना है कि नेताजी ने जब रक्षा मंत्री रहते हुए शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक घर तक पहुंचाने की परंपरा शुरू की और किसानों के लिए खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कीए तो उन्होंने देश के असली जननायक के रूप में अपनी पहचान बनाई। हालांकि रंजन यादव और हनुमत यादव समाजवादी पार्टी से औपचारिक रूप से जुड़े नहीं हैंए लेकिन वे नेताजी की विचारधारा को अपना कर मध्य प्रदेश में समाजवादी सोच को फैलाने का संकल्प लेकर लौट रहे हैं। रंजन यादव ने कहाए मैं कभी नेताजी से नहीं मिलाए लेकिन उनके फैसले और जीवन दर्शन ने मुझे भीतर तक प्रभावित किया है। यह यात्रा उनके प्रति मेरी श्रद्धांजलि है। यात्रा के समापन पर सैफई में श्रद्धालुओं और समाजवादी कार्यकर्ताओं ने इन युवाओं का स्वागत किया और नेताजी को नमन किया। सैफई का वातावरण समाजवादी विचारधारा और भावनाओं से ओतप्रोत हो उठा।

### एफएसओ ने आतिशबाजी दुकानों का निरीक्षण किया

इटावा। दिवाली के अवसर पर शहर के नुमाइश मैदान में आतिशबाज़ी की 60 अस्थायी दुकानें स्थापित की गई हैं। फायर सेफ्टी ऑफिसर एफएसओ आशीष माहौर ने बताया कि जनपद में आतिशबाज़ी की बिक्री के लिए निर्धारित स्थान पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई है। हालांकि मौके पर निरीक्षण के दौरान अग्निशमन की तैयारियां अधूरी दिखीं। कई दुकानों पर बाल्टियों में पानी तक नहीं थाए और रेत या अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था भी कमजोर पाई गई। जब दुकानदारों से पूछा गया कि वे आतिशबाज़ी की कितनी मात्रा तक रख सकते हैंए तो अधिकांश दुकानदार और यहां तक कि कुछ अधिकारी भी सटीक जानकारी नहीं दे सके। एफएसओ आशीष माहौर ने कहा कि सभी दुकानदारों को सुरक्षा के दिशा.निर्देश दिए गए हैं और नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि आतिशबाज़ी का उपयोग सावधानीपूर्वक करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर विभाग को सूचित करें।

## तक्षशिला एजुकेशन सेंटर में बच्चों ने दिया स्वदेशी का संदेश




**सृजन कला का उत्सव के तहत बच्चों ने मॉडलोंए चित्रोंए हस्तनिर्मित वस्तुओं और कला प्रदर्शनियों के माध्यम से स्वदेशी भावना और आत्मनिर्भर भारत का दिया संदेश**

घाटमपुर। तक्षशिला एजुकेशन सेंटर में सृजन कला उत्सव के तहत एक आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न रचनात्मक एवं उपयोगी सामानों को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने मेरा देश मेरा उत्सव विषय को केंद्र में रखते हुए अपने हाथों से तैयार किए गए मॉडलोंए चित्रोंए हस्तनिर्मित वस्तुओं और कला प्रदर्शनियों के माध्यम से स्वदेशी भावना व आत्मनिर्भर भारत का सशक्त संदेश दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक शिवाकांत त्रिवेदी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। प्रदर्शनी में आयुष त्रिवेदीए अनिरुद्धए विवेकए मेघाए सालियाए हिमानीए नेहा सहित सभी शिक्षकगणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि इस तरह की गतिविधियाँ न केवल शैक्षिक विकास में सहायक होती हैंए बल्कि बच्चों में आत्मविश्वासए कल्पनाशक्ति और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू शुक्ला ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पुस्तक आधारित शिक्षा नहींए बल्कि बच्चों में समाजए संस्कृति और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। प्रबंधक शिवाकांत त्रिवेदी ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को अपने देशए संस्कृति और स्वदेशी मूल्यों से जोड़ते हैं।



## एसीपी ने मण्डी समिति में पटाखे की दुकानों का किया निरीक्षण

**मंडी परिसर में लगी पटाखों की दुकानों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

घाटमपुर। दीपावली के त्यौहार को देखते हुए कस्बा स्थित मंडी समिति मे लगी पटाखा बाजार का एसीपी कृष्ण कांत ने थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय के साथ निरीक्षण कर दुकानदारों से पटाखे बेचने के लाइसेंस भी देखे। साथ ही परमीशन होने की जानकारी ली। सुरक्षा इंतजामों के बारे में पूछताछ कर दुकानदारों को पूरा एहतियात बरतने के निर्देश दिए।मंडी समिति में थाना प्रभारी धनंजय पांडेय के साथ पहुंचकर एसीपी ने स्थान का निरीक्षण किया। मंडी के खाली व अलग स्थान का चयन किए जाने पर उन्होंने संतोष जताया। उन्होंने सभी दुकानदारों से अनुमति होने पर ही दुकान लगाने को लेकर चेताया। साथ ही दुकानों के बीच में खाली स्थान रखनेए बालू व पानी आदि पर्याप्त रखने के निर्देश दिए। जिससे कोई बात होने पर दूसरी दुकानों को सुरक्षित रखा जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि कुल 14 दुकानदार को ही अनुमति है।उन्होंने सभी से नियमानुसार व सावधानी बरतने को लेकर चेताया। उन्होंने तैनात पुलिस कर्मियों से भी सतर्क रहने के निर्देश दिए।

## विद्यार्थियों को मोबाइल का उपयोग सोच समझकर करें-एसपी क्राइम

इटावा। सेन्टमेरी इंटर कॉलेज के प्रांगण में मार एन्थोनी पाडियाथ मंच पर दीपावली पर्व पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस शुभ अवसर पर पधारे मुख्य अतिथि एसपी क्राइम सुबोध गौतम का स्वागत सेन्ट फ्रांसिस हाउस के कैप्टन ओम उत्पल यादव के स्वागत भाषण द्वारा किया गया। मैनेजर फादर बिन्सनए प्रिंसिपल फादर डॉण् शीजू जार्जए वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन व सिस्टर्स ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सेंटमेरी के छात्रों ने प्रार्थना गीत गाकर दीपावली पर आयोजित सम्मान समारोह की गरिमा बढ़ाई तथा छात्र छात्राओं ने समूहगान और रामायण पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत करके कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए।

मुख्य अतिथि ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इंटरमीडिएट में अरनव सिंह 96ण्2:एवैभव तिवारी 96:एअक्षय प्रताप सिंह 94ण्4 प्रतिशत व अदितिएकृति सिंहएसृजन केसरवानीएसोनाए गरिमा दुबेएआकाश सिंह व कृष्णा मिश्रा को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।विद्यालय में कक्षा 10वीं में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र छात्राओं इल्मा जमाल 97ण्2:ए उन्नति दुबे 96ण्8एअविका सक्सेना 96ण्5:एअंशिका चतुर्वेदी 96ण्2: व स्तुति त्रिपाठीएमानस गुप्ताएयुवराज सिंह चौहानएज्योतिरादित्यएलवी सिंहएअंशिका गुप्ता व काजल यादव को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मुख्यमंत्री से मिली विधायक भेंट किया मां कूष्माण्डा देवी का चित्र

**मुख्यमंत्री ने विधायक को दीपावली की शुभ कामनाओं के साथ दिया समाधान का भरोसा**



घाटमपुर। विधायक सरोज कुरील ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें विधान क्षेत्र की समस्याएं बताई। मुलाकात के दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री को मां कूष्मांडा देवी का चित्र भेंटकर आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री ने विधायक को दीपावली के त्यौहार की शुभकामनाएं देते हुए जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। विधायक ने दीपावली का त्यौहार मिल जुल कर मनाने की विधान सभा क्षेत्र में रहने वाले लोगो से अपील करते हुए अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। साथ ही दीवाली पर घरों में विदेशी इलेक्ट्रानिक सामान के बजाए स्वदेशी समानों से रौशनी व सजावट करने का भी विधानसभा क्षेत्र के लोगों से आह्वाहन किया है।उन्होंने कहा कि आपके पास कोई भी मैसेज आए आप बिना पुष्टि के उस मैसेज को आगे न बढ़ाए। शरारती तत्व इसी बात का फायदा उठाते हैए आपके द्वारा फॉरवर्ड किया गया मैसेज समाज में विवाद कर सकता है। इसलिए त्यौहार अपने परिवार के साथ मनाए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहे मैसेज को आगे फॉरवर्ड न करें। इससे दीपावली की खुशियों में खलल नहीं पड़ेगा।

## एक दीया शहीदों के नाम

भरथनाए इटावा। अपना पराक्रम व शौर्य रूपी दीप प्रज्जवलित कर प्रत्येक भारतवासी के जीवन को प्रकाशवान करने वाले भारतमाता के वीरसपूतों की शहादत को नमन करते हुए दीपों के इस उमंग भरे उत्सव पर कम से कम एक दीपक उनका स्मरण करके अवश्य जलायें।

विद्यालय संचालक अमित श्रीवास्तव ने राष्ट्र के प्रत्येक नौनिहालए युवाओंए बुर्जुगों व महिलाओं से दीपोत्सव के इस पुनीत पर्व दीपावली पर अपने परिवार की मोहमाया त्याग भारत माता की शान व राष्ट्र की सुरक्षा की खातिर सरहद पर अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर सपूतों की शहादत को सलाम करते हुए उनका स्मरण कर कम से कम एक दीपक जरूर प्रज्जवलित करने की अपील की है।

पशु चिकित्सक डाण् युनूस अल्वी ने कहा कि आज उन्हीं की सच्ची देशभक्ति व बहादुरी के कारण प्रत्येक भारतवासी अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में प्रत्येक त्यौहारों की खुशियां बांटता है। शहीदों की याद में जलाया गया एक दीपक हमारी खुशियों में वीरयोद्धाओं की मौजूदगी का प्रतीक होगा।

कोटा डीलर सोनू मिश्रा ने कहा कि भारत माता के वीरसपूतों का बलिदान राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। जिसका हमें सदैव सम्मान व स्मरण करना चाहिये। यदि हम अपनी खुशियों में उनकी भी सहभागिता करते हैंए तो यह हमारे लिए गौरवान्वित पल होगा। इसलिए दीपोत्सव पर एक दीया उनके नाम का भी जलाना हमारा नैतिक व राष्ट्रहित का दायित्व है।

लकडी व्यवसायी पुनीत पोरवाल का कहना है कि दीपों के इस महापर्व पर हम संकल्पबद्ध होंए दीपावली पर शहीदों की शहादत को नमन करते हुए एक दीया जलाकर उन्हें भी अपनी खुशियों का साक्षी बनायेगें। क्योंकि हमारे राष्ट्र के साथ.साथ हमारे ऊपर उनके बहुत सारे उपकार हैं।

### अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए निर्वाचन पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार 29 अक्टूबर को होगा

भरथना इटावा। बार एसोसियेशन भरथना के चल रहे एकवर्षीय निर्वाचन के दौरान अध्यक्ष व महामंत्री पद को छोडकर शेष अन्य पदों के पदाधिकारी निर्विरोध मनोनीत हुए। अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए निर्वाचन पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार 29 अक्टूबर को होगा।

एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष आदित्य प्रकाश श्रीवास्तवए सदस्य रामकुमार यादवए राघवेन्द्र कुमार श्रीवास्तवए सुभाष चन्द्र यादवए रामपाल सिंह राठौर ने संयुक्त रूप से बताया कि बार एसोसियेशन भरथना का चुनाव चल रहा है। जिसमें अध्यक्ष व महामंत्री पदों पर कोई नामांकन वापस न होने के कारण अध्यक्ष पद पर मान सिंह यादव व हरिश्चन्द्र पाण्डेय तथा महामंत्री पद पर नरेन्द्र कुमार व राकेश सिंह चौहान का निर्वाचन आगामी 29 अक्टूबर को होगा। जबकि सत्यप्रकाश यादव वरिष्ठ उपाध्यक्षए सुरजीत सिंह उपाध्यक्षए सुबोध यादव कनिष्ठ उपाध्यक्षए कप्तान सिंह व रूपेन्द्र कुमार मंत्रीए कृष्णकान्त श्रीवास्तवए प्रेम सिंहए रामस्वरूप यादवए बाबूराम यादवए विजयकृष्ण श्रीवास्तवए श्याममोहन यादव तथा गोविन्द मिश्राए रघुवीर सिंह निषादए विनय कुमारए सुबोध कुमारए सत्यभान सिंह कनिष्ठ सदस्य के रूप में निर्विरोध मनोनीत हुए।

## वृद्धों का आशीर्वाद ही ईश्वर का आशीर्वाद. भाजपा अध्यक्ष

इटावा। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता ने दीपावली के उपलक्ष्य में श्रीविष्णु हरिपुरम कॉलोनी मेहरा फाटक में संचालित सरोज वृद्धाश्रम इटावा में रहने वाले विभिन्न वृद्धजनों को वस्त्र वितरण कर उनका आशीर्वाद लिया। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने अपनी पार्टी पदाधिकारियों के साथ वृद्धाश्रम में महिलाए पुरुष बुजुर्गों को अंगवस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा किएसमाज में वृद्धों का आशीर्वाद ही ईश्वर का साक्षात आशीर्वाद भी होता है अतः जब भी आपको मौका मिले इनकी सेवा करते रहना चाहिए। इस आश्रम की शानदार व्यवस्थाएं और बुजुर्गों की देखभाल देखकर मैं बेहद ही प्रभावित हूं यहां रह रहे सभी बुजुर्गों को सभी महत्वपूर्ण जरूरी सुविधाएं संस्था की ओर से निरूशुल्क प्रदान की जा रही है जो किएबेहद ही प्रशंसनीय है संस्था इस पुनीत कार्य के लिए बधाई की पात्र है उन्होंने आम जनता से भी वृद्धआश्रम को सहयोग करने की बात कही। दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित वस्त्र वितरण कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ताए भाजपा जिला मंत्री प्रशान्त राव चौबेए बीजेपी नेता शीपू चौधरी एडवोकेटए बासु चौधरीए भाजपा नेता अंशुल दुबेए इरशाद उर्फ टिंकूए सुमित जोशी सहित योग प्रशिक्षक डॉण् आशीष त्रिपाठीए डॉण् पीयूष दीक्षितए आश्रम मैनेजर आशीष यादवए औसान सिंहए निशी यादवए केडी यादवए रजनीए पुष्पाए एएनएम अर्चना उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए निर्वाचन पूर्व निर्धारित तिथि 29 अक्टूबर को होगा

भरथना इटावा। बार एसोसियेशन भरथना के चल रहे एकवर्षीय निर्वाचन के दौरान अध्यक्ष व महामंत्री पद को छोडकर शेष अन्य पदों के पदाधिकारी निर्विरोध मनोनीत हुए। अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए निर्वाचन पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार 29 अक्टूबर को होगा। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष आदित्य प्रकाश श्रीवास्तवए सदस्य रामकुमार यादवए राघवेन्द्र कुमार श्रीवास्तवए सुभाष चन्द्र यादवए रामपाल सिंह राठौर ने संयुक्त रूप से बताया कि बार एसोसियेशन भरथना का चुनाव चल रहा है। जिसमें अध्यक्ष व महामंत्री पदों पर कोई नामांकन वापस न होने के कारण अध्यक्ष पद पर मान सिंह यादव व हरिश्चन्द्र पाण्डेय तथा महामंत्री पद पर नरेन्द्र कुमार व राकेश सिंह चौहान का निर्वाचन आगामी 29 अक्टूबर को होगा।

## अखिलेश यादव का बड़ा बयान भाजपा जुबान से स्वदेशी मन से विदेशी .अबकी बार डिप्टी सीएम पोस्टर से बाहर

सैफईए इटावा। दीपावली के त्यौहार पर अपने पैतृक गांव सैफई पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सैफई में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जुबान से स्वदेशी हैंए लेकिन मन से विदेशी।

अखिलेश यादव ने नए नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अबकी बार डिप्टी सीएम पोस्टर से बाहर केवल उत्तर प्रदेश में ही नहींए बल्कि देश के उन सभी क्षेत्रों में भी लागू हैए जहां पोस्टर लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि किसी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्हें दक्षिण भारत का पोस्टर भेजा थाए वह भी पोस्टर से बाहर है। उन्होंने दीपावली की मौजूदा स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले लोग सोने.चांदी के उपहार देते थेए लेकिन अब एक सिक्का खरीदना भी मुश्किल हो गया है। लोग दीया जलाने में लगे हैंए लेकिन दीया खरीदने की हैसियत नहीं रखते। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे दीया जलाने वाले मुख्यमंत्री को दक्षिण भारत से सीखना चाहिएए क्योंकि वहां बड़ी.बड़ी कंपनियों को निवेश के लिए लाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में निवेश न आने पर उन्होंने सवाल उठाया। उनका कहना था कि सबसे ज्यादा प्रोफेशनल लोग और तेज़ कार्य क्षमता वाले लोग यूपी में हैंए फिर भी बड़ी कंपनियां यहां नहीं आ रही हैं। इसका कारण भाजपा की नेगेटिव और रूढ़िवादी सोच है। उन्होंने गूगल मैप और इंटरनेट का उदाहरण देते हुए कहा कि निवेशकों को पता लग गया है कि यहां 5 प्रतिशत कमीशन चलता हैए इसलिए बड़ी कंपनियां यूपी में नहीं आ रही हैं और निवेश दक्षिण भारत की ओर जा रहा है। अखिलेश यादव ने बिहार चुनाव और स्टार प्रचारक पर भी टिप्पणी की। उनका कहना था कि बिहार सांप्रदायिक लोगों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। जो स्टार प्रचारक हैंए वे सफल नहीं होंगे। ये स्टार प्रचारक नहींए बल्कि विभाजनकारी लोग हैं और बिहार कभी इन्हें स्वीकार नहीं करेगा। सपा मुखिया अखिलेश यादव रविवार कों लखनऊ से सैफई करीब 4ण्30 बजे पहुंचे और उसके बाद पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता की। प्रदेश भर से बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता भी सैफई में उनसे मिलने पहुंचे। सोमवार को सुबह 10ण्00 बजे वह पार्टी कार्यालय पर दीपावली के पर्व पर लोगों से मुलाकात करेंगे और शुभकामनाएं देंगे।

## नकुल पहलवान फिरोजाबाद ने जीती झंडे की कुश्ती

सैफईए इटावा। तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला तेज कुइया में आयोजित एक दिवसीय विराट दंगल में फाइनल मुकाबले में फिरोजाबाद के नकुल पहलवान ने मुरैना मध्य प्रदेश के भारत पहलवान को पराजित कर झंडे की कुश्ती अपने नाम की। विजेता नकुल को 31 हजार नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

दंगल का शुभारंभ प्रधान संघ मंडल अध्यक्ष चंदगीराम यादव प्रधान ने पहलवानों से हाथ मिलाकर किया। उन्होंने कहा कि आज भले ही नई पीढ़ी मोबाइल और आधुनिकता में उलझ रही होए लेकिन दंगल जैसे आयोजन हमें सिखाते हैं कि असली शक्ति मिट्टीए अनुशासन और परंपरा से जुड़ने में है। जिस गांव में अखाड़ा जिंदा हैए वहां संस्कार और एकता भी जीवित रहती है। कार्यक्रम के आयोजक जगदीश यादव और जय पहलवान ने बताया कि दंगल में करीब 80 मुकाबले हुए। इसमें इटावाए मैनपुरीए फिरोजाबादए आगराए औरैयाए अलीगढ़ए कन्नौजए मुरैना व भिंड मध्य प्रदेश के नामचीन पहलवानों ने दमखम दिखाया। पहले दौर की कुश्तियों में सोनू मैनपुरी ने राजेश इटावा को पछाड़ाए अमित ;भिंडद्ध ने गोविंद ;औरैयाद्ध को हराया। जगदीश मुरैनाद्ध और पवन ;फिरोजाबादद्ध का मुकाबला रोमांचक रहा जिसमें पवन विजयी रहे। अलीगढ़ के हर्ष पहलवान ने आगरा के सुनील को हराकर तालियां बटोरीं। इटावा के दीपक यादवए भिंड के नीरज सिंहए मुरैना के लक्ष्मणए औरैया के रामकिशोर और कन्नौज के राजू पहलवान ने भी शानदार जीत हासिल की। इस मौके पर मूर्ति देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक दिनेश यादवए राजीव यादवए सुघर सिंह ;पूर्व आयकर विभागद्धए शैलेन्द्र प्रधान करहलए छात्रसभा जिलाध्यक्ष रबी यादव विधायकए प्रमुख महासचिव छात्रसभा प्रदीप यादवए ब्रजेन्द्र यादवए राजीव दुबे प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टीए रवीशंकर पूर्व जिलाध्यक्षए लोहिया वाहिनीए धर्मेन्द्र यादव प्रधान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिए खिलाड़ी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# फतेहपुर समाचार

### समिति ने वृद्धाश्रम में मनाई दीपावली

फतेहपुर। भोजन जन सेवा समिति के सदस्यों ने समस्त वृद्धजनों एवं वृद्धजन आवास की रसोइया सहित कर्मचारियों को भी दीवाली खाद्य सामग्री में लईया, गट्टा, पट्टी, मोमबत्ती का वितरण वृद्धजनों में किया। साथ ही यूट्यूबर अंशू मौर्या द्वारा भी बुजुर्गों को मिठाई का डिब्बा, ब्लैंकेट, बिस्कुट, नमकीन दिया गया। इस मौके पर कुमार शेखर, सागर कुमार, अंकित वर्मा, नरेश गुप्ता, यूट्यूब वाले बाबा अंशु मौर्या, अनिरुद्ध मौर्य, महेंद्र मौर्या, मनीष केसरवानी, करन कुमार, यतीश रायजादा, रामेंद्र सिंह, शैलेश साहू, अंकिता, साधना चैरसिया, मोहिनी साहू, शिवांशु चैरसिया, वृद्धाश्रम की अधीक्षिका नीतू वर्मा, अशोक यादव आदि रहे।

## पत्रकार शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



फतेहपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में अखंड भारत के निर्माता, भारत रत्न, स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों के चरणों में दीप प्रज्जवलन एवं विचार गोष्ठी के अभियान के अंतर्गत रविवार को पत्रकार शिरोमणि अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा एवं जन्मस्थल हथगाम में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।
गोष्ठी से पूर्व उनकी प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात गोष्ठी को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी जी एक प्रख्यात भारतीय पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी राष्ट्रभक्ति व्यक्तित्व का जन्म 26 अक्टूबर 1890 को हुआ था। उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत एक शिक्षक के रूप में की थी लेकिन अंग्रेजों के दुर्व्यवहार के करण पत्रकारिता एवं राजनीति में प्रवेश किया। उन्होंने प्रताप नमक दैनिक समाचार पत्र को कानपुर में कुशलता के साथ संचालित किया। इनके पिताजी जय नारायण एक योग्य शिक्षक एवं समाजसेवी थे। उन्होंने अपने उच्च आदर्शों को अपने पुत्र में पुष्पित पल्लवित कराया। गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक रामविशाल ने किया। संचालन आचार्य कमलेश योगी ने किया। कार्यक्रम में बाबा रामसनेही, रामचंद्र सिंह, प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह, प्रधान वैभव, गणेशी लाल, विनीत, राजेश पाल, चंद्रशेखर, अंकित, राजा, धनंजय, दीपक कुमार, महेन्द्र बाबा, रामसनेही, बाबा रामदेव, राम विशाल पटेल आदि मौजूद रहे।

# हादसा- पटाखा मंडी में लगी आग, करोड़ों का नुकसान



- सत्तर दुकाने व एक दर्जन से अधिक बाइकें जलकर खाक
- डीएम-एसपी समेत आला अधिकारियों ने घटनास्थल का लिया जायजा
- दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के शान्तीनगर स्थित महात्मा गांधी डिग्री कालेज में लगी पटाखा मंडी में रविवार की दोपहर अचानक भीषण आग लग आई। बारूदी बिस्फोट की आवाज ने लोगों में दहशत में भर दिया। हादसे में करीब 70 दुकानें जलकर खाक हो गई। इसके अलावा पटाखा लेने आए लोगों की एक दर्जन से ज्यादा बाइकें भी आग की चपेट में आ गई। हादसा दोपहर 12.25 बजे के लगभग हुआ। गनीमत रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, जबकि बस्ती करीब थी। पटाखा मंडी में आग की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह भी मौके पर पहुंच गए। दोनों ही अधिकारियों ने घटना का बारीकी से जायजा लिया।

शहर में एमजी कॉलेज के ग्राउंड में अस्थाई पटाखा मंडी है। रविवार को यहां बड़ी संख्या में लोग पटाखे लेने पहुंचे हुए थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से एक दुकान में आग लग गई। इसके बाद बारूदी धमाकों से आग बेकाबू हो गई औ एक के बाद एक दुकानों में आग लगती चली गई। पटाखे के चलते विस्फोट होना शुरू हो गया। हादसे के बाद दो किमी तक धुआं उठता देखा गया। आग लगने से मंडी में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन गनीमत रही कि कोई आग से नहीं घिरा और वहां से भाग निकले। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है।

पहले से ही मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौजूद होने के कारण आग पर जल्दी ही काबू पाया गया, जिससे आग बस्ती तक नहीं पहुंच सकी। इसके अतिरिक्त मौजूद लोगों ने भी बालू, बाल्टी से पानी और सिलेंडरों से पानी डालकर आग बुझाने में सहयोग किया। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। आग से हुए नुकसान के सवाल पर उन्होंने कहा कि फिलहाल कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। ये तो बाद में ही पता चल सकेगा। अभी तो सिर्फ यह किया गया कि आग तत्काल बुझाई जा सके। उन्होंने कहा कि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, नुकसान का मुल्यांकन कराने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों में दहशतः पटाखा मंडी में आग लगने से क्षेत्र में धुंआ के उठते गुबार और विस्फोटक धमाकों से आसपास की बस्ती के लोगों किसी अनहोनी को लेकर दहशत भर गई। आग की डरावनी लपटें देख लोग कांपने लगे।

एक दर्जन से अधिक बाइकें जलीः पटाखा मंडी के समीप वैसे तो प्रशासन ने वाहनों के लिए अलग स्टैंड की व्यवस्था की थी, लेकिन कुछ खरीदार अपनी बाइकें स्टैंड में न खड़ी कर मंडी के आसपास खड़ी कर रखा था। आग की ऊंची उठती लपटों ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया था।

## खबर एक नज़र

### पटाखा मंडी पहुंची गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष

- सरकार से मुआवजा दिलाए जाने की उठाई मांग

फतेहपुर। शहर के शान्तीनगर स्थित एमजी कालेज मैदान में संचालित पटाखा मंडी में अज्ञात कारणों से लगी विकराल आग से बर्बाद हुई दुकानों व दुकानदारों का हाल जानने के लिए गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल मौके पर पहुंची। उन्होने मौके का मुआयना करते हुए रोते-बिलखते दुकानदारों को ढाढंस बंधाया और सरकार से मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई। बताते चलें कि पटाखा मंडी में आग लगने से लगभग 70 से अधिक दुकानों में करोड़ों का पटाखा व एक दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल जलकर खाक हो गई। लोगों ने किसी तरह से भाग कर जान बचाई। ऐसे में एक दूसरे के ऊपर गिर कर कुछ चोटें भी आईं। गमगीन दुकानदारो का रो-रो कर बुरा हाल रहा। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष से दुकानदारों ने आपबीती बताई।
बताया कि उनसे लाइसेंस के नाम पर दलालों को सक्रिय करके मोटी रकम वसूली गई है। बचाव के कोई इंतजाम नहीं थे। अब उनका सब सामान जल जाने के बाद ज़िम्मेदारों द्वारा मुआवजा दिलाए जाने की कोई बात नहीं की जा रही है। जिम्मेदार आग लगने पर दीवार फांद कर भाग निकले। उनके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यहां सुरक्षा बचाव के कोई इंतजाम नहीं थे। सिर्फ एक दमकल की गाड़ी थी। जिस पर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल ने घटना पर दुख व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से कोई जनहानि नहीं हुई। प्रशासन और दमकल विभाग आग लगने के बाद सक्रिय हुआ। अगर ये पुख्ता इंतजाम पहले ही किए होते तो शायद इतनी बड़ी घटना होने से बच जाती। उन्होंने सरकार से मांग किया कि सभी पीड़ित प्रभावित दुकानदारों व जिनका नुकसान हुआ है उन्हें समुचित मुआवजा दिलाया जाए। साथ ही घटना की जांच कराते हुए लापरवाही बरतने वाले ज़िम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

### दीपोत्सव आज- तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे लोग

**- मंहगाई का नहीं दिखा असर, मिठाई की बिक्री सबसे ज्यादा**

**फतेहपुर।** हिन्दू समाज का सबसे बड़ा पर्व दीपावली कल अमावस्या को मनाई जायेगी। दीवाली को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है तथा गजब की महंगाई के बावजूद लोग पूरी ताकत से इस पर्व को मनाने के लिए खरीदारी में व्यस्त हैं क्योंकि दीपावली के दिन लक्ष्मी-गणेश की पूजा का खास महत्व है, इसलिए मिट्टी एवं पीओपी से बनी लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों से बाजार पटी पड़ी है। आज छोटी दीवाली (नरक चतुर्दश) यानी कल दीपावली का महापर्व होना है। ऐसे में चारों तरफ रोशनी और पटाखों की बहार है। दीवाली लइया-गट्टों का भी पर्व है। साथ ही मिठाइयों का भी इस महापर्व में खास महत्व है।
हिन्दू पर्वों में दीपावली सर्वोपरि है, ग्रंथों के अनुसार इस दिन लंका फतह के बाद मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम अपनी भार्या सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे। इस खुशी में अयोध्यावासियों ने दीपावली मनायी थी। हजारों वर्ष बाद भी भगवान श्री राम से जुड़ा यह पर्व आज भी पूरे उत्साह और परम्परा के साथ मनाया जाता है। महापर्व एक बार फिर प्रत्येक भारतीय परम्परा वाले सख्श के घरों में मनाया जायेगा। दीपावली से दीपों का जुड़ाव भी उतना ही महत्व रखता है जितना दीपोत्सव से आम व्यक्ति का जुड़ाव या यूं कहा जाए कि बगैर दीपों के दीपावली कहां, वो भी दीप सोनें, चांदी या पीतल तांबे के नहीं सिर्फ मिट्टी के पके हुए होने चाहिए। दीपावली में दीपों को जलाने के पीछे वैज्ञानिक कारण भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। विज्ञान से जुड़े लोग कहते हैं कि चैमास में कीट पतंगों की बहुतायत होती है और इन दीपों से कीड़ों का बड़ी संख्या में पतन होता है। यही नहीं शुद्ध सरसों या राई के तेल से दीप जलाये जायें तो आसमानी गंदगी भी कम होती है। पर्व को लेकर आज भी बाजार में पूरा दिन भीड़-भाड़ का माहौल रहा। पर्व की सभी तैयारियां लोगों ने जोर-शोर से पूरी कर ली हैं। सोमवार को समूचे जनपद में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। उधर सोशल मीडिया पर त्योहार की बधाई देने का सिलसिला रविवार से ही जारी रहा। हर कोई अपने मित्र व रिश्तेदार को पर्व की बधाई देता नजर आया।

### प्रभु श्रीराम से मिले भरत, एकता की दिखी मिसाल

**- रामभक्तों ने बारी-बारी से की आरती, लिया आशीर्वाद**

**खागा, (फतेहपुर)।** नगर के किशनपुर रोड स्थित रामलीला मैदान में रविवार की शाम भगवान श्रीराम और भरत मिलाप का भव्य मंचन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रभर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच पर जब भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता जी वनवास से लौटकर अयोध्या पहुंचते हैं, तो भरत जी के साथ उनका मिलन देख भक्तों की आंखें नम हो गईं। कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से इस ऐतिहासिक प्रसंग को सजीव कर दिया। मंचन के दौरान जय श्रीराम और भरत मिलाप की गूंज से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम दरबार की आरती से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंचन के बाद कलाकारों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। आयोजन समिति के सदस्य प्रकाश पांडेय, ननकऊ, सूर्य प्रकाश सिंह, विक्रम सिंह आदि ने बताया कि रामलीला मंचन का उद्देश्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि रामलीला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो समाज में प्रेम, त्याग, भाईचारे और धर्मनिष्ठा का संदेश देती है। इस अवसर पर नागरिकों, व्यापारियों और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। मंचन के अंत में भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण आलोकित हो उठा। नगर की यह रामलीला वर्षों से धार्मिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनी हुई। श्रीराम राज्याभिषेक के प्रसंगों का मंचन भी किया जाएगा।

# शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की 407वीं साप्ताहिक काव्य गोष्ठी

**-दीप पर्व पर अर्चना, करो स्वप्न साकार। मातु शारदे, दो मिटा अंतस का अंधियार।।**




फतेहपुर। मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 407 वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन के.पी. सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के पुजारी विजय कुमार शुक्ल उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के.पी. सिंह कछवाह ने वाणी वंदना मे अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा- दीप पर्व पर अर्चना, करो स्वप्न साकार। मातु शारदे, दो मिटा अंतस का अंधियार।। पुनः कार्यक्रम को गति देते हुए काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार से अपने अंतर्भावों को प्रस्तुत किया- दीप मालिका पर्व में, हो सर्वत्र प्रकाश। ऐसे दीप जलाइये, हो अंतर्तम नाश।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया- राम रसायन पानकर, रामहि राम पुकार। तुलसी रामहि में रमे, भक्तों के सरदार।। राम अवतार गुप्त ने अपने भावों को मुक्तक में कुछ इस प्रकार पिरोया- दीपावली वहीं होती है, जहां राम जी जाएं। राम नाम मणि मुख में रखकर, घट-घट दीप जलाएं।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये- दीवाली की लाख बधाई, कृपा महालक्ष्मी की हो। बच्चे जहां पटाखे फोड़ें, संग में कोई बड़ा भी हो।। डॉ. शिव सागर साहू ने काव्य पाठ में अपने भावों को कुछ इस प्रकार शब्द दिए- ज्योति पर्व दीपावली, मना रहा सब देश। दीपक की लौ दे रही, राष्ट्र भक्ति संदेश।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव इस दीपमालिका पर्व पर एक गीत के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किये- इन दियों में दिया एक वह भी जले,जो सभी के दिलों में उजाला करे। दुष्टता- धूर्तता का अंधेरा मिटा, न्याय- सद्धर्म की ज्योति ढाला करे।। आगे पुनः पढ़ा- जिंदगी सहमी हुई है राह में। मौत मुस्काती खड़ी उत्साह में।। आदमी ही, जो सतत संघर्षरत, बढ़ रहा प्रतिपल विजय की चाह में।। कार्यक्रम के अंत में पुजारी जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजक ने आभार व्यक्त किया।

### दीपावली को लेकर पुलिस अलर्ट, थानाध्यक्ष किया पैदल भ्रमण

**गाजीपुर (फतेहपुर)।** दीपावली पर्व को लेकर थाना पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मूड में दिखाई दी। रविवार को थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ पूरे कस्बे का पैदल भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान उन्होंने सराफा बाजार के व्यापारियों से मुलाकात कर हाल-चाल लिया और उन्हें सजग व सतर्क रहने की सलाह दी। थानाध्यक्ष ने असोथर रोड स्थित गौसमाधि स्थल पर लगी पटाखा दुकानों का निरीक्षण करते हुए सभी दुकानदारों को सुरक्षा की दृष्टि से पानी भरी बाल्टी और बालू की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे से में बदल सकती है। इसलिए सभी सुरक्षा मानकों का पालन आवश्यक है। उन्होंने पूरी बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने और भीड़ भाड़ व जाम की स्थिति है बचने के लिए सुरक्षा बलों को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की व्यवस्था या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पुलिस की गस्त व निगरानी जारी रहेगी। ताकि आमजन सुरक्षित वशांतिपूर्ण वातावरणमें त्यौहार मना सके। इस मौके पर हल्का लेखपाल धर्मवीर सिंह, एस.आई हिमांशु सिंह, एस.आई रामकृपाल, एस.आई अरविंद मौर्य, कांस्टेबल रोहित यादव, बॉबी गुर्जर, ललित मिश्रा, विक्रम यादव सहित भारी संख्या मे पुलिस बल मौजूद रहा।

## मौर्य कुशवाहा उत्थान समिति ने धूमधाम से मनाया दीपदान पर्व



**फतेहपुर।** दीपदान उत्सव या धम्म ज्योति पर्व मे दीप जलाना ज्ञान और अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है। यह उत्सव मूल रूप से लुम्बिनी के वनवासियो द्वारा गौतम बुद्ध के पहली बार अपने राज्य वापस आने पर मनाया गया था और आज भी भारत के आलावा कई देशो मे धूमधाम से दीपदान पर्व मनाया जाता है। इस पर्व की महत्त्वता व विचार को समाज के जन-जन तक पहुंचने के उद्देश्य मौर्य कुशवाहा उत्थान समिति भवन में कार्यकारिणी की विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है जिससे समाज को जागरूक किया जा सके। गोष्ठी के बाद ज्ञान के प्रकाश रुपी 563 दीप जालाकर समाज से निवेदन किया गया कि अगले दिन 20 तारीख को अपने घरों में दीपदान उत्सव भव्य रूप में मनाए और ऐतिहासिक परंपरा के रूप में परिणत करें। यह पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का प्रतीक है। यह कार्यक्रम मौर्य कुशवाहा उत्थान समिति के तत्वाधान में समाज के सभी संगठन एक साथ मिलकर मानते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, सूरजदीन मौर्य, मेवा लाल मौर्य, भैया लाल मौर्य, विजय बहादुर मौर्य, विष्णु लाल मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, अजय कुमार मौर्य (मौर्य महासभा), मुकेश कुमार मौर्य, रावेन्द्र मौर्य, बाबू सिंह कुशवाहा, शिवधेश मौर्य, हरिमोहन, रामखेलावन, ज्ञान सिंह मौर्य, सुमन मौर्य, राजा मौर्य, रमेश मौर्य, प्रियंका मौर्य, आदि मौजूद रहे।

### पर्व के चलते यात्रियों को उठानी पड़ी दिक्कतें

फतेहपुर। दीपावली त्योहार के मद्देनजर आज शहर में भारी भीड़-भाड़ रही। जहां मिठाई की दुकानों में खरीददारों की भीड़ जमा रही। वहीं शहर के बस स्टाप में आने जाने वालों का जमावड़ा देखा गया। रोडवेज बस स्टाप ज्वालागंज में आज यात्रियों की भारी भीड़ रही। जिसके चलते रोडवेज की बसे ठसाठस भरी रही। यात्रियों को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी। वहीं यात्रा के दौरान महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। रोडवेज बस स्टाप में बसो के इंतजार में भी यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। लखनऊ जाने वाली बसे कम चलने से यात्री हलाकान रहे। रोडवेज बस स्टाप के अलावा शहर के प्राईवेट बस स्टाप बिन्दकी, जोनिहा, अशोक नगर आदि स्थानों में भी यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। दीपावली पर्व को देखते हुए वाहन चालकों ने मनमानी वसूली की। यात्रियों से प्राईवेट वाहन चालकों ने मनमानी किया। बस स्टाफ से रेलवे स्टेशन तथा सदर अस्पताल से स्टेशन तक आने-जाने वाले चालकों ने मानक से ज्यादा सवारी भरी। भीड़ को देखते हुए वाहन चालकों ने जमकर अवैध कमाई की। आज शहर में त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी चैकन्ना रहा, लेकिन इन वाहन चालकों पर पुलिस प्रशासन ने कोई शिकंजा नहीं कसा।

# आईटीआई परिसर में लगे स्वदेशी मेले का हुआ समापन

- शुभारंभ से समापन तक प्रतिदिन आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम
- जनपद के विभिन्न उत्पादों के स्टालों से गुलज़ार रहा स्वदेशी मेला




फतेहपुर। जनपद मुख्यालय के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में लगे स्वदेशी मेला का रविवार को समापन हो गया। मेला के प्रारम्भ में लगभग 65 स्टॉल लगाये गये थे। जिसकी संख्या बाद में बढकर लगभग 80 हो गयी थी। इन स्टालों में कुछ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों द्वारा लगाये गये थे जिनमें प्रमुख हटके कैफे (फेन्चाइजी), पिज्जा इत्यादि थे। साथ ही चाट बतासे, भेलपूरी, पॉपकॉन, आइस्क्रीम, चाउमीन खान-पान के स्टॉल लगाये गये हैं। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिये झूले इत्यादि की व्यवस्था भी की गयी थी। इसके अतिरिक्त स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाये गये मिट्टी के दीपक, झालर, फर्नीचर आदि सामान त्योहार के इस मौके पर लोगों द्वारा जमकर खरीद्दारी की गयी। स्टालो में अमृता फूड प्रोडक्ट्स, गायत्री फूड प्रोडक्ट्स एवं सीएसके मसाले, सहारनपुर का फर्नीचर, भदोही की कालीन, चर्चा के केन्द्र रहे। मेले में प्रतिदिन सायं 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डांस एवं गायन के प्रोग्राम, आल्हा गायन प्रोग्राम, महर्षि विद्या मन्दिर के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, जयपुरिया स्कूल के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रायबरेली के जाने-माने जादूगर द्वारा मैजिक शो एवं समापन की पूर्व संध्या पर प्रदेश स्तरीय व टीवी फेम कवियों द्वारा एक शाम फतेहपुर के नाम कवि सम्मेलन का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम का समापन उपायुक्त उद्योग कुंवर चंद्रभान सिंह जिला उद्योग प्रोत्साहन व उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा किया गया।

# कांग्रेस की हलचल से नेताओं में न्याय, संवेदना एवं सहायता की होड़

- हरिओम के परिवार के लिए मसीहा बनने की लगी है दौड़
- राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले विरोध का खेल
- सत्ताधारी रहे पर्दे के पीछे, अपनाए गए हर हथकंडे
- भाजपा के लिए छूट तो विपक्ष के लिए हाउस अरेस्ट रहा परिवार
- भले ही वोट बैंक की रही हो राजनीति पर चल पड़े उधर ही सभी
- बसपा की चुप्पी ने भी चैंकाया, सत्ता, विरोध, दबाव, प्रशासनिक खेल की खूब दिखीं कट पीसें

फतेहपुर। फतेहपुर के हरिओम वाल्मीकि की रायबरेली में माब-लीचिंग के जरिए हुई नृशंस हत्या के बाद सक्रिय हुई कांग्रेस की मंशा भले ही दलित वोट बैंक पर रही हो लेकिन कांग्रेस की सक्रियता का ही नतीजा रहा कि पीड़ित परिवार से मुंह फेरने वाले सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों की तेजी इस तरह से बढ़ गई कि न्याय दिलाने,संवेदना एवं सहायता की होड़ मच गयी।राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले और बाद तक सत्ता,दबाव,विरोध,प्रशासनिक खेल की कई कट पीसें भी देखनें को मिलीं।राहुल गांधी के दौरे से पहले और दौरे के दिन तक सत्ताधारी पार्टी ने वह सब कुछ कर डाला जिसके लिए शायद परिवार को पाने हेतु न जाने कितने पापड़ बेलने पड़ते।नेता पीड़ित परिवार के रहनुमा बने हैं तो दलित वोट पर भी निगाह कहीं न कहीं टिकी जरूर है हलांकि अपने दौरे में राहुल गांधी ने साफ कहा है कि परिवार उनसे मिले या न मिले विषय यह नहीं है उसे न्याय मिले,जरूरी ये है।

शहर के तुराबअली का पुरवा के रहने वाले हरिओम वाल्मीकि की रायबरेली में हुई हत्या का मामला उस समय सुर्खियों में आ गया जब कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के नेताओं का हरिओम के घर आना-जाना शुरू हुआ। राहुल गांधी के आने की संभावना के चलते सरकार में भी हलचल मची तो पूरा का पूरा प्रशासनिक अमला उसे सहायता देने के लिए दौड़ पड़ा। हालात ये हो गए की विपक्ष के नेताओं को परिवार से मिलने तक में रोक लगानी शुरू कर दी गई।पीड़ित परिवार पर पुलिसिया पहरा बैठा दिया गया। आनन-फानन सरकार के दो मंत्रियों ने पहुंचकर आर्थिक सहायता व न्याय का भरोसा दिलाया।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति सहित भाजपा के अन्य नेताओं ने भी पीड़ित परिवार से मिल उनके प्रति संवेदना व्यक्त की। सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल के साथ समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जाकर आर्थिक सहायता दी तो बसपा की चुप्पी ने सबको चैंकाया।

हरिओम की हत्या का मामला सुर्खियों में आने के बाद रहनुमा बनने की क्रेडिट लेने की मची होड़ में मानों आगे निकलने की चाहत ने सत्ताधारियों को सब कुछ करने की छूट सी मिल गई। हालत यह हो गई कि परिवार हाउस अरेस्ट हो गया जिसका दुखड़ा उन्होंने राहुल गांधी के कार्यक्रम के दौरान रोया।इतना ही नहीं राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले रात में विरोध के पोस्टर चिपकाए गए। पोस्टर किसने चिपकाए यह कोई बताने को तैयार नहीं है लेकिन हकीकत से वाकिफ सभी हैं और तो और राहुल के कार्यक्रम की रात में लगाए गए पोस्टरों को हटवाने तक की जहमत प्रशासन द्वारा न उठाया जाना कहीं न कहीं सत्ताधारियों की ओर ही इशारा करता है। कार्यक्रम के ठीक पहले सुबह-सुबह ही मृतक हरिओम की बहन को मेडिकल कॉलेज में संविदा नर्स की नौकरी का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया जबकि भाई का एक वीडियो जारी हुआ जिसमें कहा कि राहुल गांधी सहित अन्य नेता उनके यहां राजनीति करने न आए वह सरकार की कार्रवाई व सहायता से संतुष्ट है लेकिन हकीकत में क्या यह संतुष्टि उसके मन की पुकार थी या फिर पर्दे के पीछे खेला गया खेल था? भाई के सामने आते ही भारतीय जनता पार्टी की सोशल मीडिया टीम मानो उस वीडियो को लेकर हवा में उड़ चली।सोशल मीडिया हेड अमित मालवीय ने ट्वीट किया तो कई मीडिया चैनलों ने राहुल गांधी के कार्यक्रम को विरोध का अड्डा बता दिया लेकिन यह करतूत बहुत देर छिपी नहीं रह सकी। हकीकत उस समय सामने आ गई जब राहुल गांधी सहित रायबरेली,बाराबंकी के सांसद प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की तो उन्होंने हर राज उगल दिया कि किस तरह से उन पर न मिलने का दबाव डाला जा रहा था।उसकी बहन ने तो रो-रो कर यहां तक कहा कि उसने कहा था कि चाहे जान चली जाए लेकिन वह राहुल सर से मिलेगी।करीब 25 मिनट के अपने कार्यक्रम में राहुल गांधी ने न्याय एवं सहायता का भरोसा दिया। परिवार को दिल्ली बुलाया है। मीडिया से मुखातिब हुए और दो टूक शब्दों में कह दिया कि विषय यह नहीं है कि परिवार उनसे मिलना चाह रहा है या नहीं जरूरत इस बात की है कि उस परिवार को सही न्याय एवं सहायता मिले।अब यह सवाल जरूर खड़ा हो सकता है कि कांग्रेस हरिओम की मौत पर राजनीति कर रही है। अगर ऐसा है तो कांग्रेस की सक्रियता के बाद ही तो सत्ताधारी पार्टी सहित समाजवादी पार्टी के नेताओं के कानों में भी जूं रेंगी और आगे निकलने की दौड़ में शामिल हैं। आज हालात यह है कि हरिओम के परिवार के लिए मसीहा बनने की होड़ मच गई है।

### उपनिबंधक कार्यालयों की सुरक्षा करेंगे पूर्व सैनिक

फतेहपुर। सहायक महानिरीक्षक निबन्धन अलका सिंह ने बताया कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीद्र जायसवाल ने प्रदेश के 380 उपनिबन्धक कार्यालयों की सुरक्षा हेतु भूतपूर्व सैनिक एवं होमगार्ड रखे जाने के संबंध में स्वीकृति दी है। उप निबन्धक कार्यालयों की सुरक्षा हेतु भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से सुरक्षा गार्डो एवं पर्यवेक्षकों की सेवाएं प्रथम वरीयता पर प्राप्त करने के निर्देश दिये गए। जिले में भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की उपलब्धता न हो तो होमगार्ड रखे जाये। बताया गया कि न्यूनतम आवश्यकता का आंकलन कर सुरक्षा सेवा प्राप्त करने हेतु महानिरीक्षक निबंधन को अधिकृत किया है। शासनादेश के अनुसार वर्तमान उपलब्धता एवं कार्यालय संख्या के अनुसार प्रदेश के 111 उप निबन्धक कार्यालयों की सुरक्षा हेतु 315 भूतपूर्व सैनिक, 12 सुपरवाइजर प्राप्त किये जाने, शेष 269 उप निबन्धक कार्यालयों की सुरक्षा हेतु 789 होमगार्ड लिए जाने हेतु संभावित पर होने वाली धनराशि की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गयी है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## शुभ दीपावली

हमारा परंपरागत पर्व दीपावली इस बार अनोखी चमक के साथ आया है। देश ने इसके मूल तत्व बुराई पर अच्छाई की विजय को सार्थक करते हुए नई राहें बना ली हैं। सिद्ध कर दिया है कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, इस पर निर्णायक प्रहार ही श्रेयस्कर है। देश और समाज की कई गंभीर चुनौतियां एवं समस्याओं का सामना इसी राह पर चलते हुए किया गया। वर्षों से चले आ रहे विधर्मियों के षड्यंत्रों को ध्वस्त करते हुए अंततः इस वर्ष का प्रारंभ अयोध्या नाम में श्री राम के भव्य मंदिर के साथ हुआ। अपने अस्तित्व में आने के साथ ही भारत के प्रति शत्रुता भाव रखने तथा उसे निरंतर बर्बर स्वरूप देते रहने का प्रयास करने वाले पाकिस्तान के लिए ऐतिहासिक ऑपरेशन सिंदूर बहुत बड़ा सबक सिद्ध हुआ जिसमें आतंक का उसका खेल पूरी तरह ध्वस्त हो गया। पूर्व सरकारों की निष्क्रियता के कारण नक्सलवादी तत्व कई दशकों से देश के विभिन्न हिस्सों में खूनी खेल खेलते हुए सीधी तौर पर शासन व्यवस्था को खुली चुनौती देते आ रहे थे। करोड़ों के इनामी महिला-पुरुष नक्सली या तो मारे जा चुके हैं या आत्मसमर्पण करते जा रहे हैं। देश में नक्सलवाद अब समाप्त प्राय है।नो टॉलरेंस की नीति के अंतर्गत देशभर में बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी, घोटालेबाज और आपराधिक गिरोह अपने अंजाम तक पहुंचा जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में तो माफिया सरगनाओं और अराजक तत्वों को न सुधरने पर सीधे यमराज के पास भेजा जा रहा है। आर्थिक मोर्चे पर प्रगति यात्रा को आगे बढ़ाते हुए देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी के साथ अग्रसर है। अपनी क्षमताओं और उपलब्धियों का सशक्त आत्मविश्वास ही है कि दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति माना जाने वाला अमेरिका तमाम कोशिशें करने के बाद भी हमें दबाव में नहीं ले पा रहा है। युवा भारत अलग ही अपनी धाक जमता जा रहा है। अंतरिक्ष, खेल, शिक्षा, कृषि, नवाचार, विज्ञान, उद्यम सहित सभी क्षेत्रों में देश के युवा नई-नई सफलताएं अर्जित कर रहे हैं। लेकिन इन सबके बीच हमारे अंदर से चुनौतियां देने वाले तत्व भी सक्रिय हैं जो समाज विरोधी मंसूबे करने के अवसरों की तलाश में हैं। इसलिए हमें उपलब्धियों के दीपों की चमक और बढ़ा कर इनके द्वारा पैदा किए जा रहे अंधकार को दूर करने का संकल्प लेना होगा। शुभ दीपावली।

## बस, संयम बरतें

आज भरपूर जगमगाहट एवं धूमधड़ाके के साथ चहुं ओर उजियारा फैलाने का दिन है। इसके सेलिब्रेशन के लिए अपने-अपने ढंग से लोगों ने तैयारियां कर रखी हैं। लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, दीये-झालरें, रंगोली, फुलझड़ियां-अनार सहित छोटे-बड़े पटाखे, तरह-तरह की मिठाइयां, नए कपड़े-आभूषण, नए वाहन, घर की साज सज्जा के सामान तथा इन जैसी अन्य वस्तुएं खरीदने में सारे अरमान निकाल लिए गए हैं। चारों और उल्लास के साथ धन की देवी और विघ्नहर्ता को पूजने के लिए शुभ मुहूर्त की प्रतीक्षा है। इसके बाद आमोद-प्रमोद के साथ खुशियां मनाने का सिलसिला शुरू होगा। वर्ष में एक बार आने वाला शुभ पर्व धूमधाम के साथ मनाया भी जाना चाहिए। लेकिन इसमें सबसे बड़ी सतर्कता धूम धड़ाके के साथ मनोरंजन में रखनी होगी। बच्चों और युवाओं में उत्तेजना तथा रोमांच का स्तर इतना बढ़ चुका है कि अब ज्यादातर बेहद तेज आवाज और अत्यंत ज्वलनशील पटाखों और उनके नाम पर बनने वाले उत्पादों की मांग रहती है। यह भी सही है कि मनोरंजन अपनी सहज सीमा पार कर जाने पर अक्सर नुकसानदेह और घातक हो जाता है। इसीलिए दीपावली के अवसर पर तेज धमाके के कई शौकीन हर साल अस्पताल पहुंच जाते हैं। कुछ मामलों में तो त्यौहार की खुशी कभी न उबर सकने वाले दुर्भाग्य में बदल जाती है। विस्फोटकों के कारण आग लगने के मामले भी होते हैं जबकि इनसे बचा जा सकता है। इसी तरह शराब के असर में बेहद तेज रफ्तार से वाहन चलाने का शौक भी इस दिन पूरा किया जाता है जो किसी न किसी रूप में हादसा बनकर सामने आता है। इन शौकीनों की ये बेवकूफियां उनको तो खतरे में डालते ही है उनके परिवारों पर भी दुखों का पहाड़ गिरा देती हैं। खुशी के लम्हों को अकारण गमों का माहौल बना देने के पीछे कौन सी समझदारी है? इसलिए ऐसे मूर्खतापूर्ण रोमांस से बचें। विधि विधान के अनुसार त्यौहार मना कर खुद भी प्रफुल्लित हों और परिवार का आनंद भी बढ़ाएं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**धनतेरस पर खुला बांकेबिहारी मंदिर का खजाना**
कलियुग का आवास स्वर्ण में माना गया है!

**पाक का हर इंच अब ब्रह्मोस की रेंज में-रक्षामंत्री**
बिहार चुनावों नतीजों तक बमबारी जारी रहेगी

**दीवाली के पहले ही दिल्ली की हवा खतरनाक**
ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है !

**अनहोनी के लिये तैयार लखनऊ के अस्पताल**
कई अनहोनियां अस्पतालों के भीतर होती हैं!

**राजधानी में गंदगी देख चढ़ा वित्तमंत्री का पारा**
बेरोज़गारी पर नगर विकास मंत्री परेशान होंगे!

**भाईदूज तक विद्युत कर्मचारी आंदोलन स्थगित**
बहनों से टीका लगवाकर लड़ाई लड़ी जायेगी

♦♦♦

# आत्म परिष्कार का पर्व है दीपावली



सियाराम पांडेय 'शांत'

देश भर में दीप पर्व मनाया जा रहा है।भारत के सभी प्रान्तों में यह पर्व आनंद और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दुनिया भर में बसे और काम करने गए भारतवंशी अपने-अपने तरीके से दीपावली मना रहे हैं।अयोध्या का तो आनंदातिरेक ही अलग है। यहां त्रेतायुग की तरह दीपावली मनाई जा रही है। नौ वर्षों से अयोध्या में भव्य और दिव्य दीपोत्सव मनाया जा रहा है।साल.दर.साल वहां दीप प्रज्ज्वलन के पुराने रिकॉर्ड टूट रहे हैं।नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। देश-दुनिया के लोग इस विहंगम दृश्य को देखने के लिए आते हैं और सरकार के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी करते है। जो नहीं आ पाते,वे अपने कंप्यूटर, लैपटॉप,टेलीविजन और मोबाइल पर इस अद्भुत दृश्य के साक्षी बनते हैं। किसी पर्व को लोकरंजन,नवोन्मेष और अर्थोत्पादन का हेतु कैसे बनाया जा सकता है,दीपावली समूह के त्योहार इसकी विशद व्याख्या करते हैं। दीपावली पर्व के प्रथम चरण धनतेरस पर अरबों-खरबों रुपए का कारोबार हर साल होता है।इस साल भी हुआ है।छोटी दिवाली पर अयोध्या में तकरीबन 29 लाख दीपको का जलना कुंभकारों की अर्थव्यवस्था को संजीवनी दे गया है। लक्ष्मी,गणेश और कुबेर की मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकार भी प्रमुखता से लाभान्वित हुए हैं। मतलब देश के धन का देश में ही पर्याप्त विनिमय हो रहा है। यह एक तरह से स्वदेशी का शंखनाद ही है। वैसे तो यह परम्परा आदिकाल से चली आ रही है,लेकिन तब इसमें आज की तरह का नवोन्मेष भले न रहा हो लेकिन उसमें सहजता और वैज्ञानिकता दोनों थी। तब दीपक जलाने की व्यवस्था राजा को नहीं करनी पड़ती थी। वह केवल इस अवसर पर 7 या 9 दिन के मेलों का आयोजन करता था,जिसमें प्रजाजन न केवल भाग लेते थे,अपितु स्वस्थ मनोरंजन भी प्राप्त करते थे। पहलवानों, कलाकारों पर दांव लगाकर एक तरह से उन्हें प्रोत्साहित भी करते थे।दीपावली उनके उत्साह और उमंग का हेतु तो थी लेकिन आज की तरह का दिखावा बिल्कुल नहीं थी। उसमें सर्वजन की खुशी निहित थी।जिस तरह दीपक सबके लिए जलता है,उसी तरह व्यक्ति को अपने साथ ही सबकी जिंदगी में रोशनी बिखेरने की कोशिश करनी चाहिए।

भारत में दिवाली मनाने के कोई एक ठोस कारण नहीं है। अलग-अलग ग्रंथों में अलग-अलग कारण बताए गए हैं।अधिकांश में दीपमालिका पर्व के तत्वदर्शन की लगभग सुस्पष्ट व्याख्या है। बस उसे समझने और उस पर मनन करने की जरूरत है। रावण वध के उपरांत भगवान राम की अयोध्या वापसी के उपरांत उनके स्वागत में घर-घर , गली, चौराहों और रास्तों पर दीप जलाने का जो सिलसिला तब शरू हुआ,वह आज तक चला आ रहा है। मौजूदा दीपावली और उसके उल्लास को कमोवेश इसी रूप में देखा जा सकता है। भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक माह की कृष्ण चतुर्दशी को भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर उसके चंगुल से 16 हजार राजकुमारियों का उद्धार किया था। कृतज्ञता ज्ञापन स्वरूप दीपावली के दिन आरती-वंदन कर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया था। तब से यह परंपरा चली आ रही है। महाभारत में इस बात का उल्लेख मिलता है कि 12 वर्ष के वनवास और एक साल के अज्ञातवास के बाद अपने राज्य में लौटे पांडवों का दीपमालिका सजाकर अभिनंदन किया गया था। स्कन्द पुराण,भविष्य पुराण और पद्म पुराण में दीपावली को लेकर अलग-अलग मान्यताएं हैं। अलगअलग आख्यान है लेकिन उन सबमें दीपदान और लक्ष्मी पूजन सर्वांगसम है।महाराज पृथु ने पृथ्वी का दोहन कर अन्न-धन प्राप्ति के साधनों का नवीनीकरण किया था और इस बहाने देश की दरिद्रता दूर की थी। इस सफलता के उपलक्ष्य में देश में दीपावली का प्रादुर्भाव हुआ था।

सनत्कुमार संहिता में दीपावली पर्व को वामन अवतार और राजा बलि के कब्जे से देवी लक्ष्मी और देवताओं को छुड़ाने और धरती को श्रीसम्पन्न बनाने से जोड़ा गया है। दैत्यराज बलि द्वारा भारी कराधान आदि से लूटे गए धन को संसार में विभक्त कर दिया था। इस लिहाज से देखा जाए तो यह उस दौर की सबसे बड़ी आर्थिक क्रांति थी । जैन धर्म के ग्रंथ कल्पसूत्र में लिखा है कि आज ही के दिन भगवान महावीर ने अपना शरीर छोड़ा था।तब देश-देशांतर से आए उनके शिष्यों ने निश्चय किया था कि ज्ञान सूर्य तो अस्त हो गया,अब दीपो का प्रकाश कर हमें यह दिन मनाना चाहिए। बौद्ध धर्म में भगवान बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के उपरांत कार्तिक अमावस्या को ही कपिलवस्तु लौटे थे।

महर्षि कात्यायन ने अपने ग्रंथ काम सूत्र में तत्कालीन माहिमान्य उत्सव दीपावली को यक्षरात्रि के रूप में निरूपित किया है। सातवी सदी में हर्षवर्धन ने अपने नाटक नागानंद में दीपप्रतिपदुत्सव कहा है। उस दौर के ग्रंथ नील मत पुराण में कार्तिक अमायां दीप वर्णनम नामक एक अध्याय मिलता है। पुराणों में दीपावली को महानिशा कहा गया है। तांत्रिकों, मांत्रिकों और यांत्रिकों के लिए यह महापर्व है। यह महालक्ष्मी के आठो स्वरूपों के पूजन का पर्व तो है ही, साधना, उपासना, जागरण और जाप्य



मंत्र की सिद्धि का भी पर्व है। दीपक आत्मा का प्रतीक है। सातवी सदी में हर्षवर्धन ने अपने नाटक नागानंद में दीपप्रतिपदुत्सव कहा है। उस दौर के ग्रंथ नील मत पुराण में कार्तिक अमायां दीप वर्णनम नामक एक अध्याय मिलता है। पुराणों में दीपावली को महानिशा कहा गया है। तांत्रिकों,मांत्रिकों और यांत्रिकों के लिए यह महापर्व है। यह महालक्ष्मी के आठो स्वरूपों के पूजन का पर्व तो है ही,साधना,उपासना,जागरण और जाप्य मंत्र की सिद्धि का भी पर्व है। दीपक आत्मा का प्रतीक है। भगवान बुद्ध ने भी यही निर्देश किया है कि अप्प दीपो भव। अपना दीपक खुद बनो। दीपक प्रकाश का प्रतीक है। ज्ञान का प्रतीक है। साधना और पुरुषार्थ का प्रतीक है। महाराज मनु के दौर से ही कार्तिक भर अपने घरों के साथ ही, नदियों, तालाबों, कुंओं , धर्मशालाओं, बागों व सार्वजनिक स्थलों पर रात में दीपक जलाने की परंपरा रही है। इसकी वजह यह है कि वर्षा ऋतु में विषैले जीव जंतु निकल आते हैं। दिन के उजाले में तो उन्हें देखा जा सकता है,लेकिन रात्रि के अंधेरे में वे जीवन पर भारी न पड़ें,इसलिए समशीतोष्ण माह कार्तिक में दीपदान की व्यवस्था पूर्वजों ने की थी। कार्तिक के बाद जब शीत ऋतु आती है तो विषैले जीवजंतु स्वतः अपने विवरों में चले जाते हैं।

दीपपुंज के प्रकाश और उष्णता से वर्षाजन्य रोग पैदा करने वाले कीटाणुओं का विनाश होता है। तेल का सुगंधियुक्त धुंआ वातावरण में फैलकर नस्य प्रणाली द्वारा मस्तिष्क तक पहुंचता और शारीरिक रोगों से निजात दिलाता है। दीपावली व्यक्ति,समाज और राष्ट्र के सौंदर्य बोध का अभिव्यक्ति पर्व है। इस समय तक किसानों की फसल कट कर घरों और बाजार में आ जाती है, इस लिहाज से देखें तो यह जन-मन की प्रसन्नता और उल्लास का पर्व है। भारत में दीपावली युगों-युगों से मनाई जा रही है लेकिन उसका शालीनता से मनाया जाने ही श्रेयस्कर है ।यह खाता-बही ठीक करने का अवसर तो है ही,शक्ति संचय और जीवन की दिशा के सुधार-परिष्कार का भी पर्व है। यह बाह्य और आंतरिक निर्मलता का पर्व है। केमिकलयुक्त तेल के धुएं और पटाखों की बारूदी गंध फैलाने की हाहाकारी प्रतिस्पर्धा से बचने का भी पर्व है।इसलिए हमें दीप ज्योति के स्वरूप को जानने और अपने भीतर-बाहर के अज्ञान अंधकार को मिटाने और सत्प्रवृत्तियों के संवर्द्धन के प्रकाश को प्रकट करने की जरूरत है। यही देश में युगों-युगों से जलाई जा रही दिवाली का दिव्य संदेश भी है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### प्रथम अध्याय

(गतांक से आगे)

श्रीकृष्ण कहते हैं कि क्षत्रिय श्रेणी के साधक के लिये युद्ध के अतिरिक्त कोई कल्याणकारी रास्ता है ही नहीं। प्रश्न उठता है कि क्षत्रिय है क्या? प्रायः लोग इसका आशय समाज में जन्मना उत्पन्न ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र जातियों से लेते हैं। इन्हें ही चार वर्ण मान लिया जाता है। किन्तु नहीं, शास्त्रकार ने स्वयं बताया है कि क्षत्रिय क्या है, वर्ण क्या है? यहाँ उन्होंने केवल क्षत्रिय का नाम लिया और आगे अठारहवें अध्याय तक इस प्रश्न का समाधान प्रस्तुत किया कि वस्तुतः ये वर्ण हैं क्या और कैसे इनमें परिवर्तन होता है? मितिक श्रीकृष्ण ने कहा, 'चातुर्वर्ण्य मया सृष्टम्' (गीता, 4/13)- चार वर्षों की सृष्टि मैंने की। तो क्या मनुष्यों को बाँटा? श्रीकृष्ण कहते हैं- नहीं, 'गुणकर्मविभागशः।' गुणों के माध्यम से कर्म को चार भागों में बाँटा। अब यह देखना है कि वह कर्म क्या है, जिसे बाँटा गया? गुण परिवर्तनशील हैं। साधना की उचित प्रक्रिया द्वारा तामसी से राजसी और राजसी से सात्विक गुणों में प्रवेश मिलता जाता है। अन्ततः ब्राह्मण स्वभाव बन जाता है। उस समय ब्रह्म में प्रवेश दिला देनेवाली सारी योग्यताएँ उस साधक में रहती हैं। वर्ण-सम्बन्धी प्रश्न यहाँ से आरम्भ होकर अठारहवें अध्याय में जाकर पूर्ण होता है। श्रीकृष्ण की मान्यता है- 'श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्व-नुष्ठितात्।' (गीता, 18/47) स्वभाव से उत्पन्न इस धर्म में प्रवृत्त होने की क्षमता जिस स्तर की हो, भले ही वह गुणरहित शूद्र श्रेणी की हो, तब भी परमकल्याण करती है; क्योंकि आप क्रमशः वहीं से उत्थान करते हैं। उससे ऊपरवालों की नकल करके साधक नष्ट हो जाता है। अर्जुन क्षत्रिय श्रेणी का साधक था, इसलिये श्रीकृष्ण कहते हैं कि- अर्जुन ! अपने स्वभाव से उत्पन्न इस युद्ध में प्रवृत्त होने की अपनी क्षमता को देखकर भी तू भय करने योग्य नहीं है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्ग समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# तालिबान से सम्बन्ध अर्थात घोर अतिवादी विचारधारा से समझौता



-तनवीर जाफ़री

अफ़ग़ानिस्तान की तालिबानी सरकार के विदेश मंत्री अमीर ख़ान मुत्तक़ी ने पिछले दिनों भारत का एक सप्ताह का दौरा किया। अगस्त 2021 में तालिबान के जबरन सत्ता में आने के बाद किसी शीर्ष तालिबानी नेता की पहली आधिकारिक यात्रा थी। मुत्तक़ी संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंधित सूची में शामिल थे, इसलिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तालिबान प्रतिबंध समिति ने उन्हें केवल भारत यात्रा के लिए विशेष छूट दी थी। ग़ौरतलब है कि 2021 में भारत ने तालिबान शासन के बाद काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। परंतु पिछले गत जनवरी 2025 में भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की दुबई में मुत्तकी से हुई मुलाक़ात और फिर मई 2025 में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की मुत्तकी से फोन पर हुई बातचीत के बाद ही उनके भारत दौरे का रास्ता साफ़ हो गया था। 2021 में अफ़ग़ानिस्तान की लोकतान्त्रिक सरकार से जबरन सत्ता हथियाने वाले तालिबानों को अब तक केवल रूस ने ही मान्यता दी है। वर्तमान तालिबानी शासन को भारत ने भी अभी तक मान्यता नहीं दी है। इसके बावजूद तालिबान से व्यापार, विकास,सहायता, और सुरक्षा जैसे विषयों को लेकर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मज़बूत करने की बात करना और कल तक मानवता विरोधी कुकृत्य करने वाले कुख्यात आतंकी संगठन के रहनुमाओं से हाथ मिलाना 'दुश्मन का दुश्मन अपना दोस्त' की नीति के अंतर्गत भले ही ठीक नज़र आता हो परन्तु तालिबानों के ज़ुल्म व अत्याचार की सूची इतनी लंबी है कि इन वैचारिक आतंकियों को न तो कभी मुआफ़ किया जा सकता है न ही इनपर विश्वास किया जा सकता है। यही वजह है कि भले ही भारत सरकार ने तालिबानी नेता व उसके साथ आये प्रतिनिधिमंडल का स्वागत क्यों न किया हो परन्तु देश का एक बड़ा वर्ग भारत तालिबान रिश्तों को लेकर खुश नहीं बल्कि नाखुश नज़र आया। दरअसल पूर्व में ओसामा बिन लादेन व मुल्ला उमर के संरक्षण में इन्हीं तालिबानों ने आतंक तथा अपनी घोर कट्टरपंथी विचारधारा का वह घिनौना इतिहास लिखा है जिसे दुनिया कभी भुला नहीं सकती। याद कीजिये फ़रवरी 2001 में तालिबान के सर्वोच्च नेता मुल्ला मोहम्मद उमर द्वारा जारी किया गया वह फ़रमान जिसमें उसने अफ़ग़ानिस्तान में मौजूद सभी मूर्तियों को नष्ट किये जाने जैसा वैमनस्यपूर्ण आदेश जारी किया था। इसी आदेश के बाद तालिबानी लड़ाकों द्वारा अफ़ग़ानिस्तान की बामियान घाटी में छठी शताब्दी ईस्वी में चट्टानों में तराशी गई दो विशालकाय बुद्ध मूर्तियों को तोपों और एंटी-एयरक्राफ़्ट गनों से ध्वस्त कर दिया गया था ? यह दुनिया की सबसे ऊँची खड़ी बुद्ध प्रतिमाओं में से एक थीं जिनकी ऊँचाई क्रमशः 180 व 125 फ़ीट थी। तालिबान के इस दुस्साहस ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था। क्योंकि ये मूर्तियाँ 1,500 वर्ष पुरानी थीं और मानव इतिहास का एक अहम हिस्सा थीं। तालिबान ने इस दौरान अफ़ग़ानिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी अन्य बौद्ध कलाकृतियों को भी नष्ट किया था । तालिबान के इस क़दम से पूरे विश्व में आक्रोश पैदा हो गया था। संयुक्त राष्ट्र, यूनेस्को, भारत, जापान, श्रीलंका और अन्य कई देशों द्वारा इस तालिबानी कुकृत्य की घोर निंदा की गयी थी । यूनेस्को ने इसे तालिबान द्वारा किया गया 'सांस्कृतिक अपराध' बताया था। क्या इस घटना को भुलाया जा सकता है जोकि इन्हीं तालिबानों की नफ़रती सोच व विचारधारा के तहत अंजाम दी गयी थी ? क्या देश 24 दिसंबर 1999 को अंजाम दिये गये उस कंधार विमान अपहरण कांड को भूल सकता है जिसमें काठमांडू से नई दिल्ली आने वाली इंडियन एयरलाइंस की फ़्लाइट IC-814 का अपहरण पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन हरकत-उल-मुजाहिदीन द्वारा किया गया था। इस विमान में 176 यात्री और 15 चालक दल के सदस्य सहित कुल 191 लोग सवार थे। अपहरणकर्ताओं द्वारा यह विमान अमृतसर,लाहौर व दुबई के बाद अंत में अफ़ग़ानिस्तान के कंधार ले जाया गया था जो उस समय तालिबान के नियंत्रण में था। कंधार विमान अपहरण कांड एक ऐसी घटना थी जिसने भारत की सुरक्षा नीतियों, आतंकवाद से निपटने की रणनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर गहरा प्रभाव डाला था । यह घटना आज भी आतंकवाद के ख़िलाफ़ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में देखी जाती है। इसी विमान अपहरण के बाद भारत सरकार को भारतीय जेलों में बंद मसूद अज़हर, अहमद उमर सईद शेख़ व मुश्ताक़ अहमद ज़रगर जैसे दुर्दांत आतंकियों की रिहाई करनी पड़ी थी। इस पूरे प्रकरण को अंजाम तक पहुँचाने में तालिबानों ने ही अपहरणकर्ताओं के पक्ष में अहम किरदार निभाया था। इसीलिए अपहरणकर्ता विमान को अंत में कंधार ले गए थे। क्या देश इस हादसे को कभी भुला सकता है ? महिलाओं को लेकर



तालिबानों की विकृत व अमानवीय सोच से भी दुनिया भलीभांति वाक़िफ़ है। यह तालिबान ही तो थे जिन्होंने 9 अक्टूबर 2012 को, पश्तून परिवार से संबंध रखने वाली 15 वर्षीय मलाला यूसुफ़ज़ई को उस समय उसका नाम पूछकर गोली मारी थी जबकि वह स्वात ज़िले में परीक्षा देकर स्कूल बस से अपने घर लौट रही थीं। याद कीजिये उस समय एक नक़ाबपोश तालिबानी बंदूक़धारी उस बस में चढ़ा और चिल्लाया, 'तुम में से कौन मलाला है? बोलो, वरना मैं सबको गोली मार दूँगा।' मलाला की पहचान होने पर उसने मलाला को बाएँ आँख के पास से गोली मारी, जो उनके गर्दन से होकर कंधे में जा लगी। इसी हमले में कायनात रियाज़ व शाज़िया रमज़ान नाम की दो अन्य स्कूली लड़कियां भी घायल हुईं थीं। यह हमला तालिबान द्वारा मलाला की शिक्षा संबंधी सक्रियता के विरुद्ध था। उस समय तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के प्रवक्ता ने इस घटना की ज़िम्मेदारी लेते हुये यह कहा था कि मलाला 'काफ़िरों की प्रतीक' हैं और इस्लाम विरोधी विचार फैला रही है। यह तालिबान ही हैं जिन्होंने लड़कियों के सैकड़ों स्कूल्स या तो उड़ा दिया या उनमें आग लगा दी। शिक्षा को लेकर तालिबानी सोच जगज़ाहिर है।

## प्रेरक प्रसंग

### शांति का रहस्य

इटली के एक पादरी थे। उन्हें कभी क्रोध नहीं आता था। बड़े शान्त स्वभाव के थे। लोग उन्हें चिढ़ाते, पर उनके माथे पर शिकन तक न आती। लोग उन्हें बुरा-भला कहते, पर वह हँसते रहते। लोग उनके बारे में तरह-तरह की बातें उड़ाते, पर वह किसी के विरुद्ध एक शब्द भी मुंह से न निकालते।

उनकी सहनशीलता को देखकर लोगों को बड़ी हैरानी होती। वे बार-बार प्रयत्न करते कि कैसे ही उन्हें गुस्सा आ जाय, किन्तु उन्हें हर बार मुंह की खानी पड़ती।

अंत में लोग उनके पास आये। बोले, श्रीमानजी, सहन करने की इतनी शक्ति आपको कहां से मिली है ?

पादरी ने उनकी ओर देखा। उनके चेहरे पर मुस्कराहट खेल रही थी। बोले, जिसे ऊंचाई पर जाना होता है, वह छोटी-छोटी बातों में नहीं फंसता। मैं हमेशा ऊपर की ओर देखता हूं और मुझे लगता है कि कहनेवाले कुछ भी कहें, मैं अपने मन को क्यों बिगाडूं!

फिर थोड़ा रुककर उन्होंने कहा, मैं नीचे देखता हूं तो मुझे लगता है कि आखिर उठने-बैठने और सोने के लिए आदमी को कितनी जमीन चाहिए!

पादरी की आंखें चमक आईं। आगे बोले, अपने चारों ओर देखता हूं तो मुझे बहुत से ऐसे लोग दिखाई देते हैं, जो घोर कष्ट का जीवन बिता रहे हैं। यह देखकर मेरे दिल में करुणा पैदा होती है। याद रक्खो, जिसके हृदय में करुणा होती है, वह कभी क्रोध नहीं कर सकता। उसका मन सदा शान्त रहता है। मेरी शान्ति का यही रहस्य है।

## आपका पत्र मिला

### ट्रम्प का दम झूठ का फुस्सी बम

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी नागरिकों व मित्र देशों को खुश करने के लिए और विश्व में अपनी साख बढ़ाने के लिए झूठ का सहारा लेते रहते है। इसी प्रकार का एक झूठ उन्होंने पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है, कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। जिसके लिए ट्रम्प कई समय से भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे है। कभी अतिरिक्त टैरिफ लगाकर तो कभी धमकाकर लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पा रहे है। तो झूठ का सहारा लेकर वह विश्व को यह संदेश देना चाहते है, कि उन्होंने प्रधानमंत्री जी को दवाब में लाकर तेल खरीदी बंद करने का फैसला लेने के लिए मजबूर कर दिया है। जो कि सत्य नहीं है, यह एक कोरा झूठ है। जिसका खंडन भारत के द्वारा उनके इस बयान के बाद किया गया है। भारत ने कहा है, कि प्रधानमंत्री जी और ट्रम्प के बीच बातचीत ही नहीं हुई है। क्योंकि इन दिनों प्रधानमंत्री मोदी और ट्रम्प के बीच बातचीत का सिलसिला बंद है। जब प्रधानमंत्री जी ट्रम्प से बात ही नहीं कर रहे, तो यह कैसे हो सकता है, कि प्रधानमंत्री जी ट्रम्प को तेल खरीदी बंद करने का आश्वासन दे। यह तो अपने मुंह मियां मिठू बनने वाली बात हो गई। यह सब ट्रम्प केवल अपने देश के नागरिकों और मित्र देशों की नजरों में कम हो रही अपनी लोकप्रियता को बचाने व अपनी बची हुई संप्रभुता को बनाए रखने के लिए कर रहे है। भारत के द्वारा लगातार कहा जा रहा है, कि अमेरिका के अतिरिक्त टैरिफ के भार से देश की अर्थव्यवस्था को बचाने व सस्ते तेल की तलाश के विकल्प के लिए भारत स्वतंत्र है और उसकी यह तलाश जारी रहेगी। लेकिन भारत ने यह कभी नहीं कहा कि वह रूस से तेल खरीदी बंद कर रहा है। इस बात को न मान कर दूसरे देश के एक राष्ट्रपति के झूठ को सच मान कर भारत के विपक्ष के नेता जब यह कहते है, कि भारत के प्रधानमंत्री ट्रम्प से भयभीत है। क्योंकि तेल खरीदी बंद करने की घोषणा का अधिकार उन्होंने ट्रम्प को दे दिया है तो बहुत दुःख होता है।

**योगेश सिंह सेंधरे**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।** आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025




# कैसे हुई दीपोत्सव मनाने की शुरुआत?

## लुक को अट्रैक्टिव करने के लिए दिवाली पर ट्राई करें ये 'को ऑर्ड सेट'



दिवाली पर खूबसूरत दिखना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अक्सर अलग-अलग डिजाइन वाले कपड़ों को पहनते हैं, ताकि लुक अच्छा लगे। इस बार दिवाली पर पहनने के लिए आप को ऑर्ड सेट को स्टाइल कर सकती हैं। को ऑर्ड सेट पहनने के बाद अच्छा लगता है। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे स्टाइल करके आपका लुक सबसे अलग दिखेगा। आइए आर्टिकल में आपको किस तरह के को ऑर्ड सेट को आप वियर कर सकती हैं।

**टेसल वर्क वाला को ऑर्ड सेट करें वियर**

आप लुक को अट्रैक्टिव करने के लिए आप टेसल वर्क वाले को ऑर्ड सेट को स्टाइल करें। इस तरह के को ऑर्ड सेट पहनने के बाद अचअछा लगेगा। साथ ही इससे लुक कापी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इसमें आपको ऊपर नेकलआइन में मिरर वर्क के साथ टेसल वर्क मिलेगा। इसकी स्लीव्स पर आपको लेस वर्क मिलेगा। इस तरह के को ऑर्ड सेट को वियर करके आपका लुक अच्छा नजर आएगा। साथ ही आप खूबसूरत दिखेंगी। मार्केट में आपको इस तरह के आउटफिट आसानी से मिल जाएंगे। जिसे वियर करके आप खूबसूरत लगेंगी।

**सिंपल वर्क वाला को ऑर्ड सेट को दिवाली पर करें**

आप दिवाली पर पहनने के लिए सिपंल वर्क को ऑर्ड सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के को ऑर्ड सेट पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। इसमें आपको कई सारे कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। साथ ही आपको इसके साथ कॉन्ट्रास्ट में भी को ऑर्ड सेट के ऑप्शन मिल जाएंगे। ऐसे में यह वियर करने के बाद खूबसूरत लगेगा। इसे आप मार्केट से जाकर खरीद सकती हैं। यह आपको कम दाम में मिल जाएगा। जिसे आप दिवाली पर वियर कर सकती हैं।

**प्रिंटेड पैटर्न वाला को ऑर्ड सेट करें दिवाली पर वियर**

सुंदर नजर आएंगी जब आप प्रिंटेड पैटर्न वाले को ऑर्ड सेट को स्टाइल करेंगी। इस तरह के को ऑर्ड सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको गोटा वर्क मिलेगा। इसकी धोती आपको प्लेन डिजाइन में मिलेगी। ऐसे में सूट पहनने के बाद अच्छा लगेगा। इसे आफ कभी भी वियर कर सकती हैं। साथ ही आपका लुक काफी अट्रैक्टिव नजर आता है।



दीपावली धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी के पूजन का विशेष अवसर है। हमें इसे केवल धन-संपत्ति के विश्लेषण तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए, वरन अपने व्यसनों को छोड़कर सद्गुणों को अपनाना चाहिए, क्योंकि लक्ष्मी जीवन-साधना और आत्म-सुधार का आधार हैं।

**असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक है दीपावली**

सभी युगों में दीपावली मनाने का उल्लेख मिलता है। विज्ञजन कहते हैं कि पहली बार दीपावली सतयुग में समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुईं माता महालक्ष्मी के स्वागत के रूप में मनाई गई थी। त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम द्वारा रावण वध के बाद अयोध्या आगमन पर पूरी नगरी को दीपमालिकाओं से सजाया गया था और यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक दीपपर्व-प्रकाशपर्व के रूप में मनाया गया था। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा नरकासुर के वध और अपनी बहन सत्यभामा के लिए पारिजात का वृक्ष लाने की घटना दीपावली पर्व के एक दिन पूर्व चतुर्दशी से जुड़ी है। कलियुग में इन सभी को समन्वित कर पांच दिवसीय दीपोत्सव महापर्व के रूप में मनाने की परंपरा है।

**मां लक्ष्मी की होती है विशेष पूजा**

दीपावली में लक्ष्मी पूजन का महत्वपूर्ण विधान है। लक्ष्मी धन और समृद्धि की देवी मानी जाती हैं। अतः यह धन और समृद्धि का त्योहार है। दीपावली के अवसर पर हम अपनी वित्तीय स्थिति का विश्लेषण करते हैं, उस पर ध्यान देते हैं और अपने लाभ और हानि की समीक्षा करते हैं, लेकिन इसे केवल वित्तीय विश्लेषण तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए, वरन इस अवसर पर हमें अपनी भीतरी समृद्धि को भी बढ़ाना चाहिए। अपने व्यसनों को छोड़कर सद्गुणों को अपनाना चाहिए। समृद्धि यानी लक्ष्मी जीवन-साधना, आत्म सुधार का आधार और सहारा है। हमें देवी लक्ष्मी को अपनी मां की तरह ही आत्मसात करना चाहिए और उनके आशीर्वाद रूपी धन-संपत्ति और समृद्धि का उपयोग अपनी क्षमताओं-प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए करना चाहिए, न कि आराम और विलासिता के लिए। धन को केवल उपयोगी कार्यों में खर्च करना चाहिए, तभी उसकी सार्थकता है।

**दीपावली का पर्व अज्ञान के अंधकार को करता है दूर**

दीपावली अज्ञान के अंधकार को दूर कर प्रकाश का वरण करने का पर्व है। दीपावली से जुड़ी ऐसी अनेक कथाएं हमारे प्राचीन ग्रंथों में विद्यमान हैं, जो किसी न किसी रूप में हमें जीवन के मूल्य को समझाती हैं। इनमें ऐसे विविध दर्शन छिपे हुए हैं, जो मानव जीवन में जड़ जमाए बैठी नकारात्मक वृत्तियों को छोड़कर ताजगी के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हैं। जिस तरह दीपक स्वयं जलकर अंधेरा हटाकर दूसरों को उजाला बांटता है और अपने परिवेश को प्रकाशित करता है, उसी तरह मानवों को भी दूसरों के अज्ञान, विविध संकट रूपी अंधकार को मिटाने के लिए कार्य करना चाहिए। दीपावली नई शुरुआत का, आगे बढ़ने का प्रेरणादायी पर्व का नाम है।



**जातक करते हैं मां लक्ष्मी से खास प्रार्थना**

अर्थात हे लक्ष्मीपते! आप दानी हैं, साधारण दानदाता ही नहीं, बहुत बड़े दानी हैं। विज्ञजन कहते हैं कि संसार भर से निराश होकर जो याचक आपसे प्रार्थना करता है, उसकी पुकार सुनकर उसे आप आर्थिक कष्टों से मुक्त कर देते हैं, उसकी झोली भर देते हैं। हे भगवान, मुझे भी संकट से मुक्त कर दो। मुझे ऐसी शक्ति दो कि मैं भी आपके इन गुणों का पालन करने में अपना कदम बढ़ा सकूं। यदि हम अपने परिवार, समाज व राष्ट्र को समृद्धिशाली रूप में पल्लवित होते देखना चाहते हैं तो हम सबको मिलकर दैन्य और दरिद्रता के कारणों को मिटाना होगा। तभी परिवार, समाज व राष्ट्र की सामाजिक स्थिति के साथ आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## दिवाली पर दुकान-ऑफिस के लिए कब करें पूजा? शुभ मुहूर्त



धनतेरस के साथ ही पांच दिनों तक चलने वाले दीपोत्सव की शुरूआत हो जाती है। दीपावली का त्योहार हिंदुओं का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है। इसे प्रकाश पर्व के रूप में हर वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर मनाया जाता है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, दीपावली का त्योहार भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पूरा होने और रावण का वध करके अयोध्या वापस लौटने की खुशी के रूप में मनाया जाता है। वहीं एक दूसरी पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक माह की अमावस्या तिथि समुद्र मंथन के दौरान देवी लक्ष्मी प्रकट हुईं थीं। पंचदिवसीय दीपोत्सव पर्व के दौरान अलग-अलग देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के लिए उनकी विधि-विधान के साथ पूजा करने का खास महत्व होता है। दिवाली पर मुख्य रूप से देवी लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कुबेर की पूजा होती है। इसके अलावा इन पांच दिनों में भगवान धन्वतंरि, भगवान हनुमान, भगवान यमराज, देवी काली, सरस्वती, भगवान कृष्ण और राजा बलि की पूजा होती है। दिवाली का त्योहार तीसरे दिन मनाया जाता है जो पांच दिनों के उत्सव का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। इस दिन महालक्ष्मी की पूजा करने का विशेष महत्व होता है।





**दुकान, ऑफिस और प्रतिष्ठानों में कैसे करें लक्ष्मी पूजा**

- दिवाली की सुबह ऑफिस और दुकान में अच्छी तरह के साफ-सफाई करें, फिर पूजा स्थल समेत कार्यस्थल पर फूलों, रंगोली और लाइटों से सजावट करें। - दुकान और ऑफिस में पूजा स्थल पर माता लक्ष्मी, भववान गणेश और कुबेर देवता की मूर्ति को स्थापित करते हुए विधि-विधान के साथ पूजा करें। - इसके बाद अष्टगंध, फूल, अक्षत, फल, खील, बताशे, मिठाई का भोग लगाएं और फिर बही खातों की पूजा करें। - वही बही खातों पर स्वास्तिक और शुभ-लाभ का निशान बनाकर अक्षत और पुष्प अर्पित करते हुए धन की देवी माता लक्ष्मी से व्यापार में तरक्की और समृद्धइ की कामना करते हुए आरती करें।

### अमावस्या तिथि और पूजन मुहूर्त

इस बार अमावस्या तिथि 20 अक्तूबर को शाम 03 बजकर 44 मिनट से शुरू हो जाएगी, जिसका समापन 21 अक्तूबर को शाम 05 बजकर 54 मिनट पर होगा। ऐसे में 20 अक्तूबर को ही अमावस्या तिथि और प्रदोष काल रात्रि में रहेगी। लक्ष्मी पूजन के लिए प्रदोष काल और निशीथ काल बहुत ही शुभ माना जाता है। लक्ष्मी पूजा के लिए पहला मुहूर्त दोपहर में ही रहेगा।

### दुकान-ऑफिस, गृहस्थों और व्यापारियों के लिए लक्ष्मी पूजन मुहूर्त

**ऑफिस के लिए (लाभ)**- दोपहर 3:30 मिनट से शाम 5:00 बजे तक।
**छात्रों के लिए (अमृत)**- शाम 5:00 मिनट से लेकर 6:30 मिनट तक।
**प्रदोष काल**- 05:46 से 08:18 तक।
**वृषभ काल**- 07:08 से 09:03 तक।
**गृहस्थ, किसान, व्यापारी और विद्यार्थी के लिए**- शाम 7:32 मिनट से लेकर रात 9: 28 मिनट तक।
**नए व्यापारियों के लिए (चंचल)**- शाम 5:55 मिनट से लेकर 7:25 मिनट तक।
**परंपरागत व्यापारियों के लिए (शुभ)**- रात 3:25 मिनट से लेकर 4:55 मिनट तक।
**साधको के लिए (लाभ)**- रात 12:25 से 01:55 मिनट तक।
**लक्ष्मी पूजा मुहूर्त (प्रदोष काल)**- शाम 07:08 से 08:18 तक।
**ब्रह्म मुहूर्त ( 21 अक्टूबर 2025 सभी के लिए)**- सुबह 3:55 से 5:25 तक।

**दीपावली 2025- निशिता काल पूजा मुहूर्त**

**निशिता काल**- रात्रि 11:41 से 12:31 तक।
**सिंह लग्न काल**- सुबह 01:38 से 03:56 तक।


## बुझे दीपक प्रज्वलित कर दो



-डॉ. आशा रस्तोगी

आओ बुझे दीपकों को पुनः प्रज्वलित कर दो,
अपनी सुषुप्त चेतना को आत्मज्योति से जागृत कर दो।
स्नेह दीप से धरा का अंधियारा मिटाकर,
दीन- दुखियों में खुशियों की सौगात बांटकर,
जलाते चलो ये दिये स्नेह भर भर,
सार्थक करो तुम यह शुभ ज्योति का पर्व,
कर दूर घनघोर तिमिर को, अवसादपूर्ण जीवनों को खुशियों से भर दो।
पुनः बुझे दीपकों को, गाकर राग दीपक प्रज्वलित कर दो।
दीपावलियों से घर- आंगन सजा कर,
अमावस्या को निशा पूर्णिमा की बनाकर,
प्रक्षालित कर अपनी अंतर कालिमाको,
शुष्क हृदयों में प्रेम की सरिता बहाकर,
प्रेमपूर्ण आलिंगन देकर जन जन के मन आह्लादित कर दो।
पुनः बुझे दीपकों को आत्मज्योति से द्योतित कर दो।
विज्ञान के युग में बिन स्नेह विद्युत दिये जल रहे,
प्रकाश बिना विकीर्ण किये केवल टिम टिम कर रहे,
नहीं शक्ति है इनमें तिमिर की सरित को पार करने की,
नहीं शक्ति है इनमें धरा को प्रकाशित करने की,
हटा स्नेह विहीन विद्युत दियों को पुनः स्नेह के दीपक जला दो।
आत्म चेतना को जागृत कर सुख समृद्धि की सरिता बहा दो।
युगों युगों से तुम्हीं ने तिमिर की शिला पर,
दिये अनगिनत हैं निरंतर जलाए,
समय साक्षी है कि जलते हुए दीप,
अनगिनत, तुम्हारे पवन ने बुझाए,
बुझकर ज्योति दे गए दीपकों को, पुनः प्रज्वलित कर दो।
बहा आत्म ज्योति की निर्झर धारा, जग को जगमग जगमग कर दो।

## दीपावली के दिन करें ये आसान उपाय मां लक्ष्मी नहीं होने देंगी धन की कमी



दीपावली, हिंदुओं के मुख्य त्योहारों में से एक है, जो कार्तिक अमावस्या पर मनाई जाती है। इस दिन पर लक्ष्मी-गणेश पूजा का विधान है। ऐसे में आप इस दिन पर कुछ खास उपाय कर सकते हैं। ऐसा करने से आपको मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और धन की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

**जरूर करें ये काम :** दीपावली के दिन घर को सजाया जाता है और तरह-तरह की वंदनवान लगाई जाती हैं। ऐसे में दिवाली के शुभ अवसर पर आपको अपने घर के मुख्य दरवाजे पर अशोक के पेड़ के पत्तों से बनी वंदनदवान लगानी चाहिए। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं होता और एक सकारात्मक माहौल बना रहता है।

**करें इन चीजों का दान :** दीपावली के दिन किसी मंदिर में झाड़ू या फिर सुगंधित अगरबत्ती का दान करना चाहिए। ऐसा करने से घर से दरिद्रता दूर होती है और साधक को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसी के साथ इस दिन पर झाड़ू खरीदकर घर लाना भी काफी शुभ माना जाता है।

**प्रसन्न होंगी माता लक्ष्मी :** दीपावली के दिन लोहे के एक बर्तन में पानी, घी, शक्कर और दूध मिलाकर इसे पीपल के पेड़ में अर्पित कर दें। इसी के साथ पांच तरह की मिठाई अर्पित करें और एक घी का दीपक भी जलाएं। अब हाथ जोड़कर 11 बार पीपल के पेड़ की परिक्रमा करें। इस उपाय को करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। साथ ही इस उपाय से कर्ज की समस्या से भी मुक्ति पाई जा सकती है।

**आर्थिक तंगी होगी दूर :** दिवाली के दिन एक मिट्टी का घड़ा लेकर इसे लाल रंग दें और मौली बांधें। फिर इसपर एक जटायुक्त नारियल रखें और इसे बहते हुए जल में प्रवाहित कर दें। इस दौरान मन में अपनी मनोकामना कहें। कहा जाता है कि दिवाली पर इस को करने से धन की देवी का आपके घर में निवास होता है, जिससे साधक की आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता।

**घर के मुख्य द्वार पर पांच दीपक जलाएं**

शाम को पूजा से पहले मुख्य द्वार के दोनों ओर, तुलसी चौरा, पानी की टंकी और दक्षिण दिशा में एक-एक दीपक जलाएं। साथ ही उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) में भी दीपक अवश्य रखें। ये उपाय दरिद्रता को समाप्त करता है और धन की आवक को स्थिर बनाता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**सोमवार, 20 अक्टूबर, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ कार्तिक मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, चतुर्दशी तिथौ सोम वासरे 15/46/ हस्त नक्षत्रे 20/17/ वैधृति योग 26/35/ शकुनि करणे 15/46/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार –** नरक चतुर्दशी। दीपावली। कामेश्वर जयंती।

**मेष :** परिश्रम से ही महान कार्यों की सिद्धि होगी। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। शुभ कार्यों का परिणाम उत्साहवर्धक होगा। दुविधाएं समाप्त होंगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य नरम रहेगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्य बंधन से मन में खिन्नाता रहेगी। वाद-विवाद व आरोप का भय होगा।

**कर्क :** रुके धन की प्राप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीडा देंगे। निजी कार्यों में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी। अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यों पर व्यय बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या :** संदेह और संकोच नष्ट हो जाएंगे। नवीन योजनाओं के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होंगे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**धनु :** आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनोकूल कार्य की सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**मकर :** जनसंपर्क बढ़ेगा। संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि मिलेगी।

**कुंभ :** मित्रों से उपहार मिलेंगे। धार्मिक कृत्यों में आस्था होगी। पत्नी का सुख उत्तम रहेगा।

**मीन :** धार्मिक कार्यों में आस्था रहेगी। पराक्रमों में वृद्धि होगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष प्रयास सार्थक होंगे।

**प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 23 अक्टूबर तक**

**ललितपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हुपेंद्र शर्मा ने अवगत कराया है कि पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु पार्श्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संभावित उपलब्ध कक्षा 10 में अध्ययनरत योग्य उम्मीदवारों के लिये ऑनलाइन आवेदन की तिथि 23 अक्टूबर तक बढ़ा दी गयी है। पात्रता एवं अन्य जानकारी के लिये नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट देखें व चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026 है।



कालपी : रंगोली सजाते शिक्षिकाओं के साथ छात्रायें ।

## रंगोली सजाकर विद्यालय में दिवाली मनाई

**कालपी (जालौन)।** रोज वर्ल्ड पब्लिक स्कूल समेत कई विद्यालयों में विद्यार्थियों ने रंगोली सजाकर दिवाली का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया।

रोज वर्ल्ड पब्लिक स्कूल कालपी में शिक्षिकाओं के साथ छात्रों तथा बच्चियों के द्वारा आकर्षक रंगों से रंगोली को सजाया गया। जैसे शिक्षिका तथा नागरिकों के द्वारा जमकर सराहा गया। इसी प्रकार सर्वोदय बाल विद्या मंदिर तथा विभिन्न स्कूलों तथा घरों में रंगोली सजाई गई। पंडित अशोक वाजपेई ने बताया कि दिवाली पर रंगोली बनाना धन, समृद्धि तथा सौभाग्य का प्रतीक के रूप में माना जाता है। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा लाता है तथा नकारात्मकता को दूर करता है। यह खुशी और उत्सव की भावना को भी दर्शाता है।

## प्रगतिशील किसानों के साथ बैठक कर जागरुक किया ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक ने

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जिला स्तर पर कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ष्जिला स्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई का गठन किया गया है। ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक धीरपाल सिंह, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा जनपद के किसान उत्पादन संगठन / प्रगतिशील किसानों (हितधारकों) के साथ बैठक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे उ0प्र0 कृषि निर्यात प्रोत्साहन अनुदान, भौगोलिक उपदर्शन (जी0आई0), एगमार्क वर्गीकरण एवं मंडी अधिनियम (संशोधन) 2018 में प्रदत्त प्राविधानों/ सुविधाओं पर जानकारी प्रदान की गयी।



उरई : बैठक लेते कृषि विपणन निरीक्षक धीरपाल सिंह ।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति 2019 में प्राविधानित प्रोत्साहन / सब्सिडी- कृषि निर्यात उन्मुख क्लस्टर को बनाने, पंजीकरण एवं निर्यात दायित्व पूर्ण होने पर विकास खण्ड की सीमान्तर्गत प्रथम 50 हे0 से 100 हे0 तक 05 वर्षों में रू0 10 लाख एवं प्रत्येक 50 हे0 अतिरिक्त क्षेत्रफल बढने पर रू0 06 लाख अतिरिक्त प्रोत्साहन देय है, उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात होने की दशा में। जनपद में प्रोत्साहन राशि एफ0पी0ओ0/ एफ0पी0सी0/ किसान समूह अथवा समिति को ही अनुमन्य। जनपद में डकोर मटर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड उरई (जालौन) एवं सीताराम ओवरसीज प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड उरई (जालौन) के द्वारा हरी मटर के कुल 3 क्लस्टर गठन हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। क्लस्टर्स के निकट स्थापित की जाने वाली नवीन प्रसंस्करण इकाईयों के लिए निर्यात आधारित प्रोत्साहन क्लस्टर के निकट नई प्रसंस्करण इकाई, पैकहाउस, शीतगृह एवं राइपेनिंग चैम्बर आदि स्थापित करने एवं निर्यात दायित्व पूर्ण होने पर रू0 25 लाख या टर्न ओवर का 10 प्रतिशत जो भी कम हो निर्यात प्रारम्भ करने के एक वर्ष से न्यूनतम 40 प्रतिशत निर्यात करने पर 05 वर्षों तक देय। कृषि उत्पादों व प्रसंस्कृत वस्तुओं के निर्यात हेतु परिवहन अनुदान की अधिकतम सीमा वास्तविक भुगतान किये गये भाड़े का 25 प्रतिशत होगी तथा परिवहन अनुदान मद में प्रतिवर्ष अधिकतम रू0 20 लाख प्रति निर्यातक / फर्म को देय होगा। बैठक में किसान उत्पादक संगठन/ किसान उत्पादक कंपनी एवं प्रगतिशील किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सीओ ने आतिशबाजी की दुकानों का किया स्थलीय निरीक्षण



उरई : आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण करते सीओ ।

**कालपी(जालौन)।** दीपावली को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्राधिकारी के द्वारा आतिशबाजी मार्केट का स्थलीय निरीक्षण करके दुकानदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अग्निशमन यंत्र, पानी के ड्रम व मौरंग को भी देखा।

मालूम हो कि दीपावली के पर्व के अवसर पर आतिशबाजी की दुकानें सजती है तथा खरीदारी भी जोर-जोर से चलती है। कालपी में 2 आतिशबाजी तथा पांच पटाखे की दुकानों के लाइसेंसधारक है। शासन के निर्देश के मुताबिक आतिशबाजी तथा पटाखे की दुकानें रिहायशी तथा व्यवसायिक क्षेत्र से दूर स्थापित कराई जाती है। ठक्कर बापा इंटर कालेज में आतिशबाजी की दुकाने स्थापित होगी। इसी को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के द्वारा आतिशबाजी मार्केट स्थल का निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि त्योहारों के अवसर पर बाजारों में भीड़भाड़ बहुत अधिक रहती है। धनतेरस का त्यौहार कुशलतापूर्वक तथा शांतिपूर्वक निपट गया है। नियमों की अनदेखी करने पर संम्बंधित दुकानदार के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानों के बीच की दूरी को भी देखा वहां मौजूद खरीददारों से उन्होंने संवाद स्थापित करते हुए कहा कि तेज ध्वनि वाले पटाखे की खरीदारी कतई ना करें व अपनी देखरेख में ही बच्चों को पटाखे छुटाने दें जिससे कोई हानि होने से बच सके।

## खबर एक नज़र

### सेठ बीरेन्द्र कुमार पब्लिक स्कूल में आज मनाया गया रामोत्सव



जालौन : राम दरबार का चित्रण करते बच्चे ।

**जालौन।** त्रेता युग में दीपावली के भगवान राम 14 वर्ष बनवास में व्यतीत कर अयोध्या वापस आये तो अयोध्यावासियों ने प्रशन्नतापूर्वक स्वागत किया, यही दृश्य आज विद्यालय में देखने को मिला जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान के रूप में सजे बच्चों ने अयोध्या के रूप में सजे विद्यालय में प्रवेश किया तो व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया एवं अयोध्यावासियों के रूप में सजे बच्चों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया तथा अन्य छात्र-छात्राओं ने राम आयेंगे गीत पर नृत्य कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

व्यापार मंडल से श्याम जी गुप्ता, अनिल गुप्ता, दीपूलाला पुरवार, कौशल किशोर, पुष्पेन्द्र यादव, मनीष धूसर एवं सुधांशु गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ.नितिन मित्तल ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को अंग-वस्त्र भेट किये, अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि अपने विद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार देने का संकल्प लिया। बच्चे देखकर ज्यादा सीखाते है, इसी परिपेक्ष्य में इस तरह के कार्यक्रम आयोजि किये जाते हैं। अन्त में सभी बच्चों एवं स्टाफ एवं अतिथियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम संयोजक श्रद्धा अवस्थी, शगुफ्ता सिद्दीकी,सीता सेंगर,सोहनी मोनिका नेहा रोहिणी सहित समस्त स्टाफ के अथक प्रयास से कार्यक्रम सफल रहा । कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र सिंह ने किया ।

### बिना किसी गुटबाजी के सही ढंग से प्रधान ने बंटवाई खाद



जालौन : खाद की बोरियां उपलब्ध कराते प्रधान ।

**रामपुरा(जालौन)।** विकास खण्ड रामपुरा के ग्राम पंचायत सिद्धपुरा में आज बिना किसी प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी के प्रधान रबिन्द्र सिंह (उर्फ़ लला) द्वारा खाद की बोरियों का वितरण किया गया। यह वितरण पूरी पारदर्शिता और सही ढंग से किया गया, जिसके चलते ग्रामीणों ने प्रधान की कार्यप्रणाली की सराहना की।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान ने सभी पात्र किसानों को समान रूप से खाद की बोरियां उपलब्ध कराईं, किसी के साथ पक्षपात नहीं किया गया। समय पर खाद वितरण होने से किसानों को राहत मिली है और अब वे अपनी फसल की बुवाई समय पर कर पाएंगे।ग्रामीणों ने कहा कि प्रधान ने जिम्मेदारी और ईमानदारी से कार्य किया है, जिससे गांव में सकारात्मक माहौल बना है।वहीं कई किसानों ने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में भी इसी तरह ग्राम स्तर पर निष्पक्ष वितरण की व्यवस्था बनी रहे।

### छोटी दीपावली पर मृत्यु के देवता यमराज की हुई पूजा लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां ले गए लोग

कोंच(जालौन)। पांच दिवसीय सनातनी महापर्व दीपावली से ठीक एक दिन पहले मनाई जाने वाली छोटी दीपावली (नरक यम व रूप चतुर्दशी) परंपरागत तरीके से रबिबार को घरों में मनाई गई धनतेरस के अगले दिन और दीपावली से एक दिन पूर्व मनाई जाने वाली छोटी दीपावली के दिन सुबह अभ्यंग स्नान करने के बाद शाम को मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की गई और नरक जाने से मुक्ति मिलने की प्रार्थना कर घरों की दहलीज व छतों आदि स्थानों पर लोगों ने दीपक जलाए हिंदू मान्यता के अनुसार नरक चतुर्दशी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है इस दिन तेल के चैदह दीपक जलाए जाते हैं इस दिन लोग पूजन के लिए भगवती लक्ष्मी विघ्नहर्ता गणेश और कुबेर आदि की मूर्तियां भी घर ले जाते हैं सो मूर्तियों की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली।

### शराब के लिए पैसे न देने पर हुआ विवाद महिला ने बेटे संग मारपीट की दी तहरीर'

कोंच(जालौन)। नगर के मुहल्ला तिलक नगर निवासिनी राजकुमारी पत्नी मनोज यादव ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि दिनांक 19 अक्टूबर 2025 की सुबह करीब 8 बजे मेरा पुत्र घर के बाहर टहल रहा था उसी दौरान मोहल्ले के ही युवक उत्तम ने उसके पुत्र से जबरन शराब के लिए पैसे मांगे जब पुत्र ने पैसे देने से इनकार किया तो उत्तम ने उसे गालियां देना शुरू कर दीं कुछ समय बाद उत्तम अपने 15-20 साथियों के साथ एक राय होकर उनके घर में घुस आया और लाठी-डंडों से पुत्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। राजकुमारी ने बताया कि जब उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उक्त लोगों ने उन्हें भी जमीन पर पटक दिया और उनके पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए घटना के बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया।पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए उक्त लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

## 'पुत्री का प्रथम जन्मदिन वृद्ध आश्रम में मनाया, और खुशियां बांटी'

**-प्रतिवर्ष गरीब, असहाय, दिव्यांग, वृद्ध के साथ जन्म दिन मनाएंगे --रमा रोहित शर्मा**



जालौन : वृद्ध जनों के साथ जन्मदिन मनाते विजय शर्मा ।

**जालौन।** भारतीय महिला एवं मानव कल्याण शिक्षा प्रसार समिति के द्वारा संचालित आवासीय वृद्ध आश्रम मोहल्ला हरिपुरा के कालिंद्री टॉकीज में भाजपा के वरिष्ठ समाजसेवी विजय शर्मा की सुपुत्री धन्या रमा रोहित शर्मा ने अपने प्रथम जन्मदिन पर वृद्ध जनों के साथ वृद्ध आश्रम में केक काटकर जन्मदिन मनाया।

नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी विजय शर्मा उर्फ भैया जी छिरिया ने अपनी सुपौत्री धन्या शर्मा का प्रथम जन्मदिन वृद्ध आश्रम कालिंद्री टॉकीज मोहल्ला हरिपुरा में वृद्ध जनों के साथ मनाया। इस दिन उनके पुत्र तथा पुत्रवधू रमा शर्मा और रोहित शर्मा ने सभी वृद्धो को भोजन कराया तथा उनको साल वितरण किया, बाद में सभी वृद्धो के साथ अपनी पुत्री का केक काटा तथा वृद्धो से आशीर्वाद प्राप्त किया। अपनी पुत्री के प्रथम जन्मदिन के अवसर पर पंडित रोहित शर्मा में बताया कि हम अपनी पुत्री का जन्मदिन हर वर्ष इस तरह ही मनाएंगे कभी वृद्ध आश्रम कभी अनाथ आश्रम , कभी दिव्यांग आश्रम कभी गरीबों के साथ इस प्रकार हम अपनी पुत्री का जन्मदिन प्रतिवर्ष मनाएंगे और खुशियां बांटेंगे। इस मौके पर शांति शर्मा ,विजय शर्मा, जिजिप्सा, खुशबू ,जीतू शर्मा ने बच्ची को आशीर्वाद दिया। तथा आयुष द्विवेदी , प्रखर,अरनव, ऋषभ द्विवेदी ,और सौम्या द्विवेदी ने पुत्री के जन्मदिन पर केक काटकर तिलक लगाकर जन्मदिन बड़े हर्ष और उल्लाष के साथ मनाया तथा सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया।

## सांप के काटने से अधेड़ की हालत बिगड़ी

कालपी(जालौन)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के एक ग्राम में सर्प के काटने से अधेड़ व्यक्ति की हालत बिगड़ गई। पारिवारिक जनों ने अधेड़ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया है। प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने अधेड़ को जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भभुआ निवासी उमाचरण उम्र 50 पुत्र रामदास को सांप ने काट लिया। उमा चरण की हालत खराब होने पर परिवारजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में ले आए। ड्यूटी में मौजूद चिकित्सकों की टीम ने उच्च इलाज के लिए जिला चिकित्सालय उरई के लिए रिफर कर दिया है।

## पुलिस ने छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे 5 लोगों को दबोचा

जालौन। दीपावली के मौके पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जुआ के फड़ सज रहे हैं ।जगह जगह सज रहे जुआ के फड़ पर हार की बाजी लगा रही है। पुलिस लगातार जुआ के फड़ों पर छापामारी की जा रही है। चैकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने भ्रमण के दौरान सूचना मिलने पर मोहल्ला सहावनाका में रिलायंस पैट्रोल पम्प के पीछे खाली पड़े मैदान में चल रहे जुआ के फड़ पर छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे 5 लोगों को पकड़ लिया है ।जुआ खेल रहे तिलक सिंह पुत्र रामरुप, मोहित पुत्र बबलू, कमलाकांत पुत्र लालाराम, विजय पुत्र ओमप्रकाश निवासीगण सहावनाका व विनय पुत्र सुनील कुमार निवासी दलालनपुरा जालौन के पास से माल फड़ के रूप में 4220 रूपए तथा जामा तलाशी के दौरान 1250 रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## आर वी चिल्ड्रेन एकेडमी में बच्चों ने राम दरबार की झांकी प्रस्तुत की



जालौन। दीपावली के अवकाश के पूर्व आर वी चिल्ड्रेन एकेडमी में बच्चों ने राम दरबार की झांकी प्रस्तुत कर रामलीला का मंचन किया तथा प्रभू श्रीराम के अयोध्या आगमन की खुशी पर दीप जलाये गये।

स्थानीय आर वी चिल्ड्रेन एकेडमी में दीपावली के पूर्व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में रामलीला का दृश्य प्रस्तुत किया। भगवान श्री राम, माता जानकी, भ्राता भरत, शत्रुघ्न व लक्ष्मण के साथ प्रभू श्री राम के अन्न भक्त हनुमानजी की मनोहारी झांकी प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। झांकी के बाद भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के समापन के बाद अयोध्या आने की खुशी में बच्चों ने मिट्टी के दिये जलाकर दीपावली मनायी।विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रवीण सक्सेना के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में राम श्रेया शुक्ला, जानकी छवि याज्ञिक, लक्ष्मण शुभी याज्ञिक, हनुमान जी अरुश कुशवाहा आदि ने भाग लिया।

## चिकित्सालयों में मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों में 166 मरीजों का उपचार

**-चिकित्सकों ने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया**



उरई : मेले में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक ।

**कालपी(जालौन)।** शासन की महात्वाकांक्षी योजना के तहत रविवार को कालपी, नियामतपुर,वावई तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 166 मरीजों का उपचार करके स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।

रविवार को सुबह 10 से 4 वजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 45 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 18 पुरुष, 16 महिला मरीज तथा 11 बच्चे शामिल रहे।परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्सा अधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 46 मरीजों का इलाज किया गया।

डा शेख ने कहा कि वर्तमान समय में बदलते मौसम में रोगियों की संख्या बड़ रही है। इसलिए सभी लोग अपने-अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरते। वावई चिकित्सालय में आयोजित सीएम जन आरोग्य मेले में चिकित्सकीय टीम के द्वारा 40 रोगियों का उपचार किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियामतपुर में चिकित्सक डा आदर्श गौतम की मौजूदगी में आयोजित मेले में 35 मरीजों का इलाज हुआ। मेले में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर जागरूक किया गया।

## सेवा निवृत्त एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न



**ललितपुर।** कोषागार के पेंशन कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक जे.के.सिंह पूर्व वाणिज्य कर अधिकारी की अध्यक्षता में दीपावली की शुभ कामनाओं सहित आयोजित की गयी। बैठक में सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राशिकृत कटौती के संबंध में गठित कमेटी द्वारा 25 सितम्बर को शासन ने प्रस्तुत किया, जिसका घोर विरोध पेंशनर द्वारा किया गया, क्योंकि गठित कमेटी के सदस्यों द्वारा एक एक बिंदु पर जो समीक्षा की गई है वह रिपोर्ट न होकर हाईकोर्ट के जज के तरीके से आदेशात्मक रुख अपनाया गया है, जिसमें पेंशनर्स के पक्ष को विलुप्त करते हुए पेंशन विरोधी रिपोर्ट बनाई गई है जो पेंशनर्स विरोधी है, जिसका सभी पेंशनर्स ने विरोध किया, मुख्य बिंदु यह है कि आठवें वेतन आयोग के गठन का कोई हवाला नहीं है, कमेटी द्वारा आठवें वेतन आयोग के समक्ष प्रेषित किया जाएगा व 3 अक्टूबर को प्रांतीय अध्यक्ष अमरनाथ यादव, महामंत्री ओ.पी त्रिपाठी द्वारा 75 जिलों के प्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस की गई, जिसमें सरकार द्वारा पेंशनर्स की मांगों में राशिकृत कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष की जाये व कोरोना काल 18 माह का मंहगाई भत्ते का भुगतान शीघ्र किया जाए व पूर्व में वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में 50 प्रतिशत की सुविधा थी जो करोना काल में बंद कर दी गई थी उसे पुनः बहाल किया जाए व पेंशनर्स में के.सी शर्मा एवं हजारी लाल पाल द्वारा 13 नए सदस्य बनाए गए जो बधाई के पात्र है। बैठक में महेन्द्र कुमार जैन, दानवीर सिंह डॉ आर.सी. जगरिया, कैलाश चंद शर्मा, गंगाराम शर्मा, हबीब खा रामसेवक सैनी, महेश पाठक, विनोद कुमार कुशवाहा, हरीश तिवारी, घनश्याम दास वर्मा, रंजीत सिंह, माताप्रसाद, कमलापति त्रिपाठी, तेजसिंह कुशवाहा अशोक कुमार पुरोहित सहित सुरेन्द्र कुमार जैन मीडिया प्रभारी एवं आत्माराम रिछारिया आदि उपस्थित रहे व आत्माराम रिछारिया जिला सचिव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## संशोधित कराने हेतु परिषद की वेबसाइट 25 अक्टूबर तक रहेगी क्रियाशील

ललितपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने अवगत कराया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र छात्राओं के शैक्षिक विवरणों की त्रुटियों के निराकरण हेतु सभी विवरणों यथा विषय, वर्ग, छात्र के नाम, माता पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि, जेन्डर, जाति, फोटो तथा कक्षा 11 के पंजीकरण में अंकित हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक को संशोधित कराये जाने हेतु 25 अक्टूबर की मध्यरात्रि 12 बजे तक परिषद की वेबसाइट क्रियाशील रहेगी व परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरणों की उपरोक्त त्रुटियों को तदनुसार संबंधित प्रधानाचार्य द्वारा वेबसाइट पर लॉगइन कर समयान्तर्गत संशोधित, अपडेट करा दिया जाये व उक्त के अतिरिक्त ऑफलाइन माध्यम से छात्र छात्राओं की जन्मतिथि में संशोधन छात्र, माता, पिता का पूर्ण नाम संशोधन एवं छात्र छात्राओं के विवरण को नियमानुसार डिलीट, रिस्टोर के संशोधन संबंधी प्रकरण प्रधानाचार्य समस्त आवश्यक प्रपत्रों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में 31 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर दें व निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त संशोधन हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा व उपरोक्त से संबंधित किसी भी प्रकार की जिज्ञासा के समाधान हेतु अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज मोबाईल नम्बर 9454457246, 0532-2423265 व उप सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय प्रयागराज मोबाईल नम्बर 8447297770, 0532-2623820 अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है।

# दीपावली के दृष्टिगत समस्त थाना क्षेत्रों में पटाखा दुकानों का पुलिस द्वारा निरीक्षण किया गया





स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा। दीपावली पर्व को शांतिपूर्णए सुरक्षित एवं दुर्घटनारहित वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने.अपने थाना क्षेत्रों में संचालित पटाखा विक्रेताओं की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। आप सभी को ज्ञात हो की निरीक्षण के दौरान पुलिस टीमों द्वारा दुकानों में अग्नि सुरक्षा मानकों की स्थिति का गहनता से मूल्यांकन किया गया। प्रत्येक दुकान पर यह सुनिश्चित किया गया कि वहां अग्निशमन यंत्रए पानी से भरी बाल्टियांए बालू से भरे टबए तथा अन्य प्राथमिक अग्नि.निरोधक साधनों की समुचित व्यवस्था हो। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों को आवश्यक दिशा.निर्देश देते हुए यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या सुरक्षा मानकों की अनदेखी जन.जीवन के लिए खतरा बन सकती है। इस अवसर पर विक्रेताओं को यह चेतावनी भी दी कि यदि किसी दुकान में बिना वैध लाइसेंस के पटाखों का भंडारण या विक्रय पाया गयाए अथवा पटाखों का व्यवसाय अनाधिकृत स्थलों पर किया गयाए तो संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ हीए दुकान संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित मात्रा में ही पटाखों का भंडारण करें और भंडारण स्थल को उचित रूप से चिन्हित एवं सुरक्षित रखें। बांदा पुलिस आम नागरिकों से यह अपील करती है कि वे दीपावली का पर्व संयमए सजगता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। बच्चे पटाखों का उपयोग बड़ों की देखरेख में ही करें। तेज आवाज वाले या प्रतिबंधित पटाखों का प्रयोग न करें। साथ हीए पटाखों का उपयोग निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत ही किया जाए। यदि कहीं कोई आपात स्थिति उत्पन्न होती हैए तो डायल यूपी.112 या स्थानीय पुलिस को तत्काल सूचना दें।

## गुमशुदा व्यक्ति को सुरक्षित बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द

चित्रकूट- पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में थाना भरतकूप पुलिस टीम ने गुमशुदा व्यक्ति को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

भरतकूप थाना प्रभारी मनोज चैधरी ने बताया कि बीते शुक्रवार को रामफल पुत्र सुखदेव द्वारा फोन के माध्यम से सूचना दी गयी कि उसका पुत्र संतोष कुमार सिंह रात्रि तीन बजें घर से बिना बताये कही चला गया है, जो कि मानसिक रुप से विक्षिप्त भी है। इस सूचना पर अपराध निरीक्षक अभयराज अपनी टीम आरक्षी प्रवीण पाण्डेय व पीआरवी के साथ मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से खोजबीन की। जिसके बाद गुमशुदा संतोष कुमार सिंह को भरतकूप रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद कर उसके पिता रामफल व परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## दीपावली पर्व जीवन के गहन दार्शनिक संदेशों का है प्रतीक-पाण्डेय



**चित्रकूट-** कई रचनात्मक पुस्तकों को लिखकर समाज में सकारात्मक संदेश देने वाले चित्रकूट के सकरौंहा निवासी सहायक सभांगीय परिहवन अधिकारी उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि दीपावली जिसे दिवाली भी कहा जाता है, भारत का सबसे प्रमुख और प्रिय त्योहार है। यह कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है और प्रकाश के पर्व के रूप में जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है, जब अयोध्यावासियों ने दीपों से शहर को सजाया था, लेकिन दीपावली केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि जीवन के गहन दार्शनिक सन्देशों का प्रतीक है।

बताया कि दीपावली का मूल सन्देश अंधकार पर प्रकाश की, असत्य पर सत्य की, बुराई पर अच्छाई की और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि जीवन में आने वाली चुनौतियाँ चाहे वे आंतरिक अंधकार (जैसे नकारात्मक विचार, लोभ या ईर्ष्या) हों या बाहरी कठिनाइयाँ सभी प्रकाश (ज्ञान, सत्य और सकारात्मकता) से दूर की जा सकती हैं। दीपक जलाना केवल बाहरी अंधकार मिटाने का नहीं, बल्कि मन के अंधेरे को दूर करने का संकेत है। यह हमें आत्म-चिंतन की प्रेरणा देता है, ताकि हम अपनी कमियों को पहचानें और सुधारें।

बताया कि दीपावली धनतेरस से शुरू होकर भाई दूज तक फैली है, जो समृद्धि, स्वास्थ्य और पारिवारिक बंधनों को मजबूत करने की याद दिलाती है। यह त्योहार एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है, जहाँ लोग एक-दूसरे को मिठाइयाँ बाँटकर खुशियाँ साझा करते हैं। वेदों में दीपावली को 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' (सभी सुखी हों) के भारतीय दर्शन से जोड़ा जाता है, जो सामूहिक सुख की कामना करता है। यह पर्व हमें बताता है कि व्यक्तिगत सफलता तभी सार्थक है, जब वह समाज के लिए उपयोगी हो। दीपावली अब केवल हिंदू त्योहार नहीं रही, यह वैश्विक स्तर पर एक सार्वभौमिक उत्सव बन चुकी है, जो सांस्कृतिक सीमाओं को पार कर जाती है। इसका स्वरूप प्रकाश का सार्वभौमिक संदेश है चाहे धर्म, भाषा या भूगोल कुछ भी हो, प्रकाश सभी के लिए एक समान आकर्षक और प्रेरणादायक है। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में 'ग्लोबल दिवाली' के रूप में मनाया जाता है, जहाँ लाखों लोग भाग लेते हैं। यह सांस्कृतिक संवाद का माध्यम बन गया है, जो विविधता में एकता का प्रतीक है। वैदिक परंपरा में दीपावली को ऋतुओं का राजा माना जाता है, जो प्रकृति के चक्र और मानवीय विकास का प्रतिनिधित्व करता है। यह न केवल हिंदू, बल्कि जैन (महावीर निर्वाण दिवस) और सिख (बंदी छोड़ दिवस) परंपराओं में भी महत्वपूर्ण है, जिससे इसका सार्वभौमिक महत्व उभरता है।

आज के दौर में, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय अंधकार (जैसे जलवायु परिवर्तन) चुनौतियाँ हैं, दीपावली का संदेश हमें सतत विकास और आशावाद की ओर ले जाता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि छोटे-छोटे दीपक (कार्य) मिलकर बड़ा प्रकाश फैला सकते हैं। दीपावली हमें न केवल उत्सव मनाने, बल्कि जीवन को रोशन करने की प्रेरणा देती है।

## खबर एक नज़र

### बाँदा रोटी बैंक टीम के द्वारा ग्राम हटेटी पुरवा में जरूरतमंदों को कपड़ा एकिताबेंएजूते चप्पलएघड़ीएपर्सएखिलौनेए बर्तन आदि का वितरण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** आज दिन रविवार को आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के महामंत्री मोहम्मद अज़हर के नेतृत्व मेंएग्राम प्रधान ग्राम हटेटी पुरवा ओमप्रकाश जी की उपस्थिति में बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए कपड़ेए किताबेंएजूते चप्पलएपर्सएघड़ीएखिलौने आदि का वितरण ग्राम हटेटी पुरवा ब्लॉक बड़ोखर बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंशए स्वास्थ्यएस्वच्छता तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के संस्थापकधाष्ट्रीय अध्यक्ष रिज़वान अली और सचिव मोहम्मद इदरीश के द्वारा जागरूक किया गया। आप सभी को ज्ञात हो की उक्त कपड़ेएकिताबेंए जूते चप्पलएपर्सएघड़ीएखिलौने आदि पाने के बाद खुश दिखाई दिए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीमएमहिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फ़ात्माए महिला महामंत्री रिया खानएशाखा प्रमुख खुटला महेन्द्र पालएउप शाखा प्रमुख छिरहरी अलीमुद्दीनए सदस्य निहाल खानएजगदीश श्रीवासए शहाना खानएराबिया खानएनग्गो ख़ातूनए नेहा ख़ातूनएअनम खान आदि पदाधिकारी ए सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण का समापन हुआ

बांदा। इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आज 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण का समापन हुआ। समापन समारोह का संचालन आरसेटी संकाय अभय सिंह ने किया। समापन के दौरान मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि बाँदा अभय कुमार यादवए जिला अग्रणी प्रबंधक रविशंकरए जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड संदीप कुमार गौतम एवं आरसेटी निदेशक गिरजेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में उप निदेशक कृषि अभय कुमार जी ने सम्बोधन करते हुए किया इंडियन बैंक आरसेटी का आभार व्यक्त किया जो जिले में सुगम तरीके से प्रशिक्षण का संचालन करती है तथा प्रशिक्षुओं को भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। साथ ही प्रशिक्षुओं को भविष्य में एग्री जंक्शन के लाइसेंस से संबंधित हर तरह की समस्या को हल करने का आश्वासन दिया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रविशंकर जी ने बैंक की ऋण संबंधी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड संदीप जी ने प्रशिक्षुओं को भविष्य के लिए शुभकामनायें देते हुए नाबार्ड से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया। अंत में आरसेटी निदेशक ने सभी अतिथियों को आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में आरसेटी स्टॉफ में संकाय अभय सिंहए वरिष्ठ कार्यालय सहायक अमितेन्द्र कुमार यादव एवं वरिष्ठ कार्यालय सहायक अरुण कुमार तथा परिचर शीलू शर्मा मौजूद रहें।

## जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को दी दिवाली की शुभकामनाएं

चित्रकूट- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जनपदवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली का यह पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है, जो एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि दीपावली का पर्व हर्षोल्लास, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए यथासंभव कम प्रदूषण वाले दीपक एवं पटाखों का प्रयोग करें तथा स्थानीय उत्पादों एवं मिट्टी के दीपकों को प्राथमिकता दें, जिससे स्थानीय कारीगरों को भी लाभ मिले। यह भी आग्रह किया कि त्योहार के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए सावधानी बरतें।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**चित्रकूट-** महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत रविवार को मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना बरगढ़ के ग्राम कोलमजरा में, थाना भरतकूप के ग्राम भारतपुर में, पहाड़ी कस्बा में, थाना रैपुरा के बोडीपोखरी में, कस्बा रैपुरा में, थाना मऊ के आनंदी माता मंदिर में, कोतवाली कर्वी के धतुरहा चैराहा, रेलवे स्टेशन व शंकर बाजार में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए हेल्पलाइन नम्बर व कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को पंपलेट बांटकर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा, 108 सामान्य एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबरो की जानकारी दी तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को बताया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा व सहायता के लिए एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। टीम ने महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने तथा शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा। बताया कि एंटी रोमियो स्क्वायड टीम में पुलिस के जवान सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कॉलिज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है, मौजूद रहकर उनसे छेड़छाड़ करने वाले शोहदों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है।

## आंनदी माता मंदिर परिसर में स्थित विचित्रवीर श्री हनुमान मंदिर में मनाई गई जयंती

**चित्रकूट।** मऊ विकासखण्ड से सटे देवी आनन्दी माता मंदिर के समीप बने विशाल मंदिर में विराजमान विचित्रवीर श्री हनुमान महराज की जयंती भक्तिभाव एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। साथ ही भगवान हनुमान का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक कर फल व मिष्ठान का भोग लगाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल विद्वान आचार्यों द्वारा रामचरितमानस के सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के पाठ से हुई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान हनुमान का अभिषेक, वस्त्राभूषण, पुष्प-माला अलंकरण एवं पूजन-अर्चन किया गया। भगवान को फल, फूल, मेवा, मिष्ठान्न, लड्डू,दूध, दही, गंगाजल इत्यादि सामग्रियों से भोग लगाया गया।

इसके साथ हवन का भी आयोजन किया गया। हवन पूर्ण होने के बाद उपस्थित भक्तों एवं शिष्यगणों को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में 100 से अधिक श्रद्धालु सम्मिलित हुए। महंत लालदास महराज ने कहा कि मंदिर में प्रतिवर्ष विचित्र वीर हनुमान की जयंती मनाई जाती है, यह परंपरा आने वाले वर्षों में भी श्रद्धा एवं एकता के साथ निरंतर बनी रहेगी।

इस मौके पर आचार्य पंडित वेद प्रकाश शुक्ल, शिष्यगण राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, वेद प्रकाश शुक्ल, अनिल शुक्ल, राजेन्द्र बलुआ, सत्यम शुक्ल, अजय पांडेय, अशोक पाठक, नाचू करवरिया, समाजसेवी रामबहोरी केशरवानी, संजय केशरवानी आदि मौजूद रहे।

## प्रद्युम क्लब के बॉलर आयुष 5 विकेट लेकर रहे मैंन ऑफ़ द मैच'

**बांदा।** आज भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल मैं अंडर 14 का एक अभ्यास मैच खेला गया आकाश क्लब और प्रद्युम क्लब के बीच जिसमे आकाश क्लब के बल्लेबाजो ने 35 ओवर में 147 रन बनाए जिसमे सर्वाधिक रन शिवम 29 राजा ने 21 रन बनाए।

प्रद्युम क्लब के बॉलर आयुष ने 5 विकेट लेकर टीम को 147 रनों में समेत दिया जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रद्युम क्लब ने 25 ओवर में मैच को जीत लिया

इस अभ्यास मैच के दौरान बाँदा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्री वसीफ जामा खानए भागवत प्रसाद स्कूल के डायरेक्टर श्री अंकित कुशवाहा जीए सीनियर खिलाड़ी अजय यादवएअमृत यादवएवरुण दीक्षितए विकल्प सिंहए ज्ञान यादव एवं कोच प्रशिक्षक सलमान आदि मौजूद रहे।

## एकीकृत पांच दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम 13 वें बैच का समापन

बांदा। 'आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांदा के सभागार में एकीकृत पांच दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम 13 वें बैच का समापन' डायट प्राचार्य श्री धर्मराज के कर कमलों द्वारा किया गयाए उक्त पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ 29 जुलाई 2025 को प्रारंभ किया गया था। जनपद के समस्त 1359 प्राथमिक एवं कंपोजिट प्राथमिक विद्यालयों में से एक. एक शिक्षक का प्रशिक्षण होना सुनिश्चित थाए जिसमें अभी तक 1247 शिक्षक.शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं। विभिन्न कारणों से छूटे हुए शिक्षकों को अंतिम अवसर देते हुए 24 अक्टूबर 2025 से एक बैच में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ0 रवि कुमार चौरसिया जी ने बतायाए प्राथमिक शिक्षा के परिपेक्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखाए निपुण भारत मिशन के बारे में तथा एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ पुस्तकों का उन्मुखीकरण डॉ0 अरुण कुमार एवं मास्टर ट्रेनर विनय बाजपेयी द्वारा प्रस्तुत की गई तत्पश्चात् कला एवं संगीत एकीकृत शिक्षणए अनुभवात्मक शिक्षण एवं पुस्तकालय का प्रयोग डॉ0 अवध नारायण द्वारा प्रस्तुत किया गयाए नेतृत्व क्षमता संवर्धन एवं सामुदायिक सहभागिताए कक्षा.कक्ष एवं विद्यालय प्रबंधन श्री अनिल कुमार सिंह द्वाराए स्वास्थ्य शिक्षा एवं खेल का प्रशिक्षण श्री प्रतीक कुमार वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। हिंदी भाषा शिक्षण पर परिचर्चा श्री संदीप कुमार द्वारा नैतिक शिक्षा एवं मूल्य बोधए नवाचारी शिक्षण विधियां एवं शिक्षण में आईसीटी का प्रयोगए पर्यावरण शिक्षा कु0 आरती तिवारी द्वारा तथा शिक्षण योजना व पाठ योजना का निर्माण बेहतर ढंग से कैसे किया जायेए गणित शिक्षण में नवाचार जिससे गणित से बच्चों में डर दूर हो सके डॉ0 रवि कुमार चौरसिया द्वारा प्रस्तुत किया गयाण् बच्चों के लिए जीवन कौशल का विकास श्रीमती मधुमिता गुप्ताए आकलन एवं समग्र प्रगति प्रपत्र पर वृहद चर्चाए सुरक्षा एवं संरक्षा आज की आवश्यकता पर जागरूकता के लिए श्री रमेश कुमार यादव ने चर्चा कीए समावेशी शिक्षण पर डॉ0 वीरेंद्र कुमार रत्नाकर ने प्रकाश डाला। अंग्रेजी शिक्षण की जटिलता पर श्री अम्बरीश साहू तथा शिक्षण योजना का निर्माण की प्रक्रिया श्री अनिल कुमार सिंह जी द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न विषयों की सामग्री को गतिविधियों के द्वारा पूर्ण कराया गया।

आज के कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में समस्त शिक्षकों को कार्य के प्रति उत्साहित करते हुए कहा की इन पांच दिवसो में सीखी गई बातोंए नॉलेज को बच्चों के साथ जाकर साझा करें और विद्यालय के उन्नयन में उनका प्रयोग करें ताकि हमारी शिक्षा का स्तर निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़ता रहे और जनपद की शिक्षा निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो सके। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ0 चौरसिया

## कमर में कसाव लाने के लिए करें कटि शक्ति विकासक योग क्रिया- योगचार्य



चित्रकूट- जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि कमर को लचीली, पतली, गति युक्त और मजबूत बनाने वाली कटि शक्ति विकासक योग क्रिया कमर संबंधी पांच प्रकार की सूक्ष्म क्रियाएं हैं। जिनमें से चैथी क्रिया का अभ्यास कराते हुए बताया कि इससे पीठ दर्द, कमर दर्द व कुल्हों का दर्द ठीक होता हैं।

बताया कि कटि शक्ति विकास क्रिया के भाग चार के अभ्यास से पेट की अंदरूनी मसल्स, पाचन क्रिया, रीढ़ व पसलियां सभी मजबूत व निरोगी बनते हैं। साथ ही रीढ़ लचीली होकर शरीर द्वारा होने वाले कार्यों को प्रभावशील बनाती है तथा रक्त परिसंचरण में सुधार आता है। इसके अलावा क्रिया का दिमाग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे तनाव, अवसाद और चिडचिडाहट जैसे मानसिक रोगों पर भी नियंत्रण होता है तथा मन में शांति और एकाग्रता में सुधार होता है। बताया कि इस योग क्रिया को दो भागों में करते हैं। प्रथम भाग में साम्यावस्था में खड़े होते हैं, दोनों हाथों को बाजू में जमीन के समांतर फैलाते हैं, हथेली जमीन की ओर उंगलियां सटी हुई सांस को अंदर भरते हुए बाई और 30 डिग्री के कोण पर झुकते हैं। साथ ही दाएं हाथ को 150 डिग्री ऊपर तानते हैं, इस प्रकार दोनों हाथों को तिरछा किंतु सीधी रेखा में रखते हैं, साथ ही साथ गर्दन, कमर को भी रीढ़ सहित झुकाते हैं। श्वास को बाहर निकालते हुए पूर्व स्थिति में आते हैं। पुनः श्वास खींचते हुए गर्दन व कमर के साथ दाएं हाथ को 30 डिग्री के कोण पर नीचे की ओर झुकाते हैं, बाएं हाथ को 150 डिग्री पर ऊपर तानते हैं। दोनों हाथ एक सीधी रेखा में रहते हैं, सांस छोड़कर पूर्व स्थिति में आते हैं। यह क्रिया को दोनों तरफ 10-10 बार दोहराते हैं।

इसके दूसरे भाग में दोनों पैरों के बीच 30 सेंटीमीटर की दूरी रखते हुए उपरोक्त प्रथम भाग की तरह 10 बार दोहराते हैं। सावधानी के तौर पर कमर या रीढ़ में कोई गंभीर समस्या होने की दशा में इसे योग विशेषज्ञ की देखरेख करें।

## परिवहन विभाग की बस करतल से नरैनी होते हुए प्रयागराज तक जाएगी



स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा। करतल से वाया नरैनी होते हुए प्रयागराज तक की यात्रा करने के लिए रोडवेज परिवहन विभाग द्वारा बस की सेवा शुरू की गई है।इस दौरान भाजपा जिला मंत्री डॉ देवेंद्र भदौरिया ने हरी झंडी दिखाकर बस को पहले दिन रवाना किया ।इस दौरान क्षेत्रीय आमजन के अलावा पार्टी के लोग मौजूद रहे। आप सभी को ज्ञात हो की ग्रामीण क्षेत्र में जनता की सुविधा को देखते हुये परिवहन विभाग करतल से प्रयागराज के लिये उ0 प्र0 राज्य लीडर रोड़ डिपो की बस को मंजूरी मिली।पहले दिन भाजपा जिला मंत्री डा0 देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ।जानकारी के क्रम बताया गया यह बस प्रयाग राज से सुबह 7 बजे चलकर करतल 1 बजे दोपहर को पहंचेगी ।करतल से 1.30 बजे दोपहर से चलकर शाम 7 बजे प्रयागराज पहुंच जाएगी।

इस बस के संचालन से क्षेत्रीय जनता में खुशी जाहिर की।पहले दिन बस को निर्धारित समय में करतल से रवाना किया गया।इस दौरान समाज सेवी सुरेश कुमार शुक्ला भाजपा कार्यकर्ता रामदीन साहू ए बीरेन्द्र द्विवेदी एकुंवर पाल सिंह एप्रेमनाथ रावत एसंतोष मिश्रा ए अखिलेश पाल एअनीता विशवकर्मा राम लली कुशवाहा तेज सिंह एहरीशरण राजपूत एश्री किशोर गर्ग एमनोज राजपूत ए लाल बहादुर पूर्व प्रधान एकामता विश्वकर्मा एनीलेश एबडे सिंह एकल्लू यादव तमाम लोग मौजूद रहे।

## आयुर्वेद विज्ञान के प्रवर्तक भगवान धनवंतरि का मनाया गया जन्मोत्सव

चित्रकूट- धर्मनगरी स्थित आयुष ग्राम में रविवार को आयुर्वेद विज्ञान के प्रवर्तक भगवान धन्वंतरि का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान भगवान धन्वंतरि का अश्विनी सूक्त से दुग्धाभिषेक व पूजन किया गया। साथ ही यज्ञ-हवन कर प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में भगवान धन्वंतरि की विधिवत् वैदिक मंत्रों के साथ पूजा-अर्चना कर समस्त प्राणियों के आरोग्य मार्ग की कामना एवं प्रार्थना की गई। प्रधानमंत्री के सेवानिवृत सुरक्षाधिकारी प्रतापनारायण पाण्डेय ने कहा कि सनातन संस्कृति को मिलकर के आगे बढ़ाना चाहिए। साथ ही आयुर्वेद में बतायी गयी दिनचर्या एवं खान-पान का पालन करना चाहिए। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सीताराम गुप्त ने भगवान धन्वन्तरि का पूजन एवं आयुर्वेद के विषय पर प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय आयुर्वेद विज्ञान गुरु एवं आयुष ग्राम ट्रस्ट के संस्थापक आचार्य डॉ मदनगोपाल बाजपेयी ने सभी को भगवान धनवंतरि के बताए मार्ग में चलने का संकल्प दिलाया। कहा कि सेवा का जो धर्म है, वह बहुत गहन और कठिन है। यह योगियों के लिए भी दुर्लभ है पर उन्नतिकारक है। भगवान् धन्वन्तरि ने आयुर्वेद का प्रवर्तन कर शारीरिक रोगों के साथ मानसिक रोगों के उपचार का साधन मानव को दिया। मानसिक रोगों के क्रम में आयुर्वेद रोगी को तमोगुण से मुक्त करके रजोगुण और सतोगुण की ओर ले जाता है। आज के ही दिन आयुर्वेद विज्ञान के जन्मदाता भगवान धन्वंतरि का मनुष्य रूप में अवतरण हुआ था, इसलिए इस त्योहार को उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाते है। भगवान धन्वंतरि ने शल्य चिकित्सा का आविष्कार कर उसका सम्पूर्ण ज्ञान अपने शिष्य आचार्य सुश्रुत को दिया और उनको विश्व के प्रथम सर्जन के रूप में प्रतिष्ठापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ वेदप्रताप वाजपेयी द्वारा किया गया।

इस मौके पर डॉ आशुतोष त्रिपाठी, डॉ विष्णुकान्त त्रिपाठी, डॉ रितिका सैनी (सीआरएवी), बाल्मीकी द्विवेदी, आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## निर्माण हो रहे स्टेडियम का ओचक निरीक्षण अपर जिलाधिकारी ने किया

**छिबरामऊ कन्नौज ।** बहावलपुर में निर्माण हो रहे स्टेडियम का ओचक निरीक्षण अपर जिलाधिकारी ने किया । अपर जिलाधिकारी द्वारा बहावलपुर में निर्माण हो रहे स्टेडियम का ओचक निरीक्षण किया गया जिसमें निर्माण हो रहे स्टेडियम का नक्शा एवं अन्य जानकारियां अवर अभियंता रविराज कौशल द्वारा दी गई जिसमे अधिशासी अधिकारी व निर्माण लिपिक आशुतोष पांडेए नीरज राजपूतए शिवम दुबे संबंधित ठेकेदार नीरज दुबेए आदि लोगे मौजूद रहे ।

# पुलिस का मिशन शक्ति अभियान थानों से लेकर बाजारों तक गूंजा नारी सुरक्षा सम्मान का संदेश



**फर्रुखाबाद। बाजार में बालिकाओं एवं महिलाओं को हेल्पलाइन लिखें पंपलेट देती महिला कांस्टेबल ।**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** प्रदेश सरकार की ओर से मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत शनिवार को महिला सुरक्षा विशेष दल व एंटी रोमियो टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा महिला सम्मान और सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अभियान के दौरान थाना अमृतपुर कायमगंज कादरीगेट नवाबगंज कोतवाली फर्रुखाबाद कोतवाली फतेहगढ़ तथा मोहम्मदाबाद की पुलिस टीमों ने अपने.अपने क्षेत्रों के बाजारों विद्यालयों चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंचकर महिलाओं से संवाद किया और उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया ।

पुलिस दलों ने मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रमों का उद्देश्य बताया नारी ही शक्ति है नारी का सम्मान ही समाज की पहचान है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं को अपने अधिकारों की जानकारी दी और यह भी बताया कि यदि कभी किसी प्रकार की छेड़खानी उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति उत्पन्न हो तो बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें।

महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महिला हेल्पलाइनरू 1090ए आपातकालीन सेवा 112 चाइल्ड हेल्पलाइनरू 1098ए एम्बुलेंस सेवा 108 महिला सहायता नंबररू 181 इसके साथ ही पुलिस ने बताया कि शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ लेने के लिए जागरूक होना आवश्यक है।थाना अमृतपुर बाजार में पुलिस टीम ने दुकानदारों और महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया।थाना कायमगंज बाजार में महिला पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के तरीके बताए और हेल्पलाइन नंबर समझाए।थाना कादरीगेट क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम ने क्षेत्रीय बाजारों में गश्त करते हुए महिलाओं से संवाद किया।थाना नवाबगंज व कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्रों में बाजारों में जाकर महिलाओं से सीधे वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के अधिकारों की जानकारी दी गई।थाना फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में मिशन शक्ति दल ने छात्राओं से मुलाकात की और उन्हें आत्मरक्षा के गुर बताए।थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के सर्राफा बाजार में महिला पुलिस कर्मियों ने पंपलेट वितरित कर सुरक्षा संदेश प्रसारित किए।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यह अभियान जनपद में लगातार चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल महिलाओं को जागरूक करना नहीं बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को प्रबल बनाना है।महिला सुरक्षा विशेष दल की प्रभारी ने कहा कि श्आज की नारी अब असहाय नहीं हैए वह आत्मनिर्भर और जागरूक है। समाज के हर वर्ग को महिला सम्मान की दिशा में अपनी भूमिका निभानी होगी।पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की महिला उत्पीड़न की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

अभियान के अंत में पुलिस कर्मियों ने बाजारों में बालिकाओं व महिलाओं को मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट व बुकलेट वितरित कीं और नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी सशक्तिकरण का नारा बुलंद किया।

## शिकायतों के निस्तारण के लिए कर सकते है सम्पर्क

महोबा स अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नें बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में धनतेरसए दीपावलीए गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज आदि के दृष्टिगत आम जनमानस को होने वाली समस्याओं की शिकायतों के निस्तारण हेतु डिस्ट्रिक्ट ई.गवर्नेन्स सेल कक्ष सं0 21 कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम अग्रिम आदेशों तक स्थापित किया गया हैए जिसके दूरभाष नं0 05281.298431ए 05281.298432ए 05281.298433 व 05281.254902 है। उक्त कंट्रोल रूम के नम्बरों पर समय प्रातः 6 से रात्रि 10 तक आम जनमानस द्वारा अपनी शिकायतों के निस्तारण किये जाने हेतु सम्पर्क किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 92 मरीजों का हुआ उपचार

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद । अमृतसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर गौरव वर्मा ने बताया कि आज मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 92 मरीजो को जांच के उपरांत दवाई दी गई। जिसमें मलेरिया के 12 मरीजों की जांच की गई टाइफाइड के 8 मरीजों की जांच की गई।सुगर के 13 डेंगू के 4 मरीजों की जांच की गई।

बलगम के 6 मरीजों कि जाँच की गयीं।जांच का उद्देश्य है कि इससे मरीजों की बीमारी का सही पता चल जाता है और उन्हें उसी मर्ज के अनुसार दवाई दे दी जाती है। जिससे बहुत जल्द स्वस्थ हो जाते हैं।

क्षेत्र में ग्राम दौलतियापुर परतापुर हरसिंहपुर लीलापुर अमृतपुर फखरपुर बनारसीपुर कलेक्टरगंज तौफीक नगला हूशा खजुरिया लीलापुर राजपुर आदि दर्जनों गांवो के मरीज स्वास्थ्य केंद्र पर दवाई लेने आते हैं। डॉक्टर एवं उनके स्टाफ द्वारा मरीजो को दवाई इंजेक्शन सिरप उपलब्ध कराए गए। बच्चों के लिए सिरप की व्यवस्था की गई। क्षेत्र में बाढ़ का पानी भरा होने के कारण अधिकतर वायरल फीवर के मरीज आ रहे हैं और इसी में सर दर्द खुजली बुखार पेट में दर्द पैरों में इन्फेक्शन आदि के मरीज भी दवाई लेने आते हैं।

डॉक्टर द्वारा मरीजो को सुझाव दिए गए कि वह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के निवासी हैं। इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक है। इसलिए वह अपने घरों में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। दूषित पानी न पिए और पानी को हमेशा उबाल कर ही पिए। गंदगी और रुके हुए पानी से दूर रहें। ऐसी स्थिति में इंफेक्शन होने की संभावना हो जाती है। डॉक्टर द्वारा बताया गया कि गंभीर मरीजों के लिए भी स्वास्थ्य विभाग में सुविधाएं हैं। अगर ऐसा कोई मरीज होता है तो उसे प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया जाता है और उसके लिए सरकारी एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाती है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण लगातार मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग की टीम अपनी सेवाएं समय के अनुसार इन मरीजों को दे रहा है। जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों पर जरूरत की सभी दवाइयां उपलब्ध करा दी गई है। जिससे अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाइयो की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर केंद्र प्रभारी के साथ अरविंद कुमार पवन कुमार राकेश कुमार मीना कुमारी आदि स्वास्थ्य टीम के कर्मचारी मौजूद रहे।

# 20 लाख रुपए की साइबर ठगी करने वाले दो ठग गिरफ्तार पांच मोबाइल फोन एक कार तथा नगदी बरामद



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।पुलिस ने 20 लाख रुपयों की साइबर ठगी करने वाले 2 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है उनके कब्जे से 5 मोबाइल चार एंड्राइड एक आईफोन 12200 रुपये नगद व 5 एटीएम कार्ड 1 कार स्कार्पियों सहित गिरफ्तार किया गया है

यह जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह ने बताया कि क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा के नेतृत्व में साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रतिबिम्ब पोर्टल के अन्तर्गत संदिग्ध मोबाइल व खाता संख्या की जाँच में साइबर क्राइम पुलिस टीम ने 1 काली कार स्कार्पियों में बैठे 2 संदिग्धों के कब्जे से 5 एंड्रायड मोबाइल व 12200 रुपये नगद व 5 एटीएम कार्ड बरामद हुए गहनता से जांच करने पर संदिग्धों के मोबाइल में जस्ट डायल के माध्यम से फर्जी ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध कराने वाले एप व आनलाइन सामान बेचेने के नाम पर धोखाड़ी करने सम्बंधी व्यापारियों से चैट के स्क्रीनशाट प्राप्त किये गयेएक अभियुक्त के व्हाट्सएप नंबर व आई एम ई आई अकाउंट नंबर को एनसीईआर पी पोर्टल प्रतिबिम्ब पोर्टल पर सर्च करने पर लगभग 20 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले प्रकाश में आये ।

थाना साइबर क्राइम ने

कृष्ण मोहन पांडे उर्फ राजन पांडे पुत्र बांके बिहारी पांडे निवासी वीरपुर हरिहरपुर थाना रानीपुर दीपक दुबे पुत्र वीरेंद्र दुबे निवासी श्री राम कॉलोनी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है पुलिस ने अभियुक्तों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि कि हम लोग अपने मोबाइल से जस्ट डायल अप पर फर्जी आईडी बनाकर उसे आईडी पर प्राप्त होने वाले लोगों की ट्रांसपोर्ट पैकर्स मूवर्स के लिए ऑनलाइन बुकिंग की इंक्वारी से संपर्क कर व्हाट्सएप चैट के जरिए उनसे एडवांस के नाम पर ऑनलाइन पेमेंट कर लेते हैं और फिर उनका नंबर ब्लॉक कर देते हैं वह परचून व घरेलु सामान को सस्ते दामों पर बेचने का प्रलोभन देकर इच्छुक लोगों से एडवांस के नाम पर धोखाधड़ी करते हैं बाद में उनका नंबर ब्लॉक कर देते हैं गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार कांस्टेबल अंकित आर्य उप निरीक्षक सुबोध यादव कांस्टेबल गौरी शंकर हेड कांस्टेबल रविंद्र प्रताप सिंह विपिन राठी अरविंद यादव कौटिल्य साथ रहे।

# दोस्त को गोली मारकर हत्या की रची थी झूठी कहानी, पुलिस ने भेजा जेल



**महोबा।** थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नौसारा में बीते 14 अक्टूबर को रात्रि लगभग 8 बजे सूचना प्राप्त हुई थी कि दो बाइक सवार व्यक्ति गाँव जा रहे थेए तभी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चालक को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर डीआईजी सहित जनपदीय पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं घटना के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 237ध्25 समीचीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा उक्त घटना के अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय स्वॉट एवं सर्विलांस प्रभारी शिवप्रताप सिंह एवं थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया था। रविवार को घटना का सफल अनावरण किया गया है। जांच में यह पाया गया कि मृतक का मित्र जो बाइक पर पीछे बैठा हुआ थाए उसी ने ही घटना कारित की है। स्वयं को बचाने के लिए उसने इस प्रकार की झूठी कहानी बताई थी। घटना के पीछे मुख्य वजह दोनों के बीच की व्यवसायिक प्रतिद्वंदिता थी। घटना में विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। प्रकरण में गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 103;1द्ध बीएनएस व 3;2द्ध5 एससी एसटी एक्ट व 3ध्25ध्27 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। घटना कारित करने वाले अभियुक्त प्रदीप राजपूत पुत्र गुलाब सिंह उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम नौसारा थाना चरखारी सम्बन्धित को मोहल्ला रूपनगर शमशान घाट में बने टीन शेड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है स इस दौरान अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक तमंचा देशी 315 बोर नाजायज व एक खोखा कारतूस 315 बोर नाल मे फसा हुआ व जिन्दा कारतूस 315 बोर व मृतक का मोबाइल फोन बरामद करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है ।

# स्कूली छात्रों को आत्मरक्षाए सुरक्षा अधिकारों तथा साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक



**महोबा ।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में संचालित मिशन शक्ति फेज 5॰0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षाए सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमए कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं । रविवार को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने.अपने क्षेत्र अन्तर्गत स्कूलों एवं कालेजों में जाकर स्कूली छात्रों को आत्मरक्षाए सुरक्षा अधिकारों तथा साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को गुड टचष् व बैड टच की पहचानए आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएपए ट्विटरए फेसबुकए इंस्टाग्राम आदि के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ पुलिस द्वारा साइबर अवेयरनेस कैम्पेन भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकारए उनसे बचाव के उपायए साइबर फ्रॉड की पहचानए फेक लिंकए ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई। इस दौरान नागरिकों को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल ूण्बलइमतबतपउमण्हवअण्पद के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया स मिशन शक्ति फेजदृ5॰0 एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचारए आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहनए डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को सशक्त बनाना है।

# हम सभी अपने मन की बुराइयों को बाहर निकाले



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद में संस्कार परिवर्तन के रूप में मनाया गया शोभा दीदी ने कहा कि हमें सभी सेआत्मिक स्नेह है तो प्यार सम्मान दुआओं रूपी दीपक सभी को जलानें हैं जैसे हम दिवाली पर अपने घरों की साफ सफाई करते हैं ठीक उसी प्रकार हमें अपने मन से सभी बुराइयों को निकालने का भरपूर प्रयत्न करना है आत्मा की ज्योति जगाने से आत्मा सशक्त बनती है और उसे कोई भी कार्य करने में असुविधा नहीं होती है

मैनपुरी से आए सत्येंद्र भाई ने कहा कि देवता अर्थात देने वाला बनाना है लेवता नहीं लक्ष्मी धन की देवी होती है तो हमें स्थूल धन नहीं बल्कि ज्ञान धन से भरपूर होकर ज्ञान बांटना है तो हम सबकी झोली भर जाएगी

बब्लेश भाई ने कहा कि जरूरी नहीं जो धन कमाता वह दुआएँ भी कमाता हो किंतु जो दुआएं कमाता है वह धन जरुर कमा लेता है इसलिए ज्ञान धन के लिए जरूर समय दें जो हमारे साथ जाएगा दिल्ली से आए हुए कुमार ग्रुप के लीडर अनिल कुमार ने कहा कि अपनों से कभी भी इतनी दूरी ना बनाएं की दरवाजा खुला हो फिर भी खटकाना पड़े बदलते लोग बदलते रिश्ते और बदलता हुआ मौसम भले ही दिखाई ना दे पर एहसास जरूर होता है शोभा दीदी ने सभी को तिलक लगाकर भाई दूज का संदेश दिया दिल्ली से आए हुए कुमार ग्रुप ने रंगारंग कार्यक्रम कर दिखाएं नुक्कड़ नाटक गीत कविता डांस कमेंट्री आदि कराकर एक राज्य एक भाषा एकमत एक धर्म से सभा को सत्य की दुनिया का एहसास करा दिया इस मौके पर सभी ने बड़े ही उमंग से दीपावली पर्व आध्यात्मिक रूप से दीप जला कर मनाया सैंकड़ो लोग मौजूद रहे

# खबर एक नज़र

## सुगिरा में पोलों पर लगी स्ट्रीट लाइटे बनी है शोपीसए ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

**महोबा ।** जैतपुर विकासखण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुगिरा में पोलों पर लगी स्ट्रीट लाइटे शोपीस बनी हुई है स पूर्व के वित्तीय वर्षो में लाखों की लोकल स्ट्रीट लाइटों को लगाकर सरकारी धन को ठिकाने लगा दिए स शासन के गाइडलाइन अनुसार कुछ फरमे निर्धारित है फिर भी शासन की गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया है स ग्रामवासियों ने बताया कि सालों से लाइटें खराब है कोई सुनवाई नहीं है सुगिरा में रात्रि में प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है स ग्रामवासियों ने रात्रि में प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइटो को ठीक करवाने के लिए कई बार ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से कहा फिर भी गांव में प्रकाश व्यवस्था नही हो सकी क्योंकि रात्रि में आम रास्ताओं में अंधेरा पड़ा रहता है स जिससे आने जाने में ग्रामीणों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स अंधेरे में लोगों को चोरों डर व्याप्त रहता है कि कहीं चोरी न हो जाए। ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइटें लगाई गई फिर भी फिर शासन द्वारा लाखों रुपया खर्च होने के बाबजूद स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ीं हुयी है स ग्रामीणों का कहना है कि स्ट्रीट लाइटें सिर्फ पोलों में शोपीस लगी नजर जरुर आ रही है स शासन का लाखों रुपया खर्च करने बावजूद प्रधान एवं सचिव की मिली भगत से शासन की योजनों को लगाया जा रहा चूना अब देखना ये है प्रशासन स्ट्रीट लाइटों को कब ठीक करवाता है दीपावली त्योहार को देखते हुए और कब गांव में प्रकाश व्यवस्था होंगी जो कि शासन की योजना के तहत पहली प्राथमिकता हर घर नल हर घर जल एवं स्ट्रीट लाइट प्रकाश व्यवस्था है फिर ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों की उम्मीद पर फिर गया है न पानी और न स्ट्रीट लाइटें ठीक की जिससे ग्रामीणों की दीपावली अंधेरे में मनेगी स गांव में कूड़ा सफाई के नाम लाखों रुपये की धनराशि का पेमेंट कर लिया गया है और गांव में कहीं कूड़ा सफाई भी नहीं की गई है स

## किड्स डांसर की खोज के लिए एसबीवीएस सभागार में नृत्य प्रदर्शन

**छिबरामऊ कन्नौज।** बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में बच्चों की प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से नृत्य कला प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए नन्हें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि मेंटर सतेंद्र राठौर की देख देख में प्रतिभान बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा हैए प्रतिभाओं की खोज के लिए हर सप्ताह ऑडिशन एवं कला प्रदर्शन का आयोजन हो रहा है। ऑडिशन के लिए कोई एंट्री फीस नहीं है।बच्चों के अंदर छिपी कला को पहचानने और उन्हें सही दिशा देने के लिए यह मंच तैयार किया गया है। कार्यक्रम में तनिशए शिवानीए वंदनाए शांतनुए सनायाए अक्षिताए माहिए वैष्णवी और अदिति ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। निर्णायक मंडल सुधीरए राजीवए श्रेया ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अगली स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित किया। सतेंद्र ने बताया कि इसी तरह हर सप्ताह अलग.अलग क्षेत्रों में बच्चों के नृत्यए गायन और कला प्रदर्शन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मिशन शक्ति फेस 5॰0 अभियान ' नारी सुरक्षा नारी सम्मान' एवं एंटी रोमियो के तहत जागरूक किया गया

छिबरामऊ विशुनगढ़ कन्नौज। थाना विशुनगढ़ के जीप अड्डा जनपद कन्नौज उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेस 5॰0 अभियान ' नारी सुरक्षा नारी सम्मान' एवं एंटी रोमियो के तहत भ्रमण किया गया तो महिलाओं को एकत्रित करके मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान व साइबर संबंधित अपराध के बारे मे अवगत कराया। उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु वीमेन पावर लाइन 1090 व न्112 व ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन ' व '1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 व 1930साइबर क्राइम अपराध के बारे में बताया गया व अन्य कानूनी जानकारी दी और उनको जागरूक किया गया ।

## अंतर विद्यालयी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**छिबरामऊ।** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व परीक्षा में अच्छे अंक तय करते हैं सुरक्षित भविष्य जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा अपने संस्थापक व क्षेत्र के मूर्धन्य शिक्षाविद स्वर्गीय एस एन प्रधान साहब की स्मृति में सिटी चिल्ड्रंस एकेडमी विद्यालय ने अपने परिसर में अंग्रेजी की अंतर विद्यालयी वाद विवाद व रचनात्मक लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा। एसएन प्रधान फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में वाद विवाद प्रतियोगिता के अंतर्गतए सीनियर वर्ग में अभिव्यक्ति की आजादी की तर्कसंगत सीमाएं तय होनी चाहिए तथा जूनियर वर्ग में परीक्षा के प्राप्तांक भविष्य का निर्धारण करते हैं जैसे गंभीरए ज्वलंत एवं चुनौती पूर्ण विषयों पर जनपद के मेधावियों ने जमकर गरमा गरम चर्चा व बहस की। वाद.विवाद प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सेंट पॉल सीनियर सेकेन्डरी स्कूल छिबरामऊ की छात्रा यशश्वी चतुर्वेदी ने प्रथमए इसी विद्यालय की छात्रा पलक त्रिपाठी ने द्वितीय व कानपुर पब्लिक स्कूलए कन्नौज की छात्रा हादिता फातिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में सेंट पॉल सीनियर सेकेन्डरी स्कूल छिबरामऊ के छात्र आर्यन दीक्षित ने प्रथमए क्रिस्टु ज्योति अकादमी कन्नौज की छात्रा अरशिमा परवीन ने द्वितीय तथा जागरण पब्लिक स्कूल की वैभवी टंडन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता ;कक्षा 6 से 8द्ध में ष्वर्ल्ड विदआउट मोबाइल फोन्सष् विषय पर बच्चों ने अपने.अपने विचारों को लेखन के माध्यम से व्यक्त किया। रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का परिणाम 19 अक्टूबर 2025 को घोषित किया जायेगा। जनपद स्तरीय इस प्रतियोगिता में कन्नौज से सेंट जैवियर सीनियर सेकेन्डरी स्कूलएजागरण पब्लिक स्कूलएकानपुर पब्लिक स्कूलएक्रिस्टु ज्योति अकादमीए जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगीए छिबरामऊ से सेंट पॉल सीनियर सेकेन्डरी स्कूलए आशा पब्लिक स्कूलए अवध एजूकेशन सेन्टरएवीरेन्द्र पब्लिक स्कूलएदयाल पब्लिक स्कूलए जेबीजीए नेशनल हायर सेकेन्डरी स्कूलए सहित जनपद के प्रमुख विद्यालयों ने भाग लिया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्था के प्रबन्धक प्रदीप प्रधान ने कहा कि ष्शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति की सोच का विकास होता है। उसकी ज्ञान की क्षमता एवं बौद्धिक क्षमता में भी वृद्धि होती हैष्शासिका सुधा प्रधान ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सीईओ विश्वास प्रधान ने अपने सम्बोधन में कहा कि शब्दों की ताकत से हम समाज में बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन कर सकते है। प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद केण् ने बच्चों को प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। मधु प्रधान ने प्रतिभागिओं का उत्साह वर्धन किया। अन्त में शैक्षणिक प्रमुख प्रेमानंद नायकएसमन्वयक राम यादवएसलाहकार बीडीदीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## एक दिन की एसडीएम बनी तनु अग्निहोत्री सुनी समस्याएं

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर। 1 दिन के लिए एसडीएम बनी तनु अग्निहोत्री ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और निराकरण के निर्देश दिए

तहसील अमृतपुर में महिला सशक्तिकरण फेज 5 के तहत तनु अग्निहोत्री एक दिन के लिए उप जिलाधिकारी बनायीं गयी। इस दौरान उन्होंने लोगों को शिकायते सुनी व उनका निराकरण करके अपनी काविलियत का परिचय दिया।सरकार की योजना के अनुसार महिला सशक्तिकरण के लिए बच्चों को प्रेरित करने और उनका उत्साह वर्धन करने के लिए जिले से लेकर तहसील स्तर पर और ब्लाक स्तर पर महिला सशक्तिकरण योजना चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत चयनित छात्रा को एक दिन के लिए कुर्सी पर बैठाया जाता है और समस्याओं से अवगत कराया जाता है। ताकि आने वाले समय में यह कार्य उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बन सके और वह विकास कर सकें और उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा हो सके। इसी क्रम में अमृतपुर तहसील में दिवस प्रभारी के रूप में तनु अग्निहोत्री को एक दिन का उप जिलाधिकारी बनाया गया। उनके सामने कई समस्याएं आई। अपनी मेधा के अनुरूप उन्होंने समस्याओं का समाधान किया। प्रशासनिक अधिकारी के रूप में छात्रा ने जिस प्रकार का आत्मविश्वास दर्शाया उससे एहसास हुआ कि महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम किसी न किसी स्तर पर अपना प्रभाव छोड़ रहा है।

## मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण को युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल ने देखा

फर्रुखाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में मिशन शक्ति 5 का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 82 युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल सम्मिलित हुए साथ में पीआरडी जवान पुलिस जवान खिलाड़ी भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।जिसमें मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी जीतू क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह अनुराग शुभम सिंह उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 233 मरीजों का हुआ उपचार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 233 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक विवेक खरे के देख रेख मे 56 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 41मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 51मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में 46 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 39मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया नया।

इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, डुमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 233 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

# खाना बनाते समय बिसारती बाना की दुकान में गैस सिलेंडर से लगी आग



### लाखों रुपए का सामान जल कर राख, ग्रामीणों की मदद से बुझी आग

### सात लोग झुलसे, एक ट्रामा सेण्टर रेफर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गाँव में रविवार की सुबह बिसारती बाना की दुकान के पीछे गैस सिलेंडर पर भोजन बनाते समय पाइप लीकेज होने से दुकान में आग लग गई। हल्ला गुल्ला सुन मौके पर पहुचे ग्रामीणों ने बाल्टी डब्बा से सामने से नहर के नाली के पानी से आग बुझाई लेकिन तब तक सारा सामान जल कर नष्ट हो गया। गृहणी सहित सात लोग झुलस गये ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ एक महिला को चिकित्सक ने हालत गंभीर देखकर रेफर कर दिया। अन्य का उपचार चल रहा है। हलिया थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में राजेश मौर्य की बिसारती बाना की दुकान है घर के पीछे कमरे मे गैस सिलेंडर पर गृहणी अनीता खाना बना रही थी कि इसी दौरान पाइप लीकेज हो गया आग दुकान में फैल गई। दुकान में रखा सारा सामान जल गया।राजेश के पिता मन्नालाल मौर्य ने थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि खाना बनाते समय सेलेंडर का पाइप लीकेज होने से घर में रखा दुकान में लगभग 7 लाख रुपए का सामान जूता, चप्पल ,चूड़ी, कपड़ा, साबुन, तेल आदि जलकर नष्ट हो गया।आग बुझाने में राजेश (35) अनीता(30) आंचल (15) अंशिका (8) आरती (6) आंशी (4) तथा सूराजा देबी (60) आग की लपट से झुलस गई।गृहणी अनीता लगभग 40 प्रतिशत आग की लपेट में झुलस गईं। ग्रामीणों के मदद से आनद फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य ले गये जहां चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया है। अन्य का उपचार चल रहा है।

इस संबंध में चिकित्सक रविराज ने बताया कि आग से 40 प्रतिशत झुलसी महिला अनीता का प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर किया गया है वहीं अन्य का उपचार किया गया है। हालत सामान्य बताई है। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व ग्राम प्रधान राजेश मौर्य ने आगजनी की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी है।

# रेल यात्रा को सफल और सुखद बनाने में करें सहयोग



**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने रेल कर्मचारियों, रेल उपयोगकर्ताओं तथा उनके परिवारजनों को दीपावली त्यौहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। महाप्रबन्धक बोरवणकर ने सम्मानित रेल उपयोगकर्ताओं/ यात्रियों से निवेदन किया है कि भारतीय रेल आपकी संपत्ति है आप लोग इसका जिम्मेदारी से उपयोग करें कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की सुरक्षा में बाधा पहुंचे। उन्होंने ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करने तथा रेलवे प्रशासन द्वारा समय-समय पर दी जा रही दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपनी रेल यात्रा को सुखद और सफल बनायें। महाप्रबंधक ने यात्रियों से निवेदन किया की ट्रेनों की छतों एवं पावदान पर लटक कर यात्रा न करें। चलती ट्रेन में चढ़ने एवं उतरने का प्रयास न करें तथा एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिये फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) का उपयोग करें। स्टेशन एवं गाड़ियों में स्वच्छता बनाये रखने में रेलवे प्रशासन को सहयोग करें। यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा मिल सके तथा यात्रा मंगलमय हो सके, इसके लिये रेलवे प्रशासन इन त्यौहारों के अवसर पर प्रमुख नगरों के लिये रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनों का संचलन कर रहा हैं। इन गाड़ियों में बर्थ आरक्षित कराकर अपनी यात्रा को सुगम बनावे।

# सीईआईआर पोर्टल के मदद से तीन एंड्राइड फोन बरामद



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** सीईआईआर पोर्टल पर तीन अलग अलग गाँवो से प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्र थाना स्थानीय स्तर पर गुमशुदगी दर्ज कर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से थाना स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उपरोक्त गुम तीन मोबाइल फोन को बरामद कर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव थाना हलिया द्वारा सुबाव गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह मौर्य व हलिया बाजार निवासी उत्सव अग्रहरी उपरोक्त व्यक्तियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल मिलते ही मोबाइल स्वामी के चेहरे खिल उठे। मोबाइल स्वामी ने हलिया थानाध्यक्ष व साइबर टीम की भूरि भूरि प्रशंसा किया है। मोबाइल फोन बरामदगी करने वाले टीम में एसआई अच्छेलाल यादव,कांस्टेबल आनंद कुमार पटेल रहे।

# पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया

**सीतापुर।** महमूदाबाद, दीपावली की पूर्व संध्या पर नगर के सीता बाल विद्या मंदिर जूनियर वर्ग में बच्चों द्वारा क्ले मिट्टी से लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति बनाओ प्रतियोगिता के साथ पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिसर में राम दरबार सजाकर बच्चों द्वारा भक्तिपूर्ण गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। राम-दरबार में भगवान राम के साथ लक्ष्मण, मां सीता, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान जी के आकर्षक स्वरूपों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। क्ले मिट्टी से विद्यार्थियों द्वारा भगवान गणेश व लक्ष्मी माता की मूर्तियां बनाई गईं। मूर्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन की इंग्लिश मीडिएम शाखा आशुतोष बृज मोहनलाल में बच्चों ने मानव श्रृंखला द्वारा शुभ दीपावली का संदेश दिया। तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 08 शिकायतों में से 03 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 30 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 15 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील महोली में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 38 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील सिधौली में प्राप्त 26 प्रार्थना-पत्रों में से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# नैमिषारण्य स्थित चक्रतीर्थ पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया



**सीतापुर।** नैमिषारण्य स्थित चक्रतीर्थ पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सांसद मिश्रिख अशोक रावत, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसी प्रकार माँ ललिता देवी मंदिर, दधीचि कुण्ड, राजघाट एवं चक्रतीर्थ पर दीपोत्सव आयोजित हुआ। इस अवसर पर लगभग 01 लाख 25 हजार दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मनमोहक आकृतियों ने शुभ-लाभ, शुभ-दीपावली आदि संदेश दीपों के माध्यम से बनाये गये, जिन्होंने सभी का मनमोह लिया। आकर्षक रंगोलियों एवं पुष्प मालाओं से सम्पूर्ण चक्रतीर्थ सजाया गया। इस मनमोहक दृश्य ने अनायास ही सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। उपस्थित धर्मगुरुओं, श्रद्धालुओं एवं आम-जनमानस ने मुक्तकंठ से आयोजन की प्रशंसा की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवर अभियंता ने चोरी का दर्ज कराया मुकदमा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** जल जीवन मिशन के कार्यदाई संस्था एनसीसी के अवर अभियंता रितेश कुमार ने थाने मे तहरीर देकर पानी टंकी से इन्वर्टर व बैट्री चोरी होने पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने मे जुट गई है। तहरीर मे बताया है की जल जीवन मिशन द्वारा बनाई गई पानी टंकी ग्राम बरी पहड़ी पर स्केड़ा रूम मे इन्वर्टर बैट्री चोरी होने के संबंध मे प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन द्वारा गांव गांवे स्वच्छ पेयजल हेतु पानी टंकी का निर्माण कराया गया है तथा संचालित कराने हेतु स्काडा रूम बनाकर इन्वर्टर बैट्री एवं पैनल रखे गए थे। बीते 5 अक्टूबर को रात्रि मे ग्राम बरी पहड़ी पर जो पानी टंकी बनी है वहाँ पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा दरवाजे का ताला व मास्टर लाक तोड़कर दो बैट्री, इन्वर्टर तथा केबल चोरी कर लिए है। सुबह अपरेटर पानी सप्लाई हेतु गया तो देखा की दरवाजा का ताला टुटा है तथा बैट्री व इन्वर्टर नहीं है। इधर उधर खोजता रहा नहीं मिला जिस पर पुलिस ने अज्ञात ने विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने मे जुट गई है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की जेजेएम के जेई की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल किया जा रहा है।

# भगवान धन्वंतरि आरोग्य के देवता हैं : अरविन्द सिंह मधुप



**बिसवां सीतापुर।** आरोग्य भारती बिसवां जिलाअध्यक्ष डॉ वी के सिंह द्वारा भगवान धन्वंतरि जयंती कार्यक्रम गोपाल नगर में प्रभाकर क्लिनिक पर आयोजित किया गया। महामंत्री अरविन्द सिंह मधुप द्वारा भगवान धन्वंतरि स्तवन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैद्य शिवानंद दीक्षित ने की।इस अवसर पर धर्मेन्द्र त्रिपाठी धवल,आर के त्रिवेदी एडवोकेट, घनश्याम शर्मा,अरविंद त्रिपाठी, अरविन्द शर्मा, इंद्रभान सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित थे।बिसवां जिला महामंत्री अरविन्द सिंह मधुप ने आरोग्य भारती के वार्षिक कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भगवान धन्वंतरि आरोग्य के देवता हैं। हमें स्वस्थ रहने के लिए अपनी जीवन शैली में बदलाव करते हुए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना होगा।शान्तिपाठ के उपरान्त प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# आर.वी.एम. लाइब्रेरी का भाजपा नेता ने किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन मोहल्ला कबीराबाद में आर.वी.एम. लाइब्रेरी का रविवार को मुख्य अतिथि भाजपा नेता छोटू प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा के लोकप्रिय समाजसेवी एवं प्रांतीय परिषद सदस्य भाजपा उत्तर प्रदेश छोटू प्रसाद ने शुभारंभ करते हुए बताया की अब यहां के आसपास के बच्चों को कहीं दूर न जाकर मोहल्ले में ही लाइब्रेरी के माध्यम से बेहतरीन शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। जबकि सरकार द्वारा बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए कई प्रकार की योजनाएं संचालित कर उनको लाभ देने का काम कर रही है। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामशरण चौहान, पूर्व सेक्रेटरी रामदास राम, लाइब्रेरी के संचालक विजय कुमार, सहित नागरिक, समाजसेवी और क्षेत्र के युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए फ्री वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे आधुनिक तकनीक से जुड़कर अपनी शिक्षा को नई दिशा दे सकें। लाइब्रेरी का उद्देश्य केवल किताबें उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि छात्रों में ज्ञान, अनुशासन और आत्मविश्वास की ज्योति प्रज्वलित करना है। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही वह दीप है, जो अंधकार को ज्ञान में और संघर्ष को सफलता में बदल देता है।

# प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभाएं निखारने का काम करती हैं : उमेश वर्मा



**सीतापुर महमूदाबाद।** प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभाएं निखारने के साथ उनका मनोबल बढ़ाने का काम करती हैं। जो बच्चे प्रतियोगिताओं में शामिल होते हैं, उनका विकास तीव्र गति से होता है। इसलिए उनमें भाग लेना जरूरी है। महमूदाबाद विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में रंगोली प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रतियोगिता में स्थान नहीं ला सके हैं उन्हें पुनः प्रयास करने की सीख लेनी चाहिए। प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा, दीप्ति वर्मा, उषा वर्मा और गौरी की देखरेख में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में मारिया, अनन्या, आराध्या, रोशनी, आसमा के ग्रुप को प्रथम,सुंदुस फिरदौस, अफीफा शेख, आयशा, अंशिका, फलक के ग्रुप को द्वितीय, शमीमुद्दीन, अबू हमजा, रंजीत, अंशुल, हस्सान के ग्रुप को तृतीय, अंशिका देवी, उम्मे फलक, नायमा, जोया और जिकरा के ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार मिला। शिक्षक पवन कुमार, शिवेंद्र प्रताप, प्रधान प्रेमचन्द्र वर्मा ने बच्चों को बधाई दी।

# स्वयं प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ना है : डॉ. देव मणि तिवारी



**सीतापुर।** कांग्रेस स्नातक क्षेत्र प्रत्याशी डा0 देव मणि तिवारी ने कांग्रेस संगठन पदाधिकारियों की बैठक जिला अध्यक्ष डा0 ममता वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में वोटर लिस्ट में हो रहे नाम बढ़ोतरी को लेकर चर्चा की गई तथा उपस्थित सभी संगठन पदाधिकारियों को मतदाता सूची पर विशेष रूप से ध्यान देकर अपने स्नातक साथियों के नाम बढ़ाने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई! बैठक को संबोधित करते हुए डॉक्टर देव मणि तिवारी ने कहा कि आप सभी द्वारा मिल रहे इस सहयोग का मैं आयु पर्यंत आभारी रहूंगा। चूंकि मेरा गृह क्षेत्र अमेठी सीतापुर से दूर होने के कारण यहां आप सभी को स्वयं प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ना है! जिला अध्यक्ष ममता वर्मा ने कहा कि हम सभी का दायित्व है पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी को विजई बनाकर हम सभी कांग्रेस के सपनों को साकार करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें! बैठक में उपस्थित पदाधिकारी शिव प्रकाश सिंह राजेश सिंह तोमर शिशिर बाजपेई अल्पना सिंह अनिल कुमार नंद प्रदीप सिंह चौहान कमल रावत बिंदेश्वरी यादव पंकज कुमार विनीत दीक्षित रिजवान अहमद मोहम्मद सलीम नीलम बहेलिया जितेंद्र शुक्ला आदि लोग उपस्थित थे!

# चेकिंग अभियान के दौरान ट्रेन के जनरल कोच से 94 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान ट्रेन कृषक एक्सप्रेस (15008) के जनरल कोच डी-3 में एक व्यक्ति से 94 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गोविन्द प्रसाद (उम्र 58 वर्ष, निवासी सलेमपुर, जनपद देवरिया) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी अवैध पटाखों को सलेमपुर से दुल्लहपुर बेचने के लिए ले जा रहा था। बरामद पटाखे 4 गत्तों व एक प्लास्टिक बोरी में विभिन्न कंपनियों के थे। अभियुक्त के खिलाफ धारा 5/9 (B) विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं धारा 288 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

# जुआ खेलते 6 गिरफ्तार,नगद व ताश बरामद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**थाना प्रभारी मानिकपुर दीप नारायण के नेतृत्व मे एसआई संतोष यादव मय हमराह सिपाही भीमराव, रामदेव गौतम,दर्वेश कुमार,प्रीती द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मिरगढ़वा के पास दबिश देकर 6 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए मौके से हिरासत में लिया,साथ ही 2450 रुपये नकद व 52 ताश पत्ता बरामद किए।गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम बनाम 6 नामजद अभियुक्तों सचिन पुत्र ताराचन्द्र निवासी मिरगढ़वा,रामू पुत्र हरिलाल निवासी मिरगढ़वा, पिन्टू पुत्र स्व रामचन्द्र, निवासी मिरगढ़वा, अली पुत्र बबलू निवासी मिरगढ़वा,राजीव पुत्र संजय निवासी इनायतगंज, मिरगढ़वा,निखिल पुत्र राजकुमार निवासी ब्लॉक के सामने सलवन,थाना सलवन जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर हवाले जेल कर दिया गया है।

## वैश्विक पटल पर देश की चमक को लेकर की मंगलकामना

**लालगंज प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने दीपावली के पर्व को असत्य पर सत्य की विजय का प्रेरणा पर्व कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा है कि दीपावली के पर्व पर हर देशवासी का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र एवं समाज की एकजुटता के संकल्प को मजबूती प्रदान करे। उन्होने कहा कि देश सामूहिक संकल्प शक्ति की ताकत पर वैश्विक पटल पर नेतृत्व के प्रकाश की चमक से सदैव आभामंडित होता रहेगा।

# भव्य कलश यात्रा में शंख ध्वनि की गूंज के साथ हुई पुष्प वर्षा

**स्वतंत्र भारत लालगंज प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में श्रीमद्भागवत कथा को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। विद्या मंदिर मार्ग होते हुए कलश यात्रा श्री हनुमत निकेतन मंदिर पहुंची। शंख ध्वनि तथा ढोल व मंजीरे से नाचते गाते श्री राधे भक्तों ने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर कथा के लिए शुभाशीष मांगा। इसके बाद कलश यात्रा कोतवाली के समीप परमानंद आश्रम स्थित हरिहर मंदिरम पहुंची। यहां से कलश यात्रा तहसील गेट होते राजेन्द्र नगर से जंगली बीर बाबा धाम पहुंची। कथा व्यास प्रयागराज से पधारे श्री राघव रामानुजदास सुधाकर जी महराज के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन अर्चन के बाद कलश यात्रा कथा स्थली पहुंची। श्री राधे कृष्ण नाम जाप के सुमधुर संकीर्तन के साथ महिलाएं सिर पर कलश धारण कर द्वारिकाधीश का जयघोष भी करती दिखी। कलश यात्रा नगर के बाजार एवं छोटी नहर मार्ग से गुजरी तो व्यापारियों व आम लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया।

कथा के संयोजक आचार्य राम अवधेश मिश्र एवं समाजसेविका श्रीमती लल्ला मिश्रा व चुक्कन प्रसाद मिश्र ने कथा व्यास राघव रामानुजदास जी का मंगलाभिषेक किया। कथा के पहले दिन विद्या मंदिर प्रांगण में पांडाल में श्रद्धालुओं की भी? जुटी दिखी। व्यासपीठ से श्री राघव रामानुजदास जी ने कहा कि भगवान के प्रति निष्ठा का कोई मोल नही हुआ करता। उन्होने कहा कि भगवान को स्वीकार करने के लिए मन का पवित्र होना आवश्यक है। उन्होने कहा कि श्रीमद् भागवतगीता में भगवान श्रीकृष्ण के दिए गए उद्देश्य जीवन के लिए सदैव मंगलकारक हैं। सहसंयोजक रजनीश मिश्र ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख पूर्णांशू ओझा, रामनारायण मिश्र, रामानुज मिश्र, रामप्रताप मिश्र ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, प्रेम नारायण तिवारी, केशवराम ओझा, आचार्य प्रदोष नारायण सिंह, रामशिरोमणि मिश्र, गौरीशंकर तिवारी, उमेश पाल मिश्र, प्रमोद कुमार पांडेय, हर्षद शुक्ल, बृजबिहारी मिश्र आदि रहे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# दीपावली
## की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**डा. रामबदन राम**
मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद
पटाखा चलाने में बरतें सावधानी
खुशियों से मनाएं त्यौहार

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**असरार अहमद खान**
जिला प्रभारी पंचायती राज
ग्राम प्रधान संगठन हमीरपुरा

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**हाजी तौसीफ खान**
नगर महासचिव -216. छावनी विधानसभा
महानगर कांग्रेस कमेटी कानपुर।

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**शहजाद अली**
प्रधान-माचा खंड मौदहा

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**मोहम्मद सादिक**
मंडल अध्यक्ष- वार्ड 73. जाजमऊ दक्षिण
महानगर कांग्रेस कमेटी कानपुर




समस्त जनपदवासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएँ
**जय कुमार जैकी**
पूर्व मंत्री/विधायक
बिंदकी, फतेहपुर
**आदित्य तिवारी**
जिला उपाध्यक्ष
अपना दल (एस.) चिकित्सा मंच, फतेहपुर
(बेहतर चिकित्सा/स्वास्थ्य/शिक्षा व्यवस्था के प्रति सतत् प्रयत्नशील)

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**सुशीला निषाद**
ब्लाक प्रमुख मौदहा
**लालाराम निषाद**
प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख मौदहा

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**विष्णु शंकर**
अपर जिला कृषि अधिकारी
फिरोजाबाद

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**इंजीनियर राघवेंद्र सिंह**
स्थानीय प्रभारी दुग्ध शाला विभाग फिरोजाबाद

Happy Dipavali
**H.S. MEMORIAL SCHOOL**
BADAHAAR GARHI-FATEHPUR U.P.
(Admission Open)
Class - Nursery- 8th English Medium
Mo.7987140617, 8840291580
Principal Sharddha Singh
M.D. Abhishek Singh
Other Institutions- Harsh Pratap Singh Inter/Degree Collage

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**रामदास निषाद**
ग्राम प्रधान- अभयपुर, वि.खं. मलवा
मो. 7393 98 2181
ग्राम पंचायत के चौमुखी विकास को सतत् प्रयत्नशील

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**सागर कृषि यंत्र उद्योग**
जी.टी. रोड- चौड़गरा, फतेहपुर
प्रो.- बृजेश कुमार गुप्ता
मो.नं.- 9415494173
(गुणवत्तापूर्ण उत्पाद की गारण्टी)

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
जगमग जगमग दीप जलें,
मंगलमय सबकी दीवाली हो।
प्रोफेसर
**सीमा परोहा**
निदेशक राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**अनिल कुमार**
कनिष्ठ सहायक उद्यान विभाग फिरोजाबाद

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**राम शंकर साहू**
ग्राम प्रधान- बीकमपुर, वि.खं.- मलवा
मो.नं.- 8400846612
ग्राम पंचायत के चौमुखी विकास को सतत् प्रयत्नशील

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**ओम नारायण कश्यप**
ग्राम प्रधान
आशापुर, वि.खं. मलवा
मो.नं.- 9120 433518
ग्राम पंचायत के चौमुखी विकास को सतत् प्रयत्नशील

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**प्रेम सिंह वर्मा**
Adgc क्राइम जनपद न्यायालय फिरोजाबाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष जन आरक्षण मोर्चा

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**प्रसून कुमार**
कनिष्ठ सहायक होमगार्ड फिरोजाबाद

दीपोत्सव के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं
**वंदना यादव**
ग्राम प्रधान -शिवराजपुर, वि.खं.- मलवा
**सूरजपाल यादव**
प्रधान प्रतिनिधि मो.नं.- 9450727474
ग्राम पंचायत के चौमुखी विकास को सतत् प्रयत्नशील

